WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

बिलासपुर, मंगलवार, 15 जुलाई 2025 कृष्ण पक्ष- पंचमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 94 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

भाषा के नाम पर तमिलनाडु से लेकर महाराष्ट्र तक गजब तमाशा चल रहा है। वहां की भाषा न बोलने वाले गरीब रिक्शा चालकों और छोटे व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। उनकी पिटाई तक की जा रही है। जबकि बड़े और रसूखदारों के खिलाफ हिन्दी भाषा विरोधी गैंग के लोग चूं भी नहीं करते। प्रियंका चतुर्वेदी महाराष्ट्र से शिवसेना यूबीटी की सांसद हैं। उन्हें मराठी नहीं आती। ओवैसी तेलंगाना से सांसद हैं लेकिन उन्हें तेलगू नहीं आती। प्रियंका गांधी केरल से सांसद हैं लेकिन उन्हें मलयालम नहीं आती। किन्तु कुछ बोलने की किसी की मजाल नहीं है।

बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट, चार घायल

बीजापुर/नवप्रदेश। नक्सलियों की नापाक करतूत एक बार फिर सामने आई है। मद्देड़ इलाके में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की जद में आने से चार ग्रामीण घायल हो गए है। उन्हें इलाज के लिए बीजापुर लाया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मद्देड़ थाना क्षेत्र के ग्राम धनगोल व बंदेपारा के जंगलों में नक्सलियों द्वारा लगाये गए आईईडी की जद में आकर चार ग्रामीण घायल हो गए है। घायलों को बीजापुर लाया गया है।

प्रशासन की जनता से अपील- प्रशासन ने जनता से अपील की है कि जंगल क्षेत्रों में भ्रमण करते समय विशेष सतर्कता बरतें और किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस थाना या निकटतम सुरक्षा कैम्प को दें।

दिल्ली के तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

नयी दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली के तीन स्कूलों को सोमवार को बम से उड़ाने के धमकी मिली, हालांकि पुलिस जाँच में किसी भी तरह की संदिग्ध सामग्री नहीं मिली है। एक पुलिस अधिकारी ने आज यहां बताया कि पुलिस को प्रशांत विहार और द्वारका सेक्टर-16 स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) स्कूलों और चाणक्यपुरी स्थित एक स्कूल से बम की धमकी के बारे में सूचना मिली। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, श्वान दस्ते और बम निरोधक दस्ते स्कूल पहुंचे और गहनता से जांच की। उन्होंने कहा कि फिलहाल कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि पुलिस आगे की जांच कर रही है और जिस ईमेल से धमकी मिली है उसके स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

असीम घोष हरियाणा तथा गजपति राजू गोवा के राज्यपाल

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रो. असीम कुमार घोष को हरियाणा और पी अशोक गजपति राजू को गोवा का राज्यपाल तथा कविन्द्र गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति सचिवालय ने सोमवार को यहां बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उप राज्यपाल पद से ब्रिगेडियर बी। डी। मिश्रा (सेवानिवृत्त) का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और उनके स्थान पर श्री कविन्द्र गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल बनाया गया है। इसके अलावा राष्ट्रपति ने प्रो।

मशहूर अभिनेत्री सरोजा देवी का 87 वर्ष की उम्र में निधन

बेंगलुरु (वार्ता)। मशहूर अभिनेत्री बी सरोजा देवी का सोमवार को बेंगलुरु में उनके आवास पर निधन हो गया। वह 87 वर्ष की थीं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वह उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रही थीं और उन्होंने अपने परिवार के बीच अपने आवास पर अंतिम सांस ली। सरोजा देवी का जन्म सात जनवरी, 1938 को हुआ था और अपने छह दशकों से अधिक फिल्मी करियर में उन्होंने कन्नड़, तमिल, तेलुगु, हिंदी और सिंहली में लगभग 200 फिल्मों में अभिनय किया। उन्हें प्यार से 'अभिनय सरस्वती' (अभिनय की देवी) कहा जाता था और उन्होंने अपने अभिनय और बहुमुखी प्रतिभा से दर्शकों का दिल जीता। उन्होंने कन्नड़ फिल्म 'महाकवि कालिदास' से अभिनय की शुरुआत की जिसके बाद उन्होंने कित्तूर चेन्नम्मा, अन्ना थम्मा, भक्त कनकदास, बाले बंगारा, नागकन्निके, बेट्टादा हूवु और कस्तूरी निवास जैसी फिल्मों में यादगार अभिनय से अपनी एक अमिट छाप छोड़ी।

गरमा - गरम

थोक महंगाई दर में कमी से देश में विकास और मांग को मिलेगा बूस्ट : इंडस्ट्री

नई दिल्ली (आईएएनएस)। उद्योग विशेषज्ञों ने सोमवार को कहा कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) मुद्रास्फीति में लगातार सातवें महीने गिरावट भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है। इससे कंपनियों की परिचालन लागत कम होगी, घरेलू मांग बढ़ेगी और आर्थिक विकास को समर्थन मिलेगा। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के अध्यक्ष हेमंत जैन ने कहा कि दिसंबर 2024 से थोक मुद्रास्फीति में लगातार नरमी उत्साहजनक है और यह व्यापक आर्थिक स्थितियों में सुधार को दर्शाती है।

उन्होंने बताया कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) मुद्रास्फीति दिसंबर 2024 के 2।57 प्रतिशत से घटकर जून 2025 में (-)0।13 प्रतिशत हो गई है, जिससे सभी क्षेत्रों में कारोबारी धारणा मजबूत हुई है। जैन ने कहा, कीमतों में यह नरमी व्यवसायों को लागत का बेहतर प्रबंधन करने में मदद करेगी और उपभोग-आधारित विकास को बढ़ावा दे सकती है। उन्होंने आगे कहा कि बढ़ती घरेलू मांग, सामान्य मानसून की उम्मीद और मजबूत आर्थिक गतिविधियों को देखते हुए आउटलुक सकारात्मक बना हुआ है। जैन ने कहा, हमारा अनुमान है कि मौजूदा भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद आने वाले महीनों में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) मुद्रास्फीति मध्यम बनी रहेगी। थोक महंगाई दर जून में गिरकर (-)0।13 प्रतिशत हो गई है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र का पहला दिन

खाद-बीज, बिजली और आरआई भर्ती परीक्षा गड़बड़ी पर सदन में हंगामा, विपक्ष का वॉकआउट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 14 जुलाई से शुरू हो गया। पहले दिन प्रश्नकाल के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर हंगामा हुआ। प्रश्नकाल के दौरान विभागीय परीक्षा में अनियमितता के मुद्दे पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा घिर गए। कांग्रेस विधायकों ने भर्ती परीक्षा में हुई अनियमितता के मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग कर दी। शून्यकाल के दौरान नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राज्य में खाद-बीज संकट का मुद्दा उठाते हुए सरकार को घेरा। कांग्रेस विधायकों ने जमकर नारेबाजी की।

प्रश्नकाल के दौरान विधायक राजेश मूणत ने राजस्व निरीक्षक की विभागीय परीक्षा में अनियमितता का मुद्दा उठाया। मूणत ने सवाल किया कि विभागीय जांच में कई अधिकारियों को दोषी माना गया है। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं की गई। कार्रवाई किये बिना विस्तृत जांच का जिम्मा ईओडब्लू को सौंप दिया गया। मूणत के साथ ही विपक्ष ने इस मामले में दोषियों को बचाने का आरोप लगाया। राजस्व मंत्री टंक राम ने कहा कि दोषियों को सजा दिलाने के लिए जांच का जिम्मा ईओडब्लू को दिया गया है। उच्च स्तरीय जांच के लिए ईओडब्लू से 40 बिंदुओं पर जांच कराई जा रही है। आगामी विधानसभा सत्र से पहले इस मामले में कार्रवाई ◻ शेष पृष्ठ 6 पर

- भूपेश बोले- 1300 का डीएपी 2100 में मिल रहा
- विधानसभा में पटावरी पदोन्नति में भ्रष्टाचार का मामला गूंजा
- सत्तारूढ दल के विधायक राजस्व मंत्री मुणत ने सरकार को घेरा
- विभागीय जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी: राजस्व मंत्री
- शेखरदत्त और सुरेन्द्र बहादूर सिंह को श्रद्धासुमन आर्पित

गांधी प्रतिमा के सामने कांग्रेस विधायकों का प्रदर्शन

इसके बाद कांग्रेस के विधायकों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। कांग्रेस विधायकों ने गांधी प्रतिमा के सामने धरना देकर नारेबाजी और प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान विपक्षी विधायकों ने सरकार के खिलाफ किसान विरोधी के नारे लगाए। किसानों के मुद्दे पर चर्चा से भागने के आरोप भी लगाए गए।

महेंद्र कर्मा विवि भर्ती में भी मनमानी के आरोप

प्रश्नकाल में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के सेटअप अनुसार पदों पर भर्ती के संबंध में जानकारी मांगी। उन्होंने सवाल किया कि भर्ती के लिये कितने पदों की स्वीकृति दी गई। भर्ती के लिए क्या आरक्षण रोस्टर का पालन किया गया? भर्ती के सम्बन्ध में शिकायत पर क्या कार्यवाही हुई है। जवाब में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि विश्वविद्यालय में प्राध्यापक के 10, सह प्राध्यापक के 19, सहायक प्राध्यापक के 30 पदों की भर्ती के लिए 5 अक्टूबर 2023 को विज्ञापन जारी किया गया। 10 में से 8 विभागों में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अजय चंद्राकर ने कहा कि इस भर्ती में मनमानी की गई है। अजय ने कहा कि 40 साल से अधिक आयु के व्यक्ति की भर्ती ◻ शेष पृष्ठ 6 पर

शुभांशु की आईएसएस से वापसी का काउंटडाउन शुरू

- सावन के पहले सोमवार को परिवार ने की विशेष शिव पूजा

लखनऊ (आईएएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के परिवार में चंद्रयान मिशन की सफलता को लेकर उत्साह और खुशी का माहौल है। शुभांशु 15 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से भारत लौटेंगे। उनके पिता शंभु दयाल शुक्ला, मां आशा शुक्ला और बहन शुचि मिश्रा ने इस उपलब्धि पर सावन के पहले सोमवार को भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर शुभांशु की सकुशल वापसी की प्रार्थना की।

शंभु दयाल शुक्ला (शुभांशु शुक्ला के पिता) ने आईएएनएस के साथ खास बातचीत में कहा, आज सावन का पहला सोमवार था। हमने मंदिर में जाकर भगवान शिव का अभिषेक किया और घर पर भी पूजा की। भोलेनाथ की कृपा से यह मिशन सफल हुआ। हमें पूरा विश्वास है कि उनकी कृपा से शुभांशु सकुशल लौटेंगे।

उनके पिता ने बताया कि शुभांशु ने मिशन में दिए गए सभी लक्ष्यों को पूरा किया है। उन्होंने गर्व से कहा, सारे जहां से अच्छा हमारा हिंदुस्तान अब और बेहतर हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी के सहयोग के बिना यह संभव नहीं था। मैं उन्हें कोटि-कोटि धन्यवाद देता हूं।

शुभांशु की मां आशा शुक्ला ने खुशी जताते हुए कहा, घर में उत्साह का माहौल है। शुभांशु की वापसी की खबर से हम बहुत खुश हैं। मैंने भगवान से उनकी सकुशल वापसी की प्रार्थना की है। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, हिंदुस्तान पहले से ही ◻ शेष पृष्ठ 6 पर

बिहार में वज्रपात से नौ की मौत आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

पटना (आईएएनएस)। बिहार में पिछले 24 घंटों के दौरान वज्रपात से नौ लोगों की मौत हो गई। मौसम में हुए अचानक बदलाव के कारण पटना, गया, वैशाली और बांका सहित कई जिलों में गरज के साथ बारिश हुई। इस दौरान कई लोगों के घायल होने की भी खबर है। मृतकों की उम्र 12 से 65 वर्ष के बीच है।

वज्रपात से सबसे ज्यादा प्रभावित जिला बांका रहा, जहां चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में कोहकारा की 12 वर्षीय करीना कुमारी, अमरपुर के अनिल यादव, फुलदीदुमार की सुलेक्षा देवी और बेलहर के पशुपालक विजय यादव शामिल हैं।

गया जिले में सूर्यमंडल चेकपोस्ट के पास तीन बाइक सवार पर बिजली गिरी। इस हादसे में अंकित कुमार और विकेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वकील मांझी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके अलावा, गया के मोहदा ब्लॉक में पशु चराने के दौरान रूपलाल यादव की बिजली गिरने से मौत हो गई। ◻ शेष पृष्ठ 6 पर

आंध्र प्रदेश में लॉरी पलटने से नौ लोगों की मौत

अन्नामय्या (वार्ता)। आंध्र प्रदेश के अन्नामैया जिले के पुल्लमपेट मंडल में आम से लदी एक लॉरी के पलटने से खेतों में काम करने वाले नौ मजदूरों मौत होने पर राज्यपाल एस अब्दुल नज़ीर और मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शोक व्यक्त किया। पुलिस ने बताया कि पीडित तिरुपति जिले के चेट्टीगुंटा कॉलोनी के 21 खेतिहर मजदूर रविवार को आम तोडने के लिए राजमपेट मंडल के इसुकापल्ली गांव गए थे और उसी ट्रक में आम लेकर रेलवे कोडुरु बाज़ार लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि लॉरी चालक का उस पर से नियंत्रण ◻ शेष पृष्ठ 6 पर

मनी लॉन्ड्रिंग केस

रॉबर्ट वाड्रा से ईडी दफ्तर में पूछताछ

नई दिल्ली (आईएएनएस)। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा सोमवार को नई दिल्ली में स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर पहुंचे। ईडी ने उनसे हथियार डीलर संजय भंडारी मामले में पूछताछ की। हथियार डीलर संजय भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने पूछताछ के लिए रॉबर्ट वाड्रा को समन भेजा था। इसके बाद वे सोमवार सुबह ईडी कार्यालय पहुंचे, जहां उनसे इस मामले में पूछताछ की गई। हालांकि, कुछ देर हुई पूछताछ के बाद रॉबर्ट वाड्रा ईडी दफ्तर से रवाना हो गए, लेकिन दोपहर के लंच के बाद वे फिर से ईडी दफ्तर पहुंचे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच लंदन की दो संपत्तियों से जुड़ी है, जो ब्रिटेन के हथियार डीलर संजय भंडारी के नाम हैं।

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से क्यों कहा ऐसा?

निमिषा को बचाने के लिए सरकार कुछ ज्यादा नहीं कर सकती

नई दिल्ली (आईएएनएस)। केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि यमन में केरल की नर्स निमिषा प्रिया को फांसी से बचाने के लिए सरकार ज्यादा कुछ नहीं कर सकती। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच के सामने कहा कि इस मामले में सरकार ज्यादा कुछ करने की स्थिति में नहीं है। जितनी कोशिश की जा सकती थी, सरकार ने उतनी की। यमन दुनिया के दूसरे देशों जैसा नहीं है। ब्लड मनी पूरी तरह से निजी समझौता है। अटॉर्नी जनरल ने आगे कहा, एक दायरे के तहत भारत सरकार जहां तक जा सकती है, हम वहां तक गए हैं। यमन दुनिया के किसी भी दूसरे हिस्से जैसा नहीं है। हम सार्वजनिक रूप से बात करके स्थिति को और जटिल नहीं बनाना चाहते। हम निजी स्तर पर कोशिश कर रहे हैं। कुछ शेख और वहां के प्रभावशाली लोगों के जरिए ये सब किया जा रहा है।

अटॉर्नी जनरल (एजी) ने कहा कि केंद्र सरकार स्थिति को जटिल नहीं करना चाहती और निमिषा प्रिया को फांसी से बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने यमनी अधिकारियों से फांसी की सजा को टालने का अनुरोध किया था, लेकिन कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला।

एजी वेंकटरमणी ने कहा हमें अनौपचारिक रूप से सूचना मिली थी कि फांसी को कुछ समय के लिए रोका जा सकता है, लेकिन यह काम करेगा या नहीं, यह पक्का नहीं है। जस्टिस नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच 'सेव निमिषा प्रिया एक्शन काउंसिल' की याचिका पर सुनवाई कर ◻ शेष पृष्ठ 6 पर

मुलाकात... पीसीसी चीफ, कांग्रेस विधायक-नेता हुए शामिल, जल, जंगल, जमीन समेत कई विषयों पर हुई चर्चा

राहुल गांधी के साथ आदिवासी नेताओं की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। आदिवासियों के हितों को लेकर नई दिल्ली में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आदिवासी समुदाय से जुड़े नेताओं और विधायकों के साथ विशेष बैठक की। जिसमें छत्तीसगढ़ के पीसीसी चीफ दीपक बैज, पूर्व राजयसभा सांसद फूलोदेवी नेताम समेत कई आदिवासी नेता शामिल हुए। बैठक में जल, जंगल, जमीन समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। वहीं विधायक जनकराम धुरव ने राहुल गांधी से सदन में आदिवासियों के लिए अलग धर्म कोड देने की मांग रखने की बात रखी। साथ ही बस्तर और सरगुजा में आदिवासी लीडरशिप मजबूत करने के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित करने के लिए कहा।

कांग्रेस के आदिवासी नेताओं और विधायकों की एक घंटे तक बैठक चली। इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, पूर्व मंत्री अनिला भेडिया, पूर्व राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, विधायक लखेश्वर बघेल, विधायक विद्यावती सिदार, विधायक

आदिवासियों का फंड दूसरे कामों में हो रहा इस्तेमाल

जनक धुरव ने कहा कि राज्य सरकार को आदिवासियों के विकास के लिए केंद्र की ओर से जो फण्ड मिलता है, उसे अन्य कामों में उपयोग किया जा रहा है। यह साफ आदिवासियों पर अन्याय है। उन्होंने राहुल गांधी से अनुरोध किया कि वे इस बात को संसद में मजबूती से रखें। बैठक में इसके साथ ही आदिवासी क्षेत्रों में बच्चों से शिक्षा का अधिकार छीनने के जैसे कई विषयों पर चर्चा हुई।

समाज में ऐसे लोग जरूरी, जो सरकार के खिलाफ अदालत जा सकें: गडकरी

नई दिल्ली/नवप्रदेश। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का कहना है कि समाज में कुछ ऐसे लोग भी होने चाहिए, जो सरकार के खिलाफ अर्जी दाखिल कर सकें। उन्होंने नागपुर में दिवंगत प्रकाश देशपांडे स्मृति कुशल संगठक पुरस्कार कार्यक्रम के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि लोक प्रशासन में अनुशासन बनाए रखने के लिए जरूरी है कि किसी भी गलती पर अदालत का रुख किया जाए। अदालत के माध्यम से प्रशासन में अनुशासन बनाए रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज में कुछ लोग ऐसे होने चाहिए, जो सरकार के खिलाफ अदालत में अर्जी दाखिल कर सकें।

उन्होंने कहा कि ऐसा करने से नेता अनुशासन में रहते हैं। नितिन गडकरी ने कहा कि कई बार सरकार में बैठे मंत्री भी वह काम नहीं कर पाते हैं, जो अदालत के आदेश पर हो जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि जनता को लुभाने की राजनीति नेताओं और मंत्रियों के आड़े आती है और वे जनहित में कदम नहीं उठा पाते। इस दौरान ◻ शेष पृष्ठ 6 पर

6143 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था जम्मू से रवाना...

जम्मू(वार्ता)। जम्मू -कश्मीर में वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा के 6143 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था सोमवार को 'बम बम भोले' के जयकारों के बीच भगवती नगर स्थित यात्री निवास से पवित्र गुफा के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्री 235 वाहनों के बेड़े में जम्मू आधार शिविर से रवाना हुए। उन्होंने बताया कि आज सुबह 6143 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार शिविर से कश्मीर स्थित श्री अमरनाथ यात्रा गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। हल्के और भारी वाहनों सहित 235 वाहनों के बेड़े में 3928 तीर्थयात्री पहलगाम और 2215 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो जुलाई को यहां से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए इस वर्ष 03 जुलाई से शुरू हुयी 38 दिवसीय यह वार्षिक यात्रा 09 अगस्त तक चलेगी। अब तक लगभग दो लाख श्रद्धालु पवित्र गुफा के दर्शन कर चुके हैं।

दिल्ली को मेडिकल हब बनाना सरकार का लक्ष्य : रेखा

नई दिल्ली(वार्ता)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि उनकी सरकार का लक्ष्य है कि दिल्ली, देश का ऐसा मेडिकल हब बने, जहां कोई भी मरीज़ निराश न लौटे और यहां देश-विदेश से भी लोग इलाज कराने आएं। गुप्ता ने सोमवार को यहां यथार्थ अस्पताल के उद्घाटन के बाद कहा कि यह अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत भी सेवाएं देगा जिससे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं निशुल्क मिल सकेंगी। उन्होंने कहा, दिल्ली सरकार सिर्फस्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार ही नहीं कर रही, बल्कि उसे सुलभ, पारदर्शी और जन-संवेदनशील भी बना रही है। हमारी सरकार सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग को बढ़ावा देकर राजधानी को एक मॉडल हेल्थकेयर सिस्टम की ओर ले जा रही है। हमारा लक्ष्य है कि दिल्लीवासियों को तो बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले, साथ ही देश की राजधानी को हम ऐसे मेडिकल हब में बदलें, जहां देश-विदेश से लोग इलाज कराने आएं और उन्हें दिल्ली के अस्पताल, डॉक्टरों और स्वास्थ्य प्रणाली पर पूर्ण विश्वास हो।

हेट स्पीच पर सुप्रीम कोर्ट का केंद्र और राज्यों को निर्देश

नफरत फैलाने वाले कंटेंट पर लगे लगाम

■ किसी की भी बोलने की आजादी को कुचला न जाए

नई दिल्ली/आईएएनएस। सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया पर फैल रहे हेट स्पीच (नफरती भाषणों) को लेकर चिंता जाहिर की है. कोर्ट ने कहा है कि इन दिनों 'अभिव्यक्ति की आजादी' के नाम पर सब कुछ जायज ठहराने की कोशिश कर रही है. ये बिल्कुल खतरनाक है।

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज फ़्रांसिस विस्वनाथन की बेंच के द्वारा ये टिप्पणी उस याचिका पर सुनवाई करते हुए आई जो कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली के खिलाफ वजाहत खान नाम के शख्स ने दायर की थी।

बेंच ने कहा कि नफरती भरे भाषणों के खिलाफकार्रवाई जरूरी है, लेकिन ये भी सुनिश्चित करने की जरूरत होगी कि किसी की भी बोलने की आजादी को कुचला न जाए. लोगों को भी अभिव्यक्ति की अधिकार का महत्व समझना चाहिए। यह अधिकार बेशकीमती है. बेंच ने कहा कि लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मूल्य समझना चाहिए. राज्य को हर बार बीच में आकर कार्रवाई करनी पड़े, ये स्थिति नहीं होनी चाहिए. हेट स्पीच जैसे कंटेंट पर कुछ नियंत्रण ज़रूरी है। आम नागरिकों को भी ऐसे कंटेंट को शेयर करने, प्रमोट या लाइक करने से बचना चाहिए।

कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि अब पोस्ट डिलीट करने का कोई मतलब नहीं है, एक बार जो इंटरनेट पर चीजें डल जाती हैं वो हमेशा के लिए रहती हैं. अभिव्यक्ति की आजादी बहुत ही अहम मौलिक अधिकार है. लेकिन इसका दुरुपयोग करने से बस अदालतों में भीड़ बढ़ती है.

वजाहत खान को कोर्ट से मिली राहत

वजाहत खान के वकील ने कोर्ट में पुराने ट्वीट्स के लिए माफी मांगी. वकील ने कहा कि मेरी शिकायत ही मेरे लिए मुश्किल बनते जा रही है. मैंने इसके लिए माफी मांग ली है। लेकिन मैं बस यही चाहता हूं कि कोर्ट देखे कि एफआईआर वाकई उन्हीं ट्वीट्स से जुड़ी है या नहीं.

कोर्ट ने कहा कि हर बार नया एफआईआर और जेल में डालने का क्या मतलब है? इससे कोई समाधान नहीं निलकलेगा।

पिछली सुनवाई में क्या हुआ?

24 जून को हुई पिछली सुनवाई में, सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस एजी विश्वनाथन और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने केंद्र सरकार और असम, दिल्ली, हरियाणा और पश्चिम बंगाल की राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया था. यह नोटिस वजाहत खान की याचिका पर दिया गया था, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर को एक साथ जोड़ने की मांग की गई।

वजाहत खान पर क्या आरोप हैं

वजाहत खान पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्ट किए जो कथित तौर पर धार्मिक घृणा और साम्प्रदायिक तनाव को बढ़ावा देते हैं। उनके खिलाफ कई राज्यों में ख्रढ्ढक्रदर्ज हुई हैं। 9 जून को वजाहत खान को गिरफ्तार किया गया था। एक एफआईआर में वे पुलिस हिरासत में हैं और दूसरी एफआईआर में न्यायिक हिरासत में।

मुरादाबाद की सड़कें हुईं शिवमय जलाभिषेक के लिए शिवालयों में उमड़े भक्त

मुरादाबाद। मुरादाबाद में सावन के पहले सोमवार को गंगाजल से जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह रहा। जलाभिषेक के लिए शिवालय सजाए गए थे। इसके साथ ही सुबह से ही सड़कें भोलेमय रहीं। जगह-जगह भगवा ध्वजों की अस्थायी दुकानें लगी हुई थी। इससे पहले रविवार दोपहर से ही गंगाजल लेकर श्रद्धालु लौटने लगे थे। हर-हर महादेव और बम-बम भोले की चारों तरफगूंज है।

इससे पहले दिनभर मंदिरों में साफसफाई और सजावट का दौर चला। श्रद्धालुओं के ठहरने की भी मंदिर परिसरों में व्यवस्था की गई थी। दोपहर से ही श्रद्धालु कांवड़ लेकर मंदिर की ओर बढ़ने लगे। देर रात कई श्रद्धालु कांवड़ लेकर मंदिर पहुंचे और भगवान शिव के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

झारखंडी महादेव मंदिर के महंत भोलेनाथ योगीराज ने बताया कि सोमवार सुबह तीन बजे मंदिर के कपाट खोले गए और सुबह छह बजे आरती की गई। शाम में भगवान शिव का चंपा व गुलाब के फूलों से श्रृंगार किया जाएगा।

श्री महाकालेश्वर धाम नया मुरादाबाद, मनोकामना श्री हनुमान मंदिर रेलवे कालोनी, प्राचीन शिव मंदिर झांझनपुर, ऋष्टामुक्तेश्वर मंदिर मझोला, श्री शिव हरि मंदिर रामगंगा विहार, माता मंदिर लाइनपार, राधा-कृष्ण मंदिर सिविल लाइंस आदि में सुबह से ही जलाभिषेक और शाम को आरती व भजन-कीर्तन होंगे।

मुरादाबाद के मंदिरों में जलाभिषेक के लिए लगी कतार

उन्होंने बताया कि मंदिर में टैंट लगाकर कावड़ियों के ठहरने की व्यवस्था कर दी गई है। चौरासी घंटा मंदिर के मुख्य पुजारी विष्णु दत्त शर्मा ने बताया कि सुबह चार बजे आरती के बाद जलाभिषेक शुरू हुआ। भगवान को स्नान कराने के बाद शाम छह बजे बेलपत्र, मोगरा, गुलाब और चंदन से भगवान शिव का श्रृंगार किया जाएगा। रात आठ बजे आरती की जाएगी।

चीन के नेताओं के साथ बातचीत 'सकारात्मक प्रगति' की उम्मीद : जयशंकर

बीजिंग/नई दिल्ली(वाता)। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने सोमवार को यहां बीजिंग में चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से मुलाकात की और विश्वास व्यक्त किया कि चीन के नेताओं के साथ उनकी बातचीत से दोनों देशों के बीच संबंधों में 'सकारात्मक प्रगति' होगी। डॉ. जयशंकर ने उपराष्ट्रपति हान के साथ बैठक के दौरान अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में कहा कि पिछले वर्ष अक्टूबर में कज़ान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद से भारत-चीन संबंधों में लगातार सुधार हो रहा है।

पुरी ने की जैव ईंधन के माध्यम से भारत में एक नई क्रांति लाने के लिए पीएम के प्रयासों की सराहना

नई दिल्ली(आईएएनएस)। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को जैव ईंधन के माध्यम से भारत में एक नई क्रांति लाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना की, जिसके परिणामस्वरूप नामीबिया ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस में शामिल हो गया है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने कहा कि जैव ईंधन एक ऐसी ऊर्जा है जो घरेलू और कृषि अपशिष्ट, अनाज या खराब अनाज से प्राप्त होती है और यह पर्यावरण-अनुकूल, स्वच्छ

ईंधन देश के विकास को गति देने का एक सशक्त माध्यम भी है। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ÷नामीबिया जीबीए में शामिल हो गया है। स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में भारत की पहल और ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस फैमिली का विस्तार, वसुधैव कुटुम्बकम के मंत्र पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता का एक और प्रमाण है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने इस बात पर जोर दिया कि जैव ईंधन के प्रति प्रधानमंत्री के प्रयास देश में व्यापक बदलाव ला रहे हैं और नागरिकों के जीवन में सुधार ला रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों ने भारत में 'जैव ईंधन के माध्यम से बदलाव की एक नई क्रांति' ला दी है। भारत की विकास यात्रा को गति देने वाला यह हरित ईंधन गाँवों से लेकर शहरों तक लोगों के जीवन को बदल रहा है और बेहतर बना रहा है।

यमुना में मृत मिली त्रिपुरा की लड़की

अगरतला। त्रिपुरा की 19 साल की लड़की का शव बीते दिन उसके लापता होने के लगभग एक हफ्ते बाद दिल्ली में यमुना नदी में मिला। उसके माता-पिता अपनी दो बेटियों की बेहतर पढ़ाई के लिए राष्ट्रीय राजधानी आए थे। मूल रूप से त्रिपुरा के सबरूम की रहने वाली 19 वर्षीय स्नेहा देबनाथ दिल्ली विश्वविद्यालय के आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज में पढ़ रही थी। वह 7 जुलाई को लापता हो गई थी। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा के हस्तक्षेप के बाद एक व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया गया था। इसके बाद रविवार को दिल्ली पुलिस और एनडीआरएफने उसका शव नदी से बरामद किया। घटना ने माता-पिता को तोड़कर रख दिया है। मृतका के पिता प्रीतिश देबनाथ को विश्वास नहीं हा रहा कि उनकी बेटी उन्हें छोड़कर चली

गई है। जब पीटीआई ने उनसे संपर्क किया तो वे बोल नहीं पा रहे थे।

बाद में खुद को संभालते हुए उन्होंने कहा, 'मैं अभी कुछ नहीं कह सकता... मैं इस स्थिति में नहीं हूं कि किसी से बात कर सकूं कि मेरे मन में क्या चल रहा है।' दक्षिण त्रिपुरा के सबरूम उपखंड के भूराटाली गांव के रहने वाले पूर्व सैन्यकर्मी अपनी दोनों बेटियों बिपासा और स्नेहा को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए दिल्ली आ गए थे। बड़ी बेटी बिपासा गणित में स्नातकोत्तर कर रही है, जबकि स्नेहा कॉलेज में द्वितीय वर्ष में थी।

नृसिंहगाचल पर्वत का एक हिस्सा दरका, घरों पर गिरा भारी बोल्डर और मलबा

देवप्रयाग(श्रीनगर गढ़वाल)। देवप्रयाग के बहा बाजार स्थित नृसिंहगाचल पर्वत से अचानक हुए भूस्खलन से विशाल बोल्डर नीचे आ गिरे, जिससे नगर के कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए और एक व्यक्ति घायल हो गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त ज़्यादातर लोग अपने घरों से बाहर थे, जिससे बड़ा जानमाल का नुकसान टल गया। नृसिंहगाचल पर्वत का एक हिस्सा दरक गया। इसके साथ ही कई टन वजनी बोल्डर तेजी से नीचे लुढ़कते हुए बहा बाजार में आ गिरे। इन बोल्डरों की चपेट में आकर विपिन चंद्र मिश्रा, भगवती प्रसाद मिश्रा और पनीलाल के मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और घायल पनीलाल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।

राज्यपाल के खिलाफ याचिका को वापस लेने का अनुरोध

नई दिल्ली। लंबित विधेयकों के मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में राज्यपाल के खिलाफदायर याचिकाओं को केरल सरकार ने वापस लेने का अनुरोध किया। इसका केंद्र ने विरोध किया। लंबी बहस के बाद सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं पर सुनवाई 25 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी। केरल सरकार ने लंबित विधेयकों को मंजूरी न देने को लेकर केरल के राज्यपाल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। सोमवार को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ के सामने केरल सरकार के वरिष्ठ अधिवक्ता केके वेणुगोपाल ने याचिका वापस लेने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के राज्यपाल मामले में हाल ही में पारित निर्णय के मद्देनजर यह मुद्दा निरर्थक हो गया है। इसका अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणसी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने विरोध किया। उन्होंने कोर्ट से मांग की कि विधेयकों को मंजूरी देने के संबंध में संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत राष्ट्रपति को भेजे गए संदर्भ पर शीर्ष न्यायालय के फैसले का इंतजार किया जाए।

कार्यक्रम | सिद्धारमैया दावा किया कि उन्हें सिंगदूर पुल के उद्घाटन कार्यक्रम में नहीं बुलाया

भारत के दूसरे सबसे लंबे केबल-आधारित सिगंदूर पुल का उद्घाटन

बंगलूरू/ए.। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन ने सोमवार को कर्नाटक के शिवमोगा जिले में भारत के दूसरे सबसे लंबे केबल पुल सिंगदूर का उद्घाटन किया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री शामिल हुए, लेकिन राज्य सरकार की तरफ से कोई मंत्री इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुआ।

दरअसल सीएम सिद्धारमैया ने दावा किया कि उन्हें इस उद्घाटन कार्यक्रम के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। सिद्धारमैया के इस दावे पर केंद्रीय मंत्री नितिन



गडकरी ने पलटवार किया है और सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा कि सिद्धारमैया को उद्घाटन कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित किया गया था।

सीएम ने कार्यक्रम टालने की अपील की थी

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल ही में सिद्धारमैया ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से अपील की थी कि वे सिंगदूर पुल के उद्घाटन का कार्यक्रम टाल दें क्योंकि 14 जुलाई को वे विजयपुरा जिले के दौरे पर रहेंगे, जहां उन्हें कई अन्य विकास कार्यों का उद्घाटन करना है। सीएम ने ये भी दावा किया कि उन्हें पूर्व में कार्यक्रम के बारे में सूचना नहीं दी गई। सीएम ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री से इस संबंध में मंत्रालय के अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की थी।

अब सीएम ने दावा किया है कि उन्हें कार्यक्रम में बुलाया ही नहीं गया। सोमवार को सीएम सिद्धारमैया ने दावा किया कि उन्हें सिंगदूर पुल के उद्घाटन कार्यक्रम में बुलाया ही नहीं गया। हालांकि सीएम के दावे पर नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में दावा किया कि सीएम को 11 जुलाई को ही कार्यक्रम के बारे में सूचना दे दी गई थी और उन्हें आमंत्रित किया गया था।

472 करोड़ रुपये की आई लागत

सिंगदूर पुल अंबरागोदलू-कलसावल्ली के बीच सागरा तालुका में बना है। इस पुल को बनाने में 472 करोड़ रुपये की लागत आई है और इसके बनने से सागरा से सिंगदूर के आसपास के गांवों के बीच की दूरी घट जाएगी। सिगंदूर चौड़ेश्वरी मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। इस उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के अलावा केंद्रीय मंत्री प्रलहाद जोशी, वरिष्ठ भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा और अन्य नेता शामिल हुए। हालांकि सीएम सिद्धारमैया या उनकी कैबिनेट का कोई सदस्य इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुआ। सिद्धारमैया ने कहा है कि उन्होंने विरोध स्वरूप ऐसा किया।

पीडब्ल्यूडी भर्ती परीक्षा में हाईटेक नकल मामले में सीबीआई जांच और परीक्षा निरस्त करने की मांग

एनएसयूआई ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष जांच नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आयोजित पीडब्ल्यूडी भर्ती परीक्षा को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने परीक्षा में कथित हाईटेक नकल और धांधली के खिलाफ राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए मामले की सीबीआई जांच और परीक्षा को पूर्णतः रद्द करने की मांग की है। ज्ञापन में परीक्षा की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े किए गए हैं।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 13 जुलाई 2025 को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (सीजी व्यापम) द्वारा आयोजित पीडब्ल्यूडी भर्ती परीक्षा के दौरान बिलासपुर के एक परीक्षा केंद्र में एक युवती को हाईटेक गैजेट्स जैसे माइक्रो कैमरा, ब्लूटूथ, बॉडी सेंसर, डिवाइस आदि के साथ पकड़ा गया। आरोप है कि ये गैजेट्स उसे परीक्षा में प्रश्न हल कराने में मदद के लिए इस्तेमाल किए जा रहे थे। एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि यह कोई सामान्य नकल का मामला नहीं है, बल्कि एक व्यवस्थित और राज्यस्तरीय स्तर पर संचालित नकल रैकेट का हिस्सा है, जो पूरे परीक्षा तंत्र की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। संगठन ने कहा कि नकल की जानकारी होने के बावजूद केंद्र की ड्यूटी में लगी पुलिस ने तत्काल कोई एफआईआर दर्ज नहीं की और बाद में एनएसयूआई के दबाव पर मामला दर्ज किया गया। यह मामला न केवल परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता पर सवाल उठाता है, बल्कि छत्तीसगढ़ में युवा वर्ग के भविष्य से भी जुड़ा हुआ है। अब देखना यह होगा कि राज्य शासन और राजभवन इस मामले पर क्या रुख अपनाते हैं। एनएसयूआई का आरोप है कि शुरुआती जांच के बाद रायपुर से किसी फोन कॉल के चलते जांच को अचानक रोक दिया गया, जिससे इस पूरे कांड में ऊँची पहुँच वाले लोगों की संलिप्तता का संदेह और गहरा गया है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लेती और निष्पक्ष जांच की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए जाते, तो वे प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन छेड़ने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय पाण्डेय, कांग्रेस नेता प्रमोद नायक, महिन गंगोत्री, एनएसयूआई नेता रंजीत सिंह और विकास सिंह ने की। प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता और कांग्रेसी शामिल हुए।

एनएसयूआई की मांगें

सीबीआई जांच कराई जाए: संगठन ने कहा कि चूंकि यह मामला राज्य के अनेक जिलों, परीक्षा केंद्रों और निजी ऑपरेटरों से जुड़ा है, इसलिए इसकी निष्पक्ष जांच केवल सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसी ही कर सकती है।

पूरी परीक्षा को रद्द किया जाए: परीक्षा में 40 से अधिक केंद्रों में परीक्षाएं संचालित हुईं और नकल की आशंका केवल एक केंद्र तक सीमित नहीं मानी जा सकती। ऐसे में पूरी पीडब्ल्यूडी भर्ती परीक्षा को पूर्णतः निरस्त करना आवश्यक है।

एनएसयूआई का अल्टीमेटम: ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि यदि इस मामले में जल्द ही उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन राज्यभर में व्यापक आंदोलन छेड़ेगा। ज्ञापन में एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा, बिलासपुर जिला अध्यक्ष विशाल सिंह ठाकुर, और अन्य पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं।

■ न्यूज गैलरी

डीईओ ने अनुकंपा नियुक्ति के पूर्व मंगाई दावा-आपत्ति

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनों के छानबीन के क्रम में तीन दिवस के भीतर आमजनता से दावा आपत्ति मंगाई है। फिलहाल 13 आवेदकों ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किये हैं। डीईओ ने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला चनाडोंगरी में शिक्षक एल.बी. के पद पर कार्यरत स्व. केशव प्रसाद साहू के परिवार से उनके पुत्र मनोज प्रसाद साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जरौंधा में व्याख्याता एल.बी. के पद पर कार्यरत स्व. सुधीर कुमार जोशी की पत्नी प्रतिमा जोशी, सेजेस लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय बिलासपुर में उच्च वर्ग शिक्षिका के पद पर कार्यरत स्व. सपना तिवारी की पुत्री मानसी तिवारी, शासकीय प्राथमिक शाला उसराभाठा नेवसा में सहायक शिक्षक एल.बी. के पद पर कार्यरत स्व. शंकर लाल भारद्वाज की पत्नी सतरूपा भारद्वाज, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरताल में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत स्व. नदीम मोहम्मद की पत्नी नसरीन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिटकुली में व्याख्याता एल.बी.के पद पर कार्यरत स्व. लक्ष्मीकांत पाण्डेय के पुत्र अभिनव पाण्डेय आदि ने आवेदन किया है।

नाले की चौड़ीकरण व गहरीकरण का एमआईसी बैठक में लाया जाएगा प्रस्ताव

जलभराव और जलसंकट की समस्या प्राथमिकता से होगी दूर: देवांगन

बिलासपुर/नवप्रदेश। वार्ड नंबर 39 शहीद भगत सिंह वार्ड के भाजपा पार्षद दिनेश देवांगन वार्ड विकास की जिम्मेदारी के साथ ही गरीबी उमसमन एवं समाज कल्याण विभाग के चेयरमेन भी हैं। श्री देवांगन पिछले 20-25 सालों से पार्टी से जुड़े हुए हैं। इस दौरान पार्टी ने उन्हें विभिन्न पदों की जिम्मेदारी दी थी।

पार्षद श्री देवांगन ने बताया कि वार्ड में जलभराव की स्थिति गंभीर है। इतने सालों बाद भी इस व्यवस्था में किसी तरह का सुधार नहीं हुआ। हर बारिश में वार्डवासियों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ता है। जब कांग्रेस की सरकार थी तब टिकरापारा में टेंडर जारी किया गया था जिसके तहत शिवाजी मार्ग के दोनों तरफ के नालों का चौड़ीकरण व गहरीकरण करना था, लेकिन फंड नहीं आने की वजह से यह काम नहीं हो पाया। नाले की चौड़ीकरण व गहरीकरण करने से पानी निकासी की व्यवस्था बेहतर हो जाती और लोगों को जलभराव से राहत मिलता। एमआईसी की बैठक में इस प्रस्ताव को फिर से लाया जाएगा। कुछ दिनों पहले महापौर पूजा विधानी वार्ड का निरीक्षण करने पहुंची थीं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि इस पंचवर्षीय कार्यकाल में वार्ड को जलभराव से मुक्ति मिलेगी। प्राथमिकता के साथ निकासी व्यवस्था को बेहतर किया जाएगा। पार्षद श्री देवांगन ने आगे बताया कि जलसंकट की स्थिति वार्ड में रहती है। इस बार यह समस्या ज्यादा ही गंभीर हो गई थी। आने वाले गर्मी के पहले अमृत मिशन कनेक्शन का काम वार्ड में पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही महापौर से कहकर वार्ड में बोर खनन भी होगा, जिससे वार्डों में सालों से जलसंकट की जो समस्या है उससे निजात मिलेगा। पार्षद श्री देवांगन ने बताया कि एमआईसी का चेयरमेन बनने के बाद अपने विभाग का दायित्व निभा रहे हैं। संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों से कामकाज की जानकारी ली जा रही है और आम जनता को किस तरह से राहत मिले इस दिशा में रुपरेखा बनाई जा रही है।

वार्डवासियों को शासकीय योजनाओं का मिलेगा लाभ

पार्षद श्री देवांगन ने कहा कि जलभराव की स्थिति ज्यादा होने पर पंप के माध्यम से पानी को निकाला जाता है, जिससे लोगों को तत्काल राहत मिल सके। आने वाले समय में वार्ड की जिन महिलाओं का नाम महतारी वंदन योजना में नहीं जुड़ पाया है उसे प्राथमिकता के साथ जुड़वाया जाएगा और शासन की अन्य योजनाओं की जानकारी वार्ड की महिलाओं को दी जाएगी। सर्वे होने के दौरान लोगों के नाम जोड़े जाएंगे जिससे उन्हें सभी योजनाओं का लाभ मिल सके।

प्राचार्य पदोन्नति विवाद, नियमों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कल



बिलासपुर/नवप्रदेश। प्राचार्य पदोन्नति के लिए बनाए गए नियमों को चुनौती देने वाली याचिका पर अब जुलाई को हाई कोर्ट के सिंगल बेंच में सुनवाई होगी। दरअसल आज याचिकाकर्ता की अधिवक्ता तय समय पर कोर्ट में उपस्थित नहीं हो पाई। प्राचार्य पदोन्नति के लिए बनाए गए नियमों को चुनौती देने वाली याचिका पर आज जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल के सिंगल बेंच में नारायण प्रकाश तिवारी की याचिका पर सुनवाई होनी थी।

काजलुस्त के अनुसार याचिका 90 नम्बर में लिस्टिंग की गई थी, जहां तक पहुंचना मुश्किल था। इसे ध्यान रखते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता यशवंत ठाकुर व महाधिवक्ता ने सुनवाई करने कोर्ट में मेंशन किया। जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए शाम चार बजे बजे सुनवाई के लिए रखा था। याचिकाकर्ता की वकील हमीदा सिद्दीकी नियत समय मे उपस्थित नही ही पाई थी, तब महाधिवक्ता ने कॉल कर बुलाने का आग्रह किया। फिर कॉल कर उनको बुलाया गया। अधिवक्ता सिद्धिकी जब उपस्थित हुई तब कोर्ट ने 16 जुलाई को सुनवाई की व्यवस्था दी। कोर्ट ने कहा कि 16 को याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की उपस्थिति नहीं होने पर भी सुनवाई कर दी जाएगी। बता दें कि डिविज़न बैंच में सुनवाई के बाद आधा दर्जन याचिका को खारिज कर दिया गया है। सुनवाई के दौरान डीपीआई कार्यालय से भी अधिकारी उपस्थित थे। कोर्ट की व्यवस्था के बाद अब 16 को सुनवाई होगी।

दलहन, तिलहन की फसल लेने पर भी किसानों को मिलेगा कृषक उन्नति योजना का लाभ

■ कृषि विभाग ने किए निर्देश जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार की कृषक उन्नति योजना का फायदा धान के अलावा दलहन, तिलहन, मक्का, लघु धान्य फसल, कोदो, कुटकी, रागी एवं कपास फसल लेने वाले किसानों को भी मिलेगा। उन्हें प्रति एकड़ 10 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। राज्य शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग ने योजना के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए है।

कृषि विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार राज्य का अधिकांश क्षेत्र वर्षा आधारित होने से मौसमीय प्रतिकूलता एवं कृषि आदान लागत में वृद्धि के कारण कृषि आय में अनिश्चितता बनी रहती है। इसके फलस्वरूप कृषक फसल उत्पादन के लिए आवश्यक आदान जैसे उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीकी में पर्याप्त निवेश नहीं कर पाते है। राज्य सरकार द्वारा कृषि में पर्याप्त निवेश एवं काश्त लागत में राहत देने के लिये कृषक उन्नति योजना प्रारंभ की गई गई है। फसल विविधिकरण को प्रोत्साहन देने, दलहन तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्म निर्भरता के लक्ष्य के साथ चिन्हित अन्य फसलों पर आदान सहायता राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

आदान सहायता राशि का भुगतान कृषि भूमि सिलिंग कानून के तहत होगा

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या. एवं छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमि. द्वारा आपसी समन्वय से सुनिश्चित किया जाएगा। कृषकों को आदान सहायता राशि का भुगतान कृषि भूमि सिलिंग कानून के प्रावधानों के अध्याधीन किया जाएगा। कृषकों को आदान सहायता राशि कृषकों के बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से की जाएगी । खरीफ 2025 में प्रदेश के किसानों से उपार्जित धान की मात्रा पर धान (कॉमन) पर राशि रू. 731 प्रति क्वि. की दर से अधिकतम राशि रू. 15351 प्रति एकड़ तथा धान (ग्रेड-ए) पर राशि रू. 711 प्रति क्वि. की दर से अधिकतक राशि रू. 14931 प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान किया जाएगा।

आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर दावा-आपत्ति 21 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना मस्तूरी अंतर्गत ग्राम मनवा के आंगनबाड़ी केंद्र मनवार 2 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद की पूर्ति हेतु आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों की जांच कर अनंतिम सूची जारी कर दी गई है, जिसे परियोजना कार्यालय एवं जनपद पंचायत मस्तूरी के सूचना पटल में चस्पा किया गया है। जारी सूची के संबंध में दावा-आपत्ति 21 जुलाई तक प्रस्तुत किये जा सकते है। निर्धारित समय के पश्चात कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

---

52 लीटर महुआ शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले दो आरोपियों को कोटा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 52 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई है। जब्त शराब की कीमत 10400 रूपए बताई जा रही है। आरोपियों से महुआ शराब निर्माण में प्रयुक्त मिट्टी का बर्तन और 2 नग गैस सिलेंडर भी जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार चेतना विरुद्ध नशा व प्रहार अभियान के तहत अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा निर्देशित किया गया है। 13 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गनियारी वर्मा मोहल्ला में आरोपीगणों के द्वारा अवैध रूप से धनार्जन करने के उद्देश्य से भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब को बिक्री कर रहा है कि मुखबिर से प्राप्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिनके निर्देशानुसार व अर्चना झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं नुपूर उपाध्याय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा के मार्गदर्शन में टीम गठित कर ग्राम गनियारी वर्मा मोहल्ला में रेड कार्रवाई करते हुये आरोपी सोनिया वर्मा पति नवरतन वर्मा उम्र 40 वर्ष के कब्जे से कुल 22 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब एवं 1 नग गैस सिलेंडर, 3 गंज एवं मिट्टी का बर्तन को जप्त किया गया है तथा आरोपी प्रियांशु वर्मा पिता प्रमोद वर्मा उम्र 18 वर्ष 09 माह के कब्जे से कुल 30 लीटर महुआ शराब एवं 01नग गैस सिलेंडर, मिट्टी के बर्तन को जप्त कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक तोपसिंग नवरंग, सहायक उप निरीक्षक गोपाल प्रसाद खांडेकर, सहायक उप निरीक्षक शिव कुमार साहू, प्रधान आरक्षक सत्य प्रकाश यादव की भूमिका रही।

आध्यात्मिकता से स्वर्णिम भारत का होता है निर्माण: कमल किशोर

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज द्वारा अध्यात्म के द्वारा श्रेष्ठ समाज की स्थापना इस विषय पर प्रकाश डालने हेतु संत महासम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें भारत के चारों दिशाओं से प्रसिद्ध संत, महामंडलेश्वर द्वारा अपने अपने विचार प्रकट किए गए इसके साथ ही साथ गीत एवं नृत्य प्रस्तुति, दीप प्रज्वलन, सौगात भी दिया गया।

महामंडलेश्वर आचार्य कमल किशोर ने अपने वक्तव्य में कहा कि आध्यात्मिकता से स्वर्णिम भारत का निर्माण होता है। कमल किशोर ने संत की परिभाषा बताते हुए कहा कि संत वह जिसे नाम, मान, शान दुख सुख जीवन की कोई भी परिस्थिति का प्रभाव नहीं पड़ता है। कमल किशोर ने सन्यासी की परिभाषा बताते हुए कहा कि संन्यासी वह है जिसे किसी भी चीज की कोई फिक्र ना हो चाहे उनकी जेब में हजार हो या फिर 1 भी ना हो पर वह सदा निश्चित हो। प्रजापिता ब्रह्मा कुमारीज के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू राजस्थान के धार्मिक प्रभाग के कोऑर्डिनेटर ब्रह्मा कुमार रामनाथ भाई जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि सारी बीमारियों की वजह हमारा मन है यदि हमारा मन ठीक है तो हर कार्य अच्छे से होगा परंतु मन में यदि लगातार नकारात्मक विचार या व्यर्थ विचार चल रहे हैं तो किसी भी कार्य में सफलता नहीं होगी द्य मन शांत है तो शांत मन से शुद्ध विचार उत्पन्न होते हैं और शुद्ध विचार हमें अध्यात्म के जरिए परमात्मा से जोड़ता है।

प्रजापिता ब्रम्हकुमारीज में संत महासम्मेलन आयोजित

संगोष्ठी डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत वर्तमान में गुरु शिष्य परंपरा की प्रासंगिकता विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

विरासत में मिले भारतीय पारंपरिक ज्ञान को मूल रूप में भावी पीढ़ी तक पहुंचाएं: प्रोफेसर सुरेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत वर्तमान में गुरु शिष्य परंपरा की प्रासंगिकता विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में हंसराज कॉलेज के इतिहास विभाग के प्राध्यापक और डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सुरेश कुमार गोहे मौजूद रहे। यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र , भाषा एवं साहित्य विभाग, सामाजिक विज्ञान विभाग एवं आइक्यूएसी द्वारा आयोजित किया गया है। इस अवसर पर प्रोफेसर सुरेश कुमार गोहे ने कहा कि सबसे बड़ी हमारी जिम्मेदारी यह है, कि हमें विरासत में जो भी भारतीय पारंपरिक ज्ञान मिला है उसमें कुछ जोड़कर भावी पीढ़ी को उसके मूल रूप में हस्तांतरित करें। ताकि भावी पीढ़ी भारतीय ज्ञान परंपरा को जाने और समझे और विश्व गुरु बनने की राह में तेजी से आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि हम अपनी विरासत को किस रूप में सहज रहे हैं, यह भी जानने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत में जन्म लेने वाला प्रत्येक व्यक्ति गुरु ही होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति जीवन शैली उत्कृष्ट होने का परिणाम यह भी है, कि कोविड-19 के वैश्विक संकट के समय में आज ग्रामीण और आदिवासी लोग बहुत ही सुरक्षित रहे। जबकि महानगरी सभ्यता में जीवन यापन कर रहे वे सबसे अधिक प्रभावित हुए। उन्होंने यह भी कहा कि हमें कौशल पूर्ण प्रशिक्षण का मेकैनिज्म डेवलप करना होगा। जिससे की कौशल के साथ बेहतर कार्य हो सके। उन्होंने कहा कि अपनी क्षमता के अनुरूप ही सबको काम करना चाहिए। स्वामी विवेकानंद को याद करते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्य की पूर्णता उसके अंदर निहित है। कार्यक्रम में इंजीनियरिंग के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार तिवारी एवं डॉ गुरप्रीत बग्गा उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन डॉ महेश शुक्ला ने किया। तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के प्राध्यापक शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

गुरु शिष्य की प्रतिभा को बाहर निकाल योग्य बनाता है: पाठक

इस अवसर पर डायरेक्टर डिस्टेंस एजुकेशन डॉ अभिषेक पाठक ने कहा कि गुरु में ऐसा बल होता है ,जिससे वह अपने शिष्य के अंदर छिपी प्रतिभा और शक्ति को बाहर निकाल कर उसे योग्य बनाता है। यह ज्ञान भारतीय पारंपरिक ज्ञान में गुरु शिष्य परंपरा के माध्यम से ही है। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में उपस्थित डॉ वेद प्रकाश मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय पारंपरिक ज्ञान को केंद्र में रखा गया है। हमें लौटकर इस ज्ञान को स्वीकार करना होगा। वैश्विक स्तर पर इसकी प्रासंगिकता को स्थापित करना होगा ।

सुविचार

मकान और खेत रोड पर हो तो उसकी कीमत होती है लेकिन आदमी रोड पर हो तो उसकी कोई कीमत नहीं होती। - अज्ञात

मोहन भागवत के बयान से बवाल

राष्ट्रीय स्वयंम सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के नये बयान को लेकर सियासत में नया बवाल खड़ा हो गया है। एक कार्यक्रम के दौरान मोहन भागवत ने यह बयान दिया था कि जब आप की आयु 75 साल हो जाये और आपको साल उढ़ाई जाने लगे तो समझ लेना चाहिए कि सेवानिवृत्ति का समय आ गया है। इसलिए दूसरो के लिए रास्ता छोड़ देना चाहिए। मोहन भागवत के इस बयान को कांग्रेस और शिवसेना यूबीटी के नेताओं ने लपक लिया है। शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने मोहन भागवत के बयान को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जोड़ते हुए कहा है कि पीएम मोदी अब 75 साल के होने जा रहे हैं। इसलिए उन्हें भी प्रधानमंत्री पद छोडकर मार्ग दर्शक मंडल में शामिल हो जाना चाहिए। कांग्रेस के महासचिव पवन खेड़ा ने भी मोहन भागवत के बयान का स्वागत करते हुए प्रतिक्रिया दी है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 75 साल की उम्र पूरी होने पर नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री छोड़ देना चाहिए। उन्होंने तो यह भी कहा है कि पीएम मोदी से पहले खुद मोहन भागवत 75 साल की आयु पूरी करने जा रहे हैं इसलिए उन्हें भी संघ प्रमुख के पद से सेवानिवृत्त हो जाना चाहिए। विपक्षी पार्टियों के नेता यह तर्क दे रहे हैं कि 2014 के चुनाव के पूर्व भाजपा ने 75 साल से अधिक आयु वाले नेताओं की टिकट काट दी थी और लाल कृष्ण अडवानी, डॉ. मूर्ली मनोहर ज्योति सहित कई वरिष्ठ नेताओं को सक्रिय राजनीति से बाहर करके उन्हें मार्गदर्शक मंडल में डाल दिया था। अब इसी फार्मूले के अनुसार पीएम मोदी को भी 75 साल की आयु पूरी करते ही पीएम पद से इस्तीफा देकर मार्गदर्शक मंडल में चले जाना चाहिए। विपक्षी नेताओं के इस बयान पर पलटवार करते हुए एनडीए के नेताओं ने कहा है कि वे तो मोदी को हरा नहीं सकते। इसलिए उनके रिटार्यमेन्ट की मांग उठा रहे हैं। जबकि मोहन भागवत ने ऐसा कुछ नहीं कहा था। उन्होंने तो नेताओं के रिटार्यमेन्ट को लेकर कटाक्ष किया था। पीएम मोदी से सेवानिवृत्त होने की मांग करने पाले कांग्रेसी यह न भूले की कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी भी 80 साल की होने जा रही हैं। और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तो 80 ये अधिक आयु के चुके हैं कुल मिलाकर मोहन भागवत के बयान को लेकर व्यर्थ का बवाल खड़ा हो गया है।

क्राइम केपिटल बनता बिहार

बिहार में इस साल के आखिरी में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं इसके पूर्व बिहार में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं। पूरा बिहार इन दिनों क्राइम केपिटल बन गया है। पिछले चौबीस घंटे के दौरान बिहार में आधा दर्जन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। जिनमें से दो हत्या की घटना बिहार की राजधानी पटना में हुई है। पिछले एक माह के दौरान बिहार में 37 लोगों की हत्या हो चुकी है। जिसमें एक भाजपा नेता और कई कारोबारी शामिल है। बिहार में कानून और व्यवस्था की स्थिति इस कदर बिगड़ चुकी है कि जिन पुलिसकर्मियों पर कानून और व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेदारी है वे खुद ही असुरक्षित हैं। नवादा में अवैध शराब का करोबार करने वाले शराब माफिया के खिलाफ तब आबकारी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो उस पर ही हमला कर दिया गया। इसी से स्पष्ट है कि बिहार में अपराधियों के हौसले किस कदर बुलंद हो गये हैं। अपराधियों के मन से कानून का भय खत्म हो गया है और वे बेखौफ होकर जघन्य अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। बिहार में अपराधियों के बुलंद होते हौसलों को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार सरकार पर निशाना साधा है और कहा है कि अब तो बिहार में हत्या की घटनाओं की गितनी करना भी मुश्किल हो गया है। बिहार का गृह विभाग खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास है लेकिन अभी तक उन्होंने बिहार में बढ़ते अपराधों के ग्राफ को लेकर अपना मुंह नहीं खोला है। बिहार में लॉ एंड आर्डर की स्थिति लगातार खराब हो रही है और बिहार की जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। तेजस्वी यादव के आरोपों पर पलटवार करते हुए जदयू नेताओं ने कहा है कि जिनके शासन ने बिहार में जंगलराज चलता था उन्हें बिहार की कानून और व्यवस्था पर सवाल नहीं उठाना चाहिए। बिहार के उपमुख्यमंत्री ने बयान दिया है कि अपराधों पर रोक लगाने शीघ्र कड़े कदम उठाए जाएंगे।

सद्‌गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ कल करने योग्य कार्य को जो आज और अभी नहीं करता वह श्री कृष्ण का नहीं हो सकता।

◆ महापुरुषों का आचरण कैसा होना चाहिए? बोला- समाज के साध् पारण आदमी की तरह आचरण। चाहे जैसे स्थिति में हो, कोई तकलीफनहीं और जिनको लोग फॉलो करते हैं उनका आचरण बहुत सही होना चाहिए क्योंकि अगर तीन पग भी गलत बढ़ाया तो लाखों लोग उसके साथ उसी पथ पर चले जाएंगे और एक-एक पग उनका सही बढ़ेगा तो लाखों उनके साथ सही पथ पर चले जाएंगे। प्रत्येक साधक को प्रत्येक दिन निज हाथों से गुरु सेवा करनी है।

◆ पृथ्वी पर टिकी हुई जितनी भी जीवन संबंधी कल्पनाएं हैं उनमें सबसे अधिक सुंदर, सत्य, सरस, स्नेही और सदुपयोगी यह "गौ" है।

◆ दो तरफनहीं चल सकते एक साथ पूर्व या पश्चिम ! या तो काम या राम ! या तो वासना या उपासना !

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1799 फ्रांसीसी सैनिकों ने मिस्र के बंदरगाह शहर राशिद के पास फोर्ट जुलिएन में रोसेटा स्टोन को खोल दिया। 1867 सैन फ्रांसिस्को मर्चेंट एक्सचेंज खोला गया। 1870 रूपर्ट्स लैंड और कनाडा के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र हडसन की बे कंपनी के हस्तांतरण के बाद मैनिटोबा और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र स्थापित किए गए थे। 1904 अमेरिका के लॉस एंजिल्स में पहला बौद्ध मंदिर बना। 1910 कार्लोस यूगेनिओ रेस्ट्रेपो को कोलंबिया का राष्ट्रपति चुना गया। 1916 दुनिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस कंपनी बोइंग शुरू हुई। 1916 वलियम बोइंग ने पेसिफिक एयरो प्रोडक्ट्स कंपनी को शामिल किया, जिसे बाद में बोइंग नाम दिया गया। 1923 इतालियन संसद नया संविधान स्वीकार करता किया। 1940 शिकागो में 1940 लोकतांत्रिक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। 1997 अमेरिकी स्प्री किलर एंड्रयू क्यूननन ने फ्लोरिडा के मियामी में फैशन डिज़ाइनर गियान्नी वर्सासे को गोली मार दी।

शिवानी सूर्यवंशी
एम.ए.(अर्थशास्त्र)
गर्ल्स कॉलेज छिंदवाड़ा

किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पाती है ग्रामीण स्तर पर बिजली विभाग की भी लापरवाही देखने को मिलती है खेतों की बिजली तार में अगर कोई खराबी आ जाती है तो कम से कम 8 दिन के बाद ही ठीक करने के लिए बिजली विभाग के अधिकारी आते है जिससे किसानों की फसले सूख जाती है इस स्थिति में किसान स्वयं बिजली को ठीक करने का प्रयास करते है जिससे कई बार उन्हे जान से भी हाथ धोना पड़ता है। बिजली विभाग की इस लापरवाही के कारण किसानों को भारी नुकसान सहना पड़ता हैं। सीमांत एवं लघु कृषक आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध नहीं करा पाते हैं, जिस कारण बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में भी पीछे रह जाते हैं। और वे केवल देहाड़ी मजदूर बनकर रह जाते है जिससे परिवार का जीवन स्तर में सुधार नहीं हो पाता है और आर्थिक विकास पीछे छूट जाता है।

भारतीय बजट 2025-26 का मुख्य कोड 'देश सिर्फभूमि नहीं, बल्कि इसके लोग है', गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को विकास के केंद्र बिन्दु के रूप में लिया गया है इसका उद्देश्य किसानों को भी सशक्त बनाना है किन्तु फसल बीमा योजना के लिए बजट निर्धारण संशोधित बजट 2024-25 में 15864 करोड़ निर्धारित किया गया था जो कम करके बजट 2025-26 में 12242 करोड़ निर्धारित किया गया है।

ग्रामीण किसानों की भी खोज खबर ले सरकार

एक तरफ सरकार 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में लगी हुई है। भारत का लक्ष्य 2047 तक निम्न मध्यम आय वाले देश से उच्च आय वाले विकसित देश में बदलना है। भारतीय बजट 2025-26 में कृषि को भी भारत के विकास का इंजन माना गया है, जैसा कि फिजियोक्रेट्स अर्थशास्त्रियों का समूह भी मानता था कि कृषि ही किसी राष्ट्र की असली संपत्ति है, वे कृषि को शुद्ध उत्पाद का स्रोत मानते थे। शुल्ज, बोसरप आदि अर्थशास्त्री ने भी आर्थिक विकास के लिए कृषि के विकास पर जोर दिया है।

कृषि को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहा जाता है। लेकिन धीरे - धीरे देश की जीडीपी में कृषि का योगदान निरन्तर कम होते जा रहा हैं। वर्तमान में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान लगभग 16त्न हैं। लेकिन आज भी लगभग 55त्न जनसंख्या कृषि पर निर्भर हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि कृषि ग्रामीण आबादी के लिए आजीविका एक महत्वपूर्ण स्रोत है। ऐसे में कई सवाल मन में उठते है, क्या घटता हुआ कृषि क्षेत्र का योगदान सरकार के लिए चिंता का विषय नहीं है? क्या सरकार को ग्रामीण किसानों पर ध्यान देने की जरूरत है? क्या पिछड़ी हुई ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ विकसित भारत का लक्ष्य पार कर पाएगी सरकार?

इन सवालों को जन्म देती एक तस्वीर कुछ दिन पहले ली गई थी जब में मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के एक गांव बिसखान का सर्वेक्षण कर रही थी, यह गांव जिला मुख्यालय से 17 किमी. की दूरी पर स्थित है। यह तस्वीर उस समय की है जब लघु एवं सीमांत किसान आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण बारिश की बुवाई के लिए कड़ी धूप में मेहनत कर जमीन तैयार कर रहे थे। वह पारंपरिक कृषि यंत्रों की मदद से मेहनत कर अपनी लागत को कम करने का प्रयास कर रहे थे। क्योंकि उनको आधुनिक तकनीक महंगी पड़ती है और न ही वे कृषि के आधुनिक यंत्रों की स्थायी व्यवस्था कर सकते है, वे जुताई के लिए बैल हल का प्रयोग करते है, हल बनाने के लिए लकड़ी जंगलों से लाते है, तथा अपने परिवार के साथ मिलकर कृषि के अन्य कार्य करते हैं महिलाएं भी घर के काम करने के बाद खेती पर काम करने जाती है तथा बच्चे भी विद्यालय से छुट्टी के पश्चात खेती पर मदद करने जाते हैं । सीमांत तथा लघु किसान किसी भी तरह अपनी लागत को कम करना चाहते है वे बोने के लिए पूरी तरह हाईब्रिड बीज का

उपयोग नहीं कर पाते है कुछ घर के बीजों का भी इस्तेमाल करते है ताकि किसी भी तरह लागत कम हो जाएं क्योंकि सीमांत एवं लघु किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती है । लेकिन धीरे - धीरे कृषि कार्य की पद्धति बदल रही है सीमांत एवं लघु किसान भी उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से बड़े किसानों को देख आधुनिक कृषि तकनीक का उपयोग कर रहे हैं लेकिन उनकी कृषि जोत का आकार छोटा होने के कारण आधुनिक मशीनों यंत्रों का प्रयोग करने से उनको अधिक लागत आ जाती हैं तथा कौशल की कमी होने के कारण फसलों को लेकर बहुत से नुकसान का सामना भी करना पड़ता हैं तथा पूर्णतः हाईब्रिड बीज का उपयोग कर रहे हैं और ऋण लेकर वह इस लागत को पूरा करने लगे हैं हालांकि ऐसे किसानों की संख्या अभी कम है ।

यह देखा जा रहा है कि मध्यप्रदेश में सीमांत एवं लघु किसानों की आर्थिक स्थिति अत्यंत पिछड़ी हुई हैं मध्यप्रदेश में सीमांत एवं लघु किसानों की संख्या सबसे अधिक है जो कि अपनी आजीविका के लिए केवल कृषि पर निर्भर है। ग्रामीण किसानों की ऐसी पिछड़ी स्थिति क्षेत्रीय स्तर पर भी देखी जा सकती है। ग्रामीण किसानों का आर्थिक विकास बहुत पिछड़ा हुआ है। सीमांत एवं लघु किसानों की सामाजिक स्थिति भी कमजोर होती है इन किसानों के लिए उचित नीतियां बनाने के लिए इसका बहुत सावधानी पूर्वक विश्लेषण करने और समझने की आवश्यकता है । अन्यथा हम बढ़ती जीडीपी और देश की प्रतिव्यक्ति आय को जमीनी हकीकत से नहीं जोड़ पाएंगे। प्रतिव्यक्ति आय के अनुसार आर्थिक विकास का अंदाजा नहीं लगा पाएंगे। जैसा कि आंकड़ों से पता चलता है कि हमारे देश की अर्थव्यवस्था का सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 16त्नका योगदान कृषि क्षेत्र का हैं जबकि देश की आधी से ज्यादा आबादी सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए कृषि पर निर्भर है। बढ़ती प्रतिव्यक्ति आय तथा बढ़ती जीडीपी का कृषकों की आय से कोई तालमेल ही नहीं है इस स्थिति में कृषि का विकास करना अत्यंत आवश्यक हो जाता हैं, इसके लिए ग्रामीण लघु एवं सीमांत किसान की स्थिति को जानना आवश्यक है। सीमांत एवं लघु किसानों की कृषि जोत का आकार बहुत छोटा होता है और जो आधुनिक कृषि यंत्र है वह केवल बड़ी जोत के लिए उपयोगी ठहरते है जिस कारण छोटी जोत में उपयोग में लाने पर किसानों को कई तरह के नुकसान का सामना करना पड़ता है। आज किसान अधिक लागत का सामना कर रहा हैं आधुनिक तकनीक महंगी पड़ रही हैं, किसानों की इस स्थिति के पीछे शासन जिम्मेदार है। सरकार द्वारा ग्रामीण किसानों के कौशल विकास करने और सरकारी नीतियों के संबंध में किसानों में जागरूकता लाने के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जाता। ग्रामीण किसानों की शिक्षा का स्तर भी निम्न होता है अधिकांश किसान अशिक्षित या कम पढ़े लिखे होते है। शिक्षा के इस अभाव के कारण ग्रामीण किसान सरकारी योजनाओं का भी पूरा लाभ नहीं उठा पाते है। किसानों को अपनी फसल का सही दाम नहीं मिलता है किसान अगर अपना उत्पादन उदाहरण के रूप में अगर मक्के की बात करें तो किसान का उत्पादित मक्का 20 रूपए किलो बिकता है उसमें भी कई तरह के नुकसान का सामना करना पड़ता है लेकिन अगर किसान बोने के लिए मक्का खरीदता है तो उसे 300 से 400 रुपए किलो मिलता है क्या इतना अन्तर सही है? किसान करे भी तो क्या करें।

राव इंद्रजीत सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
योजना और संस्कृति राज्य मंत्री

नीति आयोग ने संकट की इस घड़ी का बड़ी दृढ़ता और विश्वातस से सामना करते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय और आईसीएमआर के साथ मिलकर संक्रमण के पैटर्न का मॉडल तैयार किया, न्याकयसंगत चिकित्सा संसाधनों का आवंटन सुनिश्चित किया और टेलीमेडिसिन के लिए ई-संजीवनी जैसे प्लेटफॉर्म शुरू किए। महामारी के बाद के इसके विजन ने सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन संवर्गों और आधुनिक डिजिटल स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचे पर ज़ोर देते हुए केवल रिकवरी पर ही पहीं, बल्कि तत्परता पर भी ज़ोर दिया।

नीति आयोग की मानव पूँजी से संबंधित क्रांति

भारत जैसे विशाल और वैविध्यैपूर्ण देश में प्रगति का वास्तसविक पैमाना केवल जीडीपी के आँकड़ों या बुनियादी ढाँचे की उपलब्धियों में नहीं, बल्कि इस बात में निहित है कि वह देश अपनी जनता का कितने बेहतर ढंग से पोषण करता है। मानव पूँजी–हमारी शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और उत्पादकता– केवल एक आर्थिक संपत्ति ही नहीं, बल्कि नैतिक अनिवार्यता भी है। पिछले दस वर्षों में, भारत के प्रमुख नीतिगत थिंक टैंक-नीति आयोग के नेतृत्व में एक शांत लेकिन प्रभावशाली क्रांति ने आकार लिया है, जिसने देश द्वारा अपने सबसे महत्वतपूर्ण संसाधन, यानी अपने नागरिकों, में निवेश करने के तरीके को नए आकार में ढाला है।

एक ऐसे देश में जहाँ 65 प्रतिशत से ज़्यादा आबादी 35 साल से कम उम्र वाले लोगों की है, तो वह जनसांख्यिकीय लाभांश बेहद दुर्लभ अवसर प्रस्तुत करता है। लेकिन इस युवा आबादी का विशाल आकार अपने साथ एक बड़ी ज़िम्मेदारी भी लेकर आता है। प्रमुख चुनौती इस युवा ऊर्जा को आर्थिक विकास और राष्ट्रीय विकास की शक्ति में रूपांतरित करना है। यहीं पर नीति आयोग एक दूरदर्शी उत्प्रेरक के रूप में उभरा है - जो न केवल आज की प्रगति, बल्कि भविष्य की समृद्धि का भी रोडमैप तैयार कर रहा है। पिछले एक दशक में, नीति आयोग एक थिंक टैंक से एक सुधारवादी साधन और कार्यान्वयन भागीदार के रूप में विकसित हुआ है, जो आँकड़ों, सहयोग और मानव-केंद्रित डिज़ाइन द्वारा समर्थित साहसिक विचारों के लिए जाना जाता है। इसने नीति-निर्माण को एक शीर्ष-स्तरीय प्रक्रिया से राज्यों, निजी क्षेत्र, वैश्विक संस्थानों और सामाजिक संगठनों के साथ सह-निर्माण की गतिशील प्रक्रिया में बदल दिया है। इसकी ताकत केवल योजना बनाने में ही नहीं, बल्कि संज्ञान लेने और उन अवधारणाओं को अमली जामा पहनाने में भी निहित है। इसके मार्गदर्शन में मानव पूँजी की आधारशिला-शिक्षा की पूर्णतया नए सिरे से परिकल्परना की गई है। नीति आयोग ने इस बात को स्वीकार करते हुए कि केवल पहुँच ही पर्याप्त नहीं होती, गुणवत्ता और न्या यसंगतता पर ज़ोर दिया। राष्ट्रीय शिक्षा

नीति 2020, जहाँ नीति आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही, ने –रटंत शिक्षा से आलोचनात्मक चिंतन, लचीलेपन और व्यावसायिक एकीकरण का रुख करते हुए एक नए युग का सूत्रपात किया। इसने प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा, मातृभाषा में शिक्षण और विषयों के बीच निर्बाध परिवर्तन पर ज़ोर दिया। इसने देश भर में मौजूद 10,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब्स में नवाचार को समाहित करते हुए अटल नवाचार मिशन जैसी पहलों के माध्यम से जवाबदेही और कल्पनाशीलता दोनों को सुनिश्चित किया।

भारत के युवाओं को 21वीं सदी के लिए कुशल बनाना इसके मिशन का एक और आधार रहा है। कौशल भारत मिशन को समर्थन देने से लेकर आकांक्षी जिला कार्यक्रम के माध्यम से वंचित जिलों के महत्व पूर्ण भाग तक व्यावसायिक कार्यक्रमों की पहुँच सुनिश्चित करने तक, नीति आयोग ने कक्षा और करियर के बीच की खाई को पाटने में मदद की है। कौशल भारत मिशन के तहत, 1.5 करोड़ से ज़्यादा युवाओं को तकनीक, उद्योग संबंधों और माँग-आधारित पाठ्यक्रमों के सम्मिश्रण वाली पहलों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है। इसने महज प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ही प्रशिक्षण नहीं दिया–अपितु इसने क्षेत्रीय ज़रूरतों का आकलन किया और भारत के ग्रामीण और शहरी दोनों ही तरह के युवाओं के लिए वास्तविक आर्थिक संभावनाओं के द्वार खोलने वाले कार्यक्रम तैयार किए। इसके साथ ही साथ, इसने गतिशील, समावेशी श्रम बाज़ार का समर्थन किया। इसने 44 केंद्रीय श्रम कानूनों को–मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, औद्योगिक संबंध और व्यावसायिक सुरक्षा से संबंधित चार सरलीकृत संहिताओं में युक्तिसंगत बनाने में सहायता प्रदान की। इन सुधारों ने नियोक्ता के लचीलेपन को श्रमिक सुरक्षा के साथ संतुलित किया, जिससे विशेष रूप से अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों को लाभ हुआ, जो भारत के कार्यबल का बहुसंख्यक हिस्सा हैं। अनुपालन को सरल बनाकर और औपचारिकता को प्रोत्साहित करके कार्यस्थल केवल अधिक उत्पादक ही नहीं, बल्कि अधिक मानवीय भी बना।

अक्सर लागत के रूप में देखी जाने वाली स्वास्थ्य सेवा को निवेश के रूप में नए सिरे से परिभाषित किया गया। नीति आयोग ने प्रतिक्रियात्मक उपचार से अग्रसक्रिय स्वाास्य्या का रुख किए जाने को मूर्त रूप प्रदान करने में मदद की। नीति आयोग द्वारा समर्थित और निरीक्षित प्रमुख आयुष्मान भारत योजना ने 50 करोड़ से अधिक भारतीयों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया, जबकि 1.5 लाख से अधिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों ने प्राथमिक देखभाल को जमीनी स्तर तक पहुँचाया। कार्यक्रमों ने पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और गैर-संचारी रोगों को लक्षित किया–जिनका उद्देश्य केवल बीमारों का उपचार करना ही नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ रखना भी था। कोविड-19 महामारी ने भारत की स्वास्थ्य प्रणाली की मजबूती की अभूतपूर्व परीक्षा ली।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कभी छलक जाती

कभी छलक जाती पलकों से तरल तरल बूंदें शबनम सी। कभी सुनाती सपनों में तुम मधुर मधुर कोई सरगम सी। बिखर गए जो उल्काओं से वो टूटे स्वप्न सजाती हो नीरस मन की धरती पर फिर फूल नए से महकाती हो नव वासंती मदिर कल्पना तुम पतझर में मरहम सी। कभी छलक. जाती...नव भावों की अंगड़ाई सी तुम्हीं हृदय में लेकर आती देख जमाने की नम पलकेंतुम भी तो गुमसुम हो जाती बहती शीतल पुरवाई सी लगती बारिश की छमछम सी । कभी छलक जाती.... **- अजय कुमार सिंह भदौरिया**

मनकों को बांधे है



मनकों को बांधे है माला माला खुद भी बंधी हुई है फेरो माला कटते बंधन दुनियां फिर भी बंधी हुई है इक-दूजे से बंधे हैं रिश्ते बंधन बिन कैसे ये निभते बंधन जग में अटल रहेगा बंधन कटेगा घिसते-घिसते बिन बंधन किस्तें नहीं चुकती बिन बंधन दुनियां नहीं झुकती बिन बंधन व्यवसाय न चलते बिन बंधन दुनियां नहीं रुकती बंधन से मुक्ति है माला प्रभु नाम जपते ले माला माला गले पड़ीं हैं जिनके साथ में रखते दूजी माला। **- जे डी कुदाल**

एक तरफ लोकतंत्र संविधान अभिव्यक्ति

एक तरफ लोकतंत्र संविधान अभिव्यक्ति कि आज़ादी चाहिए.. एक तरफइनको भारत को नीचा दिखाने चीन कि तारीफ करना है भारत को चीन बनाना के सपने है सनद रहे भारत को चीन बनाने के लिए सबसे पहले लोकतंत्र संविधान को ख़त्म करना पड़ेगा चीन के बारे मे वही जानते हो चीन तुमको बताता है- **अंबर दानी**

बंधने से पहले निभाने की प्रक्रिया

बंधने से पहले निभाने की प्रक्रिया पर अड़ना पड़ेगा.. तुम से जुड़े ग़र मैं... तुमको पहले मै को चुनना पड़ेगा.. कि मन की सारी पीड़ाओ में है प्रेम.... ग़र सह पाओ तुम पीड़ा...तो प्रेम को जीना पड़ेगा... तुम्हें स्मै को भूल मै के लिए लड़ना पड़ेगा... कि तुम को ग़र मैं चाहिए तो प्रेम को तुम कहना पड़ेगा.. मन में बसे प्रेम को तुम कहकर निभाना पड़ेगा... !! मेरी रूह। **- नंदिता तनुजा**

लगता है जल्दी ही वह समय आएगा

लगता है जल्दी ही वह समय आएगा, जब लोग हजारों की संख्या में फेसबुक फ्रेंड बनाने से दूरी बनाएंगे। कभी किसी का पोस्ट दिखाता है, तो कभी टेलीविजन एक्टर हर्ष छाया का तो कभी किसी और का.. लिस्ट वाले लोगों का पोस्ट कम दिखाने लगा है आजकल। **- मीनाक्षी सिंह**

भाव को प्रतिदान दे दो कर्म को

भाव को प्रतिदान दे दो कर्म को सम्मान दे दो हर व्यथा को जीवनी की साथ का प्रतिमान दे दो .. लाख पथ में शूल हों की गयी हजारों भूल हों सोच को अपने हृदय में पुष्प भर जहान दे दो...प्रेम रच बरसे जो बादर ज्वार भर उफने जो सागर सब्र को संताप हो जो सर्व सम्मत भान दे दो....। **- मधुलिका शुक्ला**

शिवा शिवा शिवा भजो भजो नमः शिवाय

शिवा शिवा शिवा भजो भजो नमः शिवाय। प्रभात श्रावणी चढ़ी भजो नमः शिवाय जु दुग्ध,नीर धार से भजो नमः शिवाय। प्रसून भांग बेल ले भजो नमः शिवाय। उमा विराजतीं वहां भजो नमः शिवाय। गणेश कार्तिकेय हों भजो नमः शिवाय।सवारि नंदि साथ हैं भजो नमः शिवाय। शिवा शिवा शिवा भजो भजो नमः शिवाय।। **- रजनी रामदेव**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज के दिन मध्यान से पहले आपको कोई लाभदायक समाचार मिलेगा धन कोष में भी आकस्मिक वृद्धि होगी।

वृषः से लाभ की आशा लगा कर रखेंगे परन्तु इसके मध्यान तक पूर्ण ना होने से थोड़े अधीर रहेंगे।

मिथुनः आज दिन के आरंभ में सेहत सम्बंधित समस्या रहेगी काम करने में उत्साह नही रहेगा घर के सदस्यों से किसी कारण ताने सुनने पड़ेंगे।

कर्कः आज के दिन आप अधिक परिश्रम के कारण शारीरिक शिथिलता अनुभव करेंगे लेकिन परिश्रम का सकारात्मक फल मिलने से उत्साहित भी रहेंगे।

सिंहः आज के दिन आपकी महात्त्वकांक्षाये बढ़ चढ़ कर रहेंगी दिखावे की प्रवृति रहने के कारण अन्य लोगो को अपने आगे तुच्छ मानेंगे।

कन्याः आपको आज का दिन मिला-जुला फल देगा दिन के आरंभ में आलस्य एवं किसी बात को लेकर चिड़चिड़े रहेंगे।

तुलाः आज का दिन आपकी सुख शांति में वृद्धि करेगा परन्तु किसी के उकसावे में आकर कुछ समय के लिए विवेक पर नियंत्रण खो सकते है।

वृश्चिकः आज दिन का पहला भाग शांति से बिताएंगे लेकिन इस अवधि में लाभ की आशा आलस्य-प्रमाद की भेंट चढ़ेगी।

धनुः आज के दिन का आरंभिक भाग धन लाभ करेगा किसी अधूरे कार्य के पूर्ण होने से धनागम सुनिश्चित होगा।

मकरः आज दिन के पूर्वार्ध में आप कार्यो को लेकर आलस्य दिखाएंगे परन्तु इसके बाद का समय पूरी निष्ठा एवं तैयारी के साथ अधूरे कार्य पूर्ण करने में लग जाएंगे।

कुंभः आज दिन के पूर्वार्ध में अशुभ समाचार मिलने से बेचैन रह सकते है।

मीनः आज के दिन आप किसी सरकारी उलझन में पड़ सकते है। दो पक्षो के झगड़े में आपका नाम बेवजह आने से व्यर्थ की भाग-दौड़ करनी पड़ सकती है।

सूर्योदय : 05:46, सूर्यास्त : 07:19, चन्द्रोदय : 21:52, चन्द्रास्त : 08:37, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : वर्षा, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : श्रावण, पक्ष : कृष्ण,तिथि : पञ्चमी, नक्षत्र : पूर्वा भाद्रपद, योग : आयुष्मान् (16:14 से सौभाग्य), प्रथम करण : बव (12:33 तक), द्वितीय करण : बालव (23:59 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मिथुन, चंद्र : कुम्भ, मंगल : सिंह (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (उदय, पश्चिम, मार्गी), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) हाल ही में दुनिया की सबसे बड़ी प्रवाल कॉलोनी कहां खोजी गई थी?

2) गोल किस महान खिलाड़ी का आत्मकथा है?

3) पहली महिला ने दुनिया की सैर की-

4) टिहरी गढ़वाल में धांधक आन्दोलन किससे संबंधित था?

5) सार्को पॉड, जो हाल ही में समाचारों में देखा गया है, क्या है?

Ramaquiz

[illegible]

शब्द सागर

मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर रायपुर में शुरू हुआ प्रोजेक्ट 'छाँव', शासकीय परिवारों के समग्र कल्याण की दिशा में प्रशासन की नई पहल

'प्रोजेक्ट छाँव' का आगाज : अधिकारी-कर्मचारियों और परिवारजनों के लिए स्वास्थ्य एवं सेवा शिविर

■ कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं उनके परिजनों ने भी स्वयं स्वास्थ्य परीक्षण करवाया

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रोजेक्ट छाँव की शुरुआत सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर संभागायुक्त श्री महादेव कावरे थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात मुख्य अतिथि श्री कावरे ने सभी डॉक्टरों को पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के मार्गदर्शन में लगातार स्वास्थ्य के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। साथ ही शासकीय अधिकारी कर्मचारियों सहित आम जन के कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा है 7 प्रोजेक्ट छाँव जिला प्रशासन की एक सराहनीय पहल है, जिसमें राजस्व विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रोजेक्ट छाँव शासकीय कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रारंभ किया गया है। विभागों के अधिकारी और कर्मचारी सदैव जनसेवा में व्यस्त रहते हैं, इसलिए वे स्वयं और अपने परिवार के स्वास्थ्य की जाँच नहीं करवा पाते। मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार सभी का स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस प्रोजेक्ट की शुरुआत आज राजस्व विभाग से की गई।

इस स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, श्रम कार्ड जैसी आवश्यक सेवाएँ भी उपलब्ध कराई गईं। कलेक्टर डॉ सिंह ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के माध्यम से हम एक स्वस्थ और सशक्त समुदाय का निर्माण करना चाहते हैं। प्रोजेक्ट छांव में कलेक्टर से लेकर कोटवार तक सभी अपने परिवारजन सहित शामिल हुए। इस दौरान कलेक्टर डॉ गौरव सिंह की धर्मपत्नी एवं माताजी ने मैमोग्राफी सहित अन्य स्वास्थ्य जांच करवाई।

इस अवसर पर डॉ. गौरव सिंह ने सभी हेल्थ काउंटरों, बालको मेडिकल सेंटर की मोबाइल कैंसर डिटेक्शन वैन एवं एमजीएम आई हॉस्पिटल की मोबाइल आई क्लिनिक का निरीक्षण भी किया। यह प्रोजेक्ट 'छाँव' शासकीय कर्मचारियों और उनके परिवारों के समग्र कल्याण के प्रति शासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और एक स्वस्थ, सशक्त समाज के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। शिविर के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा पाँच कोटवारों को मौके पर ही श्रमिक कार्ड बनवाकर प्रदान किए गए। कोटवार संघ द्वारा जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

महिलाओं के लिए मैमोग्राफी जांच

मैमोग्राफी एक विशेष प्रकार की एक्स-रे जांच है जो महिलाओं की स्तनों (ब्रेस्ट्स) की जांच के लिए की जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य स्तन कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में पहचान करना होता है, जब लक्षण अभी दिखाई नहीं देते हैं। सोनोग्राफी एक गैर-विकिरण आधारित जांच है जिसमें ध्वनि तरंगों का उपयोग कर शरीर के अंदरूनी अंगों की छवि बनाई जाती है। जिससे बीमारी का पता लगाया जा सके।

ग्राम पिरदा के कोटवार श्री बिरबल सिंह धीवर ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रशासन द्वारा हमारे लिए इस शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने बीपी, शुगर सहित अन्य स्वास्थ्य जाँचें कराईं। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट किया।

इस शिविर में विशेष रूप से मैमोग्राफी, सोनोग्राफी, टीबी जांच, बोन डेंसिटी चेक, ईसीजी, इको, ब्लड टेस्ट किया गया 7 इस अवसर पर रामकृष्ण, श्री नारायणा, मेडीशाइन, बालाजी, ममता, बालको, लोटस, ग्लोबल, जिला अस्पताल के प्रोफेशनल डॉक्टर एवं स्टाफ ने प्रोजेक्ट छांव में अपनी सेवाएं दी।

इको हार्ट की सोनोग्राफी है

इसमें हाई-फ्रीक्वेंसी साउंड वेव्स का उपयोग कर दिल की धड़कन, वाल्व्स, चेम्बर्स और ब्लड फ्लो को देखा जाता है। श्वष्टत्र मशीन आपके शरीर पर लगाए गए इलेक्ट्रोड्स के माध्यम से दिल की धड़कनों को रिकॉर्ड करती है। इससे पता चलता है कि आपका दिल कितनी नियमितता से और कितनी तेज़ी से धड़क रहा है, और क्या उसमें कोई रुकावट या गड़बड़ी है। शिविर में ECG , सोनोग्राफी, ECO, ब्लड सैंपल, साथ ही RFT, LFT, Vitamin Dx, Bvw, HbAv, Sugar Random सहित अन्य जांच किया गया। ओपीडी में शिशु रोग, दंत रोग, नेत्र रोग, कैंसर रोग, मेडिसिन, किडनी रोग, न्यूरोलॉजी, मेंटल हेल्थ, गैस्ट्रोलॉजी, स्त्री रोग, कार्डियोलॉजी, जनरल एंड लेमोस्कोपी सर्जरी परामर्श, BMD टेस्ट, अस्ति रोग, सहित अन्य विभाग के परामर्श किया गया।

इस अवसर पर एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह, निगम आयुक्त विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन डीसीएम रेलवे अवधेश कुमार त्रिवेदी, सीएमएचओ डॉ मिथिलेश चौधरी और बालको हॉस्पिटल से डॉ. भावना सिरोही सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जानिए क्या है प्रोजेक्ट 'छाँव'

शासकीय अधिकारी-कर्मचारी अपने व्यस्त कार्यालयीन जीवन के कारण वे और उनके परिवार स्वास्थ्य जांच और सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। विभिन्न सेवाओं के लिए अलग-अलग स्थानों पर जाना समय लेने वाला और असुविधाजनक होता है। प्रोजेक्ट छाँव का उद्देश्य शासकीय कर्मचारियों और उनके परिवारों को एक ही स्थान पर स्वास्थ्य सेवाओं और शासकीय योजनाओं की सुलभ और समेकित सुविधा प्रदान करना है। प्रोजेक्ट छाँव के अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के लिए विशेष दिवस निर्धारित किया जाएगा। इन शिविरों में बीपी, शुगर, वजन, ऊँचाई जैसी प्रारंभिक स्वास्थ्य जाँच, सोनोग्राफी, मैमोग्राफी, टीबी जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही जनरल फिजीशियन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ सहित अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श की सुविधा भी दी जाएगी। स्वास्थ्य जागरूकता के अंतर्गत पोषण, जीवनशैली और रोग-निरोधक उपायों से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, श्रम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस जैसी विभिन्न शासकीय योजनाओं का पंजीयन और आवेदन की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में जरूरतमंदों को आवश्यक सामान्य दवाएँ भी निःशुल्क वितरित की जाएंगी, जिससे यह पहल एक समग्र, सुलभ और उपयोगी सेवा मंच के रूप में कार्य करेगी। आज राजस्व विभाग के 1000 अधिकारी-कर्मचारी एवं परिवारजनों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया एवं अन्य सुविधाओं का लाभ लिया।

■ न्यूज गैलरी

बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा रायपुर में नए अंचल कार्यालय का उद्घाटन

रायपुर/नवप्रदेश। भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, रायपुर में अपने नए अंचल कार्यालय परिसर का उद्घाटन करने जा रहा है, जो छत्तीसगढ़ में बैंक के लिए राज्य के प्रमुख केन्द्र के रूप में काम करेगा। रायपुर अंचल पूरे छत्तीसगढ़ राज्य को कवर करेगा, जो बैंक की उपस्थिति को मजबूत करने और ग्राहक संपर्क को और भी सुगम बनाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। नए अंचल कार्यालय क्षेत्राधिकार में बिलासपुर, दुर्ग, धमतरी और रायपुर में चार क्षेत्रीय कार्यालय सहित 212 शाखाओं का नेटवर्क शामिल है। इनमें से लगभग 66त्न शाखाएं, ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं । रायपुर अंचल का गठन बैंकिंग सेवाओं को प्रदेश की जनता तक और भी सुगमता के साथ पहुँचाने, केन्द्र और राज्य सरकार की अपेक्षाओं के अनुरूप जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन करने सहित वित्तीय समावेशन को गति देने के लिए किया गया है।

प्रदेश में अब तक 373.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 373.6 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 567.4 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 181.7 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। सरगुजा में 280.5 मि.मी., सूरजपुर में 463.4 मि.मी., जशपुर में 486.6 मि.मी., कोरिया में 402.8 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 369.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर जिले में 351.9 मि.मी., बलौदाबाजार में 353.1 मि.मी., गरियाबंद में 321.2 मि.मी., महासमुंद में 335.2 मि.मी. और धमतरी में 323.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

महाराष्ट्र मंडल में विद्यार्थी सम्मान व गौरव अलंकरण समारोह

विद्यार्थी, खिलाड़ी समेत समाजसेवी संस्था हुए सम्मानित

सरकारी नौकरी में उतार-चढ़ाव की संभावना नहीं, इनोवेशन को बनाएं ताकत: ओपी चौधरी

रायपुर/नवप्रदेश। इनोवेशन और टेक्नोलॉजी के बिना या उससे डरकर जीवन में आगे नहीं बढ़ा जा सकता है। कुछ लोग टेक्नोलॉनी को अपनाने के लिए हिचकिचाते हैं, लेकिन मुझे इस युवा पीढ़ी से कहना है कि आप अपने जीवन में टेक्नोलॉजी को अपनाएं और आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करें। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में आयोजित विद्यार्थी सम्मान व गौरव अलंकरण समारोह में उक्ताशय के विचार व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि आज दुनिया के अमीर लोगों की सूची में ज्यादातर ऐसे लोग हैं, जिनके दादा- परदादा उनके लिए कोई लंबी- चौड़ी रियासत या वसीयत छोड़कर नहीं गए। अपने इनोवेशन, टेक्नालॉजी, लगन और साहस के बल पर उन्होंने इस मुकाम को हासिल किया। चौधरी ने एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि एक बार वे दिल्ली से रायपुर लौट रहे थे। जब दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे तो वहां अफरा- तफरी मची हुई थी। पूछताछ की तो पता चला कि माइक्रो साफ्ट का सर्वर ठप्प हो गया है, जिसके कारण लोगों की एयर टिकट नहीं बन रही है। गूगल सर्च किया तो पता चला कि इसका असर यूरोप और अमेरिका में तक दिख रहा था। यानी टेक्नोलॉजी आज किस स्तर पर पहुंच गई, यह आप सोच सकते हैं। उन्होंने बिल गेट्स जैसे बैक बेंचर स्टूडेंट का उदाहरण देते हुए कहा कि वे पढ़ाई में होशियार नहीं थे लेकिन उनके पास अपने फ्यूचर के लिए विजन क्लीयर था। उन्होंने एआई तकनीक को अपनाने की अपील युवाओं से की क्योंकि भविष्य एआई का ही होगा।

चौधरी ने जोर देते हुए कहा कि आज हमारी अर्थव्यवस्था फोर ट्रिलियन डालर की ओर बढ़ रही है। ऐसे में आपके किसी भी इनोवेटिव अफर्ड के ऊपर जाने की संभावना सर्वाधिक है, जबकि पहले इतनी नहीं थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकारी नौकरी में आपका कैरियर फ्लेट ही जाएगा। इसमें आप न तो ज्यादा ऊपर जा सकते हो और न ही नीचे गिर सकते हो। इसके विपरीत आपके ओर से किसी गए इनोवेटिव एफर्ड से आपके लिए ऊपर जाने की अनंत संभावनाएं होंगी। वित्त मंत्री ने कहा कि एक तरफ देश विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है और फिर भी आपकी परिस्थितियां नहीं बदलीं, तो इसके लिए आप ही जिम्मेदार होंगे और कोई नहीं।

इन्हें मिला सम्मान

महिला उत्थान और समाज सेवा के लिए अर्पण सेवा समिति को, उत्कृष्ट संस्था के लिए कोपलवाणी चाइल्ड वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन को, क्रीडा क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय रिंग फाइट चैंपियनशिप की रनरअप वर्तिका क्षीरसागर को और ड्रोन दीदी के नाम से मशहूर चंद्रकली वर्मा को गौरव अलंकरण सम्मान से नवाजा गया। इसी तरह 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले संत ज्ञानेश्वर स्कूल के विद्यार्थी रुचिका साहू, रुद्र प्रताप साहू, पूर्वी साहू और बर्षा परिडा को सूत माला स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

प्रदेश के कुछ हिस्सों में होगी बारिश, उमस करेगी परेशान

■ रायपुर-दुर्ग, राजनांदगांव में 5 दिन मौसम ड्राई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अगले पांच दिन बारिश की गतिविधियां कम रहेंगी। यानी इस दौरान तेज बारिश की संभावना नहीं है। स्थानीय प्रभाव से उत्तरी छत्तीसगढ़ के सरगुजा में कहीं-कहीं पर बारिश की स्थितियां बनेंगी। मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ के जिले सूखे रहेंगे। मौसम विभाग के मुताबिक आज जशपुर, सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर में गरज चमक के साथ बिजली गिरने और मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान (30-40 KMPH) से हवा चलेगी। इसके साथ सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर समेत 15 जिलों में गरज चमक के साथ बिजली गिर सकती है। रविवार को रायपुर समेत कई जिलों में मौसम ड्राई रहा जिसके चलते गर्मी और उमस ने लोगों को परेशान किया। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 5 दिन ऐसी ही स्थिति देखने को मिलेगी। कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है।

सभी जिलों में औसत से ज्यादा बारिश

जुलाई का पहला पखवाड़ा बारिश के लिहाज से काफी अच्छा रहा। अब तक प्रदेश में 375.6 मिमी बारिश हो गई है। यह औसत से 13 प्रतिशत ज्यादा है। बेमेतरा और सुकमा को छोड़कर प्रदेश के सभी जिलों में औसत से ज्यादा बारिश हो चुकी है। पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री दुर्ग में और सबसे कम न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री पेन्ड्रा रोड में रिकॉर्ड किया गया। वहीं खरोरा में 30 मिलीमीटर, सक्ती, सुकमा, तिल्दा में 20 मिमी और धरसींवा और बोड़ला में 10 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है।

बलरामपुर जिले में सबसे ज्यादा बारिश

ओवरआल बात करें तो 1 जून से अब तक 375.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 541.3 मिमी बारिश हुई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 177.4 मिमी बारिश दर्ज हुई है।

लंबा रह सकता है मानसून

मानसून के केरल पहुंचने की सामान्य तारीख 1 जून है। इस साल 8 दिन पहले यानी 24 मई को ही केरल पहुंच गया था। मानसून के लौटने की सामान्य तारीख 15 अक्टूबर है। अगर इस साल अपने नियमित समय पर ही लौटता है तो मानसून की अवधि 145 दिन रहेगी। इस बीच मानसून ब्रेक की स्थिति ना हो तो जल्दी आने का फायदा मिलता सकता है।

परिवार से परमात्मा तक की यात्रा का मार्ग है धर्म : मनीष सागरजी महाराज

■ स्वयं को सुधारना हो प्राथमिकता

रायपुर/नवप्रदेश। परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने रविवार को विशेष प्रवचन श्रृंखला में ÷परिवार से परमात्मा तक यात्रा÷ विषय पर प्रवचन दिया। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि परिवार से परमात्मा तक की यात्रा का मार्ग धर्म है। अपने परिवार में स्वच्छ,शांति का वातावरण निर्मित करें, कलह से बचें। कलह में पड़कर आप स्वयं और अपने परिवार का विकास नहीं कर पाएंगे। हमारी पहली प्राथमिकता है खुद को सुधारना। परिवार के सभी सदस्य यदि ऐसा सोचेंगे तो परिवार में शांति का माहौल होगा,कलह नहीं होगी। सभी शांत मन से धर्म से जुड़कर परिवार से परमात्मा तक की यात्रा तय करेंगे।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि सभी आनंद के साथ जीवन जीना चाहते हैं। हमको ऐसा आनंद लेना है जो गंगा के प्रवाह से जैसा हो। इस आनंद को पाने की ट्रेनिंग स्कूल परिवार है। यदि परिवार में अच्छे से ट्रेनिंग ले ली तो हताशा और निराश नहीं होगी। हमें ऐसा स्वभाव रखना है, ऐसा जीने का तरीका डेवलप करना है जो सबको पसंद आए। इससे हम खुद भी आनंद में रहे और लोगों को भी आनंद में रखें।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता है स्वयं को सुधारना। हम अपनी साधना करने ही इस मनुष्य भव में आए हैं। पहले हमें स्वयं को देखना है लेकिन हम दूसरों को देखने में व्यस्त रहते हैं इसलिए अपने ऊपर ध्यान नहीं दे पाते हैं। हम ऐसा मनोभाव डेवलप करें कि जीना है परिवार के साथ। अपना और अपने परिवार का विकास सभी आनंद से परमात्मा जुड़ें। हमारा एक मात्र लक्ष्य होना चाहिए सद्गति की प्राप्ति। हम मनुष्य भव में आए हैं तो किस दुर्गति से आए हैं,यह ज्ञान रहे कि इस दुर्गति को दूर करना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

उपाध्याय प्रवर ने कहा कि राग और द्वेष की जकड़ से हम निकल नहीं पा रहे हैं। परिवार में भी हमें सभी से प्रेम से रहना है। बस एक ही तैयारी होनी चाहिए कि परिवार में रहकर कलह से दूर होकर अपनी सद्गति की तैयारी करूं। अपनों की सद्गति के लिए तैयारी करूं। इस भव को अनेक भाव की उपलब्धि बनाना है इसीलिए के लिए ही आपको परिवार मिला है। अपना विकास और संतान का विकास करना लक्ष्य हो। संतान धर्म मार्ग में आगे बढ़े ऐसा विकास करना चाहिए ना कि यह सोचकर कि आपकी सेवा में काम आए।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जिन शासन के परिवार की पहचान अलग ही होनी चाहिए। परिवार में रह रहे हो तो पहला उद्देश्य होना चाहिए कि शारीरिक रोगों से स्वस्थ रहें। दूसरा उद्देश्य होना चाहिए मानसिक रोगों से स्वस्थ रहें। तीसरा उद्देश्य होना चाहिए कलह मुक्त जीवन जीना चाहिए। चौथा उद्देश्य होना चाहिए प्रेम से जीवन जीना चाहिए। पांचवा उद्देश्य होना चाहिए संतान का विकास करना चाहिए और यह उद्देश्य होना चाहिए कि जब अंतिम समय आए तो समाधि रहे।

महाराष्ट्र मंडल के महिला केंद्रों में हुआ रामरक्षा स्तोत्र

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति की ओर से हर शनिवार होने वाला रामरक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा पाठ इस शनिवार, 12 जुलाई को भी उत्साह के साथ जारी रहा। स्थानीय मंदिरों में होने वाले आध्यात्मिक समिति के इस आयोजन में मराठी परिवारों के साथ गैर मराठी परिवारों के हर आयु वर्ग के लोग सदस्य भी बड़ी संख्या जुटे।

आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था काले ने बताया कि सरोना केंद्र की महिलाओं ने वॉलफोर्ट सफायर सोसायटी के हॉल में हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान डॉ. सुकेशनी जाधव, प्रवीणा बापट, शिखा चोरनेले, प्रियंका बोरवणकर, नेहा किल्लेदार, जयश्री ढेकणे, डॉ. अलका गोले, डॉ. शुभांगी पाचघरे और वैशाली कुंभल उपस्थित रहीं। वहीं डंगनिया केंद्र की तरफ से श्रीराम रक्षा और हनुमान चालीसा पाठ में सदस्यों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

लोधी समाज का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न जिलाध्यक्ष बने तेजशंकर जंघेल

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में 13 जुलाई 2025 को रायपुर जिला लोधी क्षत्रिय समाज के द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण का कार्यक्रम लोधी भवन काँपा पंडरी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष माननीय घनश्याम वर्मा , विशिष्ट अतिथि सुरेश सिंगौर, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ युवा लोधी समाज एवं आमंत्रित अतिथि के रूप में कृष्ण कुमार सिंगौर महामंत्री, विष्णु लोधी प्रदेश कोषाध्यक्ष, जमुना प्रसाद वर्मा अध्यक्ष बिलासपुर लोधी समाज, चंद्र प्रकाश राजपूत सर्किल अध्यक्ष मारो नवागढ़, मोहन उपारकर संरक्षक, बंधु जंघेल संगठन सचिव, उधो जंघेल भिलाई, हीरा वर्मा,भगवती जंघेल, रूपसिंह जंघेल इत्यादि उपस्थित थे।

कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं स्वागत सम्मान के पश्चात क्रमशः रायपुर जिला के 6 सर्किलों के नवनिर्वाचित महिला / पुरूष पदाधिकारियों को एक साथ शपथ ग्रहण करवाया गया, जिसमें पहाड़ी लोधी पारा, रामनगर, गोगांव, उरला अछोली, स्टेशन लोधिपारा, कांपा लोधी पारा थे। तत्पश्चात रायपुर जिला के केंद्रीय कमेटी के निर्वाचित जिलाध्यक्ष तेजशंकर जंघेल, उपाध्यक्ष श्रवण जंघेल, महासचिव दीपक जंघेल, कोषाध्यक्ष प्रकाश जंघेल, संयुक्त सचिव महेन्द्र जंघेल एवं महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती पूजा जंघेल, उपाध्यक्ष श्रीमती पम्पा चंदेल, सचिव श्रीमती राजेश्वरी जंघेल, कोषाध्यक्ष श्रीमती जाम बाई जंघेल, और संयुक्त सचिव श्रीमती चंद्रप्रभा जंघेल को शपथ प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा जी के द्वारा दिलाई गई।

शपथ ग्रहण के पश्चात ही उपस्थित अतिथियों के द्वारा पुष्प हार व गमछा भेंटकर स्वागत किया एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया, साथ ही निर्वाचन कार्य में संलग्न चुनाव अधिकारी व पर्यवेक्षक को भी प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। घनश्याम वर्मा के द्वारा अध्यक्ष उद्बोधन के दौरान रायपुर जिला लोधी समाज के निवर्तमान अध्यक्ष अधीन जंघेल को छत्तीसगढ़ लोधी समाज का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

जैविक दंतेवाड़ा को अग्रिम पंक्ति में लाने की एक ओर सशक्त पहल

✳सीईओ ने खेत में उतर कर श्री विधि से करी रोपाई

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। जिला प्रशासन दंतेवाड़ा एवं कृषि विभाग के संयुक्त प्रयास, तथा कृषक उत्पादक संगठन भूमगादी के सक्रिय सहयोग से जिले में जैविक खेती को वैज्ञानिक आधार पर प्रोत्साहित करने हेतु एक विशेष मिशन मोड अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का मूल उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को व्यापक रूप से अपनाना है। यह पहली बार है जब जिले में बड़े स्तर पर वैज्ञानिक तरीके से श्री विधि एवं कतार रोपा विधि को अपनाकर धान की खेती को नया आयाम देने का संकल्प लिया गया है। अभियान के अंतर्गत 6000 हेक्टेयर क्षेत्र में उन्नत विधियों से खेती का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 1500 हेक्टेयर क्षेत्र में विशेष रूप से श्री विधि को लागू किया जा रहा है।

श्री विधि वैज्ञानिक नवाचार और परंपरा का संयोजन

श्री विधि धान उत्पादन की एक आधुनिक, वैज्ञानिक एवं पर्यावरण-संवेदनशील पद्धति है, जिसके माध्यम से कम संसाधनों के उपयोग से अधिक उत्पादकता प्राप्त की जाती है। इस विधि की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित है 12 से 15 दिन की आयु के स्वस्थ पौधों का कतार में एकल रोपण, जिससे प्रत्येक पौधे को पर्याप्त स्थान, पोषण और प्रकाश मिल पाता है नियमित निराई-गुड़ाई द्वारा वायु संचार को बढ़ावा, जिससे पौधों की जड़ प्रणाली मजबूत होती है और खरपतवार नियंत्रण होता है। जैविक पोषक तत्वों जैसे जीवामृत, गोमूत्र, वर्मी कम्पोस्ट, हंडी खाद आदि का समुचित उपयोग, जो मिट्टी की उर्वरता एवं पौधों की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। संतुलित सिंचाई प्रणाली, जिसमें खेत में स्थायी जल भराव के स्थान पर आवश्यकतानुसार जल प्रदान किया जाता है, जिससे जल संरक्षण संभव हो पाता है।

अभियान की मुख्य विशेषताएँ

उल्लेखनीय है कि उन्नत खेती अभियान के अन्तर्गत जिले भर के कृषि अधिकारियों, विकास अधिकारियों व कर्मचारियों को इस मिशन को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। इसके अलावा ''भूमगादी'' के जैविक कार्यकर्ता प्रायोगिक खेतों के माध्यम से किसानों को श्री विधि व कतार रोपा विधि का सजीव प्रदर्शन करने के साथ-साथ किसानों को जैविक इनपुट जैसे जीवामृत, नीम आधारित कीटनाशक, हंडी खाद, वर्मी कम्पोस्ट आदि के उपयोग की तकनीकी जानकारी और लाभ विस्तार से बता रहे है।

सीईओ द्वारा किसानों से किया गया संवाद, कहा श्री विधि और जैविक खेती में ही है समृद्ध कृषि का रास्ता

आज इस अभियान की प्रायोगिक शुरुआत के तहत विकासखंड गीदम के ग्राम सियानार के खेतों में जाकर जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा ने स्वयं, कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ श्री विधि से रोपा लगाया। इस दौरान उपसंचालक कृषि श्री सूरज पंसारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री अशोक नेताम, एसआर नेताम, भूमगादी के सीईओ श्री आकाश बढ़ावे, आरएईओ श्री सुरेश नाग, जैविक क्लस्टर समन्वयक श्री उदय यादव, क्षेत्रीय कृषक मित्र एवं प्रगतिशील किसान मौजूद रहे। श्री विधि लगाने वाले किसान के खेत में रोपा लगाकर सीईओ श्री जयंत नाहटा ने किसानों के साथ संवाद करते हुए उन्हें वैज्ञानिक एवं जैविक विधियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ÷जैविक खेती और श्री विधि जैसे नवाचार आज की आवश्यकता हैं, जो न केवल उत्पादन को बढ़ाते हैं, बल्कि हमारे जल, मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा भी करते हैं। आज का किसान तभी सशक्त बनेगा जब वह ज्ञान, नवाचार और परंपरा के संतुलन के साथ खेती करेगा। मेरा आह्वान है कि जिले के सभी किसान इस अभियान से जुड़ें और जैविक दंतेवाड़ा को कृषि के क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में खड़ा करें।

न्यूज गैलरी

भावी मतदाताओं को मतदान के महत्व पर किया जागरूक

दंतेवाड़ा। एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक कॉलेज जावंगा में 14 जुलाई 2025 को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य भावी मतदाताओं, विशेषकर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को मतदान के अधिकार और उसकी अहमियत के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया, वोटर आईडी कार्ड बनवाने की जानकारी, और मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक वोट की अहम भूमिका होती है और जागरूक मतदाता ही अच्छे शासन की नींव रखता है। इस अवसर पर युवाओं को यह प्रेरणा दी गई कि वे समय पर अपना वोटर आईडी बनवाएं और आगामी चुनावों में जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाते हुए मतदान अवश्य करें। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि उनमें मतदान के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना भी विकसित करना था। यह पहल युवा पीढ़ी को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी के लिए प्रेरित करेगी और दंतेवाड़ा जिले में समावेशी एवं सशक्त लोकतंत्र की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगी।

प्रेस क्लब किरंदुल वेलफेयर एसोसिएशन ने बांटे रेनकोट व टी-शर्ट

किरंदुल / नवप्रदेश। क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश को देखते हुए प्रेस क्लब किरंदुल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सराहनीय पहल की गई। क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों ने आपस में सलाह कर तय किया कि क्लब के सक्रिय पत्रकारो को बारिश से बचाने रेनकोट बांटा जाए। तेज बारिश में पत्रकार अपने काम में लगे रहते हैं, खबरों के लिए दिन-रात भीगते हैं, ऐसे में ये मदद बड़ी राहत बनकर आई। प्रेस क्लब की इस सोच को सभी पत्रकारों ने सराहा मौसम की मार से बचाने सोमवार सबको उच्च क्वालिटी के रेनकोट वितरित किया गया।ये छोटा सा लेकिन जरूरी कदम उठाया गया, जो दिखाता है कि प्रेस क्लब सिर्फ नाम का नहीं, हर समय एक साथ खड़ा है। इस पहल में संस्था के अध्यक्ष बिप्लव मल्लिक और सचिव संजीव दास की भूमिका खास रही, जिनके मार्गदर्शन में ये वितरण किया गया।

सड़कों की मरम्मत नहीं करा पा रही डबल इंजन सरकार : हरीश कवासी

सुकमा/ नवप्रदेश। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 अब गड्ढों में तब्दील हो गया है। केशलूर से लेकर तोंगपाल तक इतने गढ्ढे हो गए है जिसके कारण यात्रियों को बहुत परेशानी हो रही है। छोटी गाड़िया तो गढ्ढों में ही समा जा रही है। इसलिए अधिकाश यात्री दंतेवाड़ा होकर जाने के लिए मजबूर है। आए दिन शिकायतों के बावजूद डबल इंजन की सरकार सड़कों की मम्मत तक नहीं करा पा रही है, अगर समय रहते सड़कों की मरम्मत नहीं हुई तो उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा उक्त बाते पूर्व जिप अध्यक्ष हरीश कवासी ने कही। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा कि चुनाव से पहले भाजपा ने घूम-घूम कर डबल इंजन की सरकार बना दो तो ये कर देंगे वो कर देंगे जैसे बड़े-बड़े वादे किए। लेकिन हकीकत यह है

कि राष्ट्रीय राजमार्ग 30 की मरम्मत कार्य तक नहीं करा पा रहे है। केशलूर से लेकर तोंगपाल के बीच सैकड़ों बड़े-बड़े गढ्ढे है जहां से वाहनों का चलना मुष्किल हो गया है। मजबूरी में यात्री दंतेवाड़ा होकर जगदलपुर जा रहे है जिससे उन्हे अतिरिक्त पैसे खर्च करने पड़ रहे है। वहीं कई बार शिकायते हुई और मम्मत के नाम पर कुछ गढ्ढों में मुरूम डाला गया वो भी एक-दो बारीश में बह जाएंगा। क्योंकि गढ्ढे इतने बड़े है और भारी वाहनों की आवाजाही है इसलिए उन गढ्ढों का स्थाई समाधान करना पड़ेगा। डबल इंजन की सरकार के नेता फोर लाईन की बात कह रहे है पहले सड़क को चलने के लायक बना दो उसके बाद फोर लाईन बनाने की बात कहना चाहिए। साथ ही सुकमा और कोंटा के बीच की सड़क विधायक माननीय कवासी लखमा और उनके कार्यकर्ताओं के सर्घष के बाद बनी है लेकिन अब उस सड़क की भी स्थिति खराब हो रही है। जगह-जगह गढ्ढे हो गए है उस सड़क की भी मरम्मत होनी चाहिए ताकि आम जनता बिना परेशानी के आवागमन कर सके। अगर समय रहते सड़कों की मरम्मत कार्य नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएंगा जिसकी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

कवासी हरीश
पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत सुकमा

एग्रीस्टैक के माध्यम से नवीन पंजीयन 31 अक्टूबर तक

एमसीबी/ नवप्रदेश। आगामी धान खरीदी सीजन 2025-26 के लिए राज्य शासन ने भारत सरकार के एग्रीस्टैक प्रोजेक्ट के अंतर्गत किसान पंजीयन को अनिवार्य कर दिया है। इसके तहत प्रदेश भर में किसानों को एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीकृत किया जाएगा, जिससे कि उन्हें समर्थन मूल्य पर धान विक्रय की सुविधा मिल सके। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। जिले के सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को निर्देशित किया गया है कि वे एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से किसानों का नवीन पंजीयन एवं फसल रकबे का संशोधन कार्य प्राथमिकता के आधार पर संपादित करें। एग्रीस्टैक के माध्यम से किया गया पंजीयन ई-केवाईसी युक्त होता है, जिससे दोहराव की संभावना समाप्त हो जाती है और किसानों की वास्तविक पहचान सुनिश्चित होती है। राज्य शासन द्वारा यह व्यवस्था इसलिए की जा रही है ताकि कृषकों को शासकीय योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से मिल सके। धान खरीदी के लिए राज्य शासन के द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल विकसित किया गया है, जिसमें पंजीयन की प्रक्रिया प्रतिवर्ष 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक संचालित की जाती है। इस वर्ष भी खरीफ सीजन से लिए यह प्रक्रिया निर्धारित अवधि में पूर्ण की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस बार कृषक पंजीयन हेतु खाद्य विभाग, राजस्व विभाग और कृषि विभाग के बीच इंटर डिपार्टमेंटल समन्वय को सुदृढ़ किया गया है। खाद्य विभाग द्वारा धान खरीदी पोर्टल पर किसानों का डाटा एग्रीस्टैक की फार्मर रजिस्ट्री से एपीआई के माध्यम से लिया जाएगा, जो पूरी तरह से ई-केवाईसी आधारित होगा। इसी के साथ राजस्व विभाग द्वारा संधारित भूइयों पोर्टल में दर्ज किसानों की भूमि जानकारी और गिरदावरी रिकॉर्ड को भी आधार सीडिंग के माध्यम से एकीकृत किया जा रहा है।

स्टार्टअप हंट दंतेवाड़ा 2025 युवाओं के सपनों को मिलेगा उड़ान का मंच'

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश।दंतेवाड़ा जिला प्रशासन एक बार फिर नवाचार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम उठा रहा है। इस बार फोकस है युवाओं की उद्यमशीलता पर। स्टार्टअप हंट दंतेवाड़ा 2025 नामक यह आयोजन, 'शार्क टैंक' की तर्ज पर 9 अगस्त को यूथ हब, गीदम में आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिले के युवा अपने बिजनेस आइडियाज को निवेशकों और विशेषज्ञों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इस अनूठे कार्यक्रम का उद्देश्य है जिले में स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना, स्थानीय रोजगार के अवसर पैदा करना और युवाओं को आर्थिक विकास का भागीदार बनाना। प्रतियोगिता में 16 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वे युवा भाग ले सकते हैं, जिनके पास कोई नया व्यावसायिक विचार है या जिन्होंने अपना स्टार्टअप शुरू किया है। भागीदारी व्यक्तिगत या टीम के रूप में की जा सकती है। स्टार्टअप हंट दंतेवाड़ा 2025 सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक व्यापक मंच है जहाँ चयनित प्रतिभागियों को न केवल विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में आइडिया पिच करने का मौका मिलेगा, बल्कि फंडिंग, मेंटरशिप, प्रशिक्षण, नेटवर्किंग और मार्केट एक्सेस जैसी सुविधाएं भी दी जाएंगी। इसके अलावा, स्टार्टअप्स को तकनीकी सहयोग और जिला प्रशासन का संस्थागत समर्थन भी मिलेगा, जिससे वे अपने व्यवसाय को सशक्त रूप से आगे बढ़ा सकें। यह पहल दिखाती है कि दंतेवाड़ा अब सिर्फ प्राकृतिक सौंदर्य या खनिज संपदा के लिए ही नहीं, बल्कि नवाचार, आत्मनिर्भरता और स्टार्टअप संस्कृति के नए केंद्र के रूप में भी अपनी पहचान बना रहा है। पंजीयन की प्रक्रिया 13 जुलाई से शुरू होकर 20 जुलाई 2025 तक चलेगी। इच्छुक प्रतिभागी स्टार्टअप हंट दंतेवाड़ा रजिस्ट्रेशन फॉर्म लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए यूथ हब मैनेजर से संपर्क करें 7000453917 स्टार्टअप हंट दंतेवाड़ा 2025 निश्चित रूप से जिले के युवाओं के लिए एक नई उम्मीद, नया मंच और नए अवसरों का द्वार साबित होगा।

आईसीडीएस लिपिक को तबादले बाद भी रिलीव नहीं करने का मुद्दा गरमाया

❂ जिला कार्यक्रम अधिकारी 5वीं अनुसूची नियम का हवाला देकर बगैर रिलीवर भारमुक्त करने से कर रहे मना.

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिला महिला एवं बाल विकास विभाग में करीब डेढ दशक से एक ही कार्यालय में जमे लिपिक का तबादला का मुद्दा अब पुरी तरह से गरमा गया है। इस मामले में जिला कार्यक्रम अधिकारी लिपिक का बचाव करते 5वीं अनुसूची क्षेत्र के नियम का हवाला देते एकतरफा भारमुक्त करने से इंकार कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर कोया समाज के अध्यक्ष ने जिला कार्यक्रम अधिकारी के 5वीं अनुसूची वाले इस तक को गलत करार दिया है और कहा है कि 5वीं अनुसूची में ऐसा कोई नियम हमने आज तक देखा पढ़ा नहीं है।

दंतेवाड़ा का महिला बाल विकास विभाग हमेशा से ही किसी न किसी मामलों को लेकर विवादों में घिरा रहा है। इस बार विभाग मीडिया में इस वजह से सूर्खियों में है कि विभाग का एक लिपिक संतोषा झा का तबादला शासन ने 25 जून को रायगढ के लैलूंगा में किया है मगर लिपिक श्री झा है कि यहां से जाने को तैयार ही नहीं है वहीं उन्हें जिला कार्यक्रम अधिकारी वरूण नागेश का भी इस मामले में पूरा साथ मिला हुआ है। श्री नागेश भी अपने चहेते लिपिक संतोष झा को भारमुक्त किसी कीमत पर करना नहीं चाह रहे। जिला कार्यक्रम अधिकारी और सहायक ग्रेड 2 संतोष झा की केमेस्ट्री काफी तगड़ी है। महिला बाल विकास विभाग के लिपिक को तबादले बाद भी उन्हें भारमुक्त नहीं करने के पीछे कई कारण बताए जा रहे हैं। डीपीओ श्री नागेश से फोन कर श्री झा को तबादले के बाद भी भारमुक्त नहीं किए जाने का कारण पुछा गया तो उन्होने कहा कि शासन का स्पष्ट निर्देश और नियम है कि 5वीं अनुसूची क्षेत्र में किसी भी अधिकारी कर्मचारी का स्थानांतरण होता है तो रिलीवर के बिना एक तरफा भारमुक्त नहीं करना है। रिलीवर आने के बाद भी भारमुक्त करना है। हम तो शासन के इसी आदेश का पालन कर रहे हैं। वहीं दुसरी ओर जिला कलेक्टर ने अपनी बैठकों में स्पष्ट कहा है कि 3 दिवस के भीतर स्थानांतरण हुए अधिकारी कर्मचारी को भारमुक्त किया जाए। अब समझ में ये नहीं आ रहा कि यहां कलेक्टर की बात मानी जाए या श्री नागेश जो शासन के नियमों का हवाला देकर अपने बाबु को एकरफा भारमुक्त करने से इनकार कर रहे हैं उनकी बात को सच माना जाए। हाल ही में दंतेवाड़ा तहसीलदार का भी स्थानांतरण हुआ था जिसके तुरंत बाद वे बिना रिलीवर के यहां से भारमुक्त होकर नवीन पदस्थापना स्थान पर चले गए थे।

संपर्क और संवाद को जोड़ने श्रमजीवी पत्रकार संघ की अनूठी पहल

✳ किरंदुल एनएमडीसी अधिशासी निदेशक रविन्द्र नारायण को भेंट की टेलीफोन डायरी

किरंदुल / नवप्रदेश। संपर्क और संवाद को मजबूत करने प्रदेश के सबसे बड़े पत्रकार संगठन छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा टेलीफोन डायरेक्टरी वितरित की जा रही है।रविवार दंतेवाड़ा जिला इकाई के अध्यक्ष आजाद सक्सेना ब्लॉक अध्यक्ष संजीव दास के नेतृत्व में पत्रकारों की टीम लौह नगरी किरंदुल में एनएमडीसी के अधिशासी निदेशक रविन्द्र नारायण से सौजन्य मुलाकात कर प्रदेश स्तर पर प्रकाशित पत्रकार दूरभाष निर्देशिका टेलीफोन डायरी भेंट की। यह डायरी प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी और उनकी टीम के प्रयास से तैयार की गई है, जिसमें प्रदेश के पत्रकारों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि, रोजगार कार्यालय, परीक्षा मंडल, समाचार पत्र कार्यालय, पक्ष विपक्ष के राजनीतिक बड़े पदाधिकारी, विश्वविद्यालय, प्रमुख कार्यालयों और सामाजिक संस्थानों के संपर्क नंबरों को जोड़ा गया है। इस निर्देशिका का उद्देश्य सभी पत्रकारों को एक सूत्र में जोड़ना है जिससे संपर्क और संवाद व्यवस्था सुलभ हो सके। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रविन्द्र नारायण ने पत्रकारों की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकार समाज का सजग प्रहरी होता है और इस प्रकार की निर्देशिका हर कार्य में उपयोगी सिद्ध होती है।उन्होंने जिला इकाई के सभी पत्रकारों का आभार जताया और इस प्रयास को अनुकरणीय बताया। इस दौरान जिला अध्यक्ष आजाद सक्सेना, ब्लॉक अध्यक्ष संजीव दास जिला उपाध्यक्ष रामकृष्णा बैरागी, कार्यालय सचिव शेखर दत्ता, जिला सह सचिव रघुराव, ब्लॉक सचिव रवि कुमार दुर्गा, ब्लॉक उपाध्यक्ष किशोर जाल आदि मौजूद थे।

पेज 1 का शेष

खाद-बीज, बिजली और...

सुनिश्चित की जाएगी। इसी दौरान विपक्षी विधायकों की टोकाटाकी के बीच राजेश मूणत ने कह दिया कि पीएससी घोटाला समेत भर्ती के सभी घोटाले पूर्व सरकार के हैं। मूणत के इतना कहते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि परीक्षा की प्रक्रिया विधानसभा चुनाव से पहले शुरू हुई। परिणाम आने के बाद शिकायत आई। जांच में पाया गया कि अनियमितता हुई है। रिश्तेदार एक साथ बैठे थे। जांच के बाद किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। सीजी पीएससी की तरह इसमें भी बड़ी जांच होगी।

भूपेश बघेल ने सवाल किया कि विभागीय परीक्षा 2024 में हुई है तो सत्ता पक्ष पिछली सरकार पर कैसे आरोप लगा रहा है। राजस्व मंत्री ने कहा कि जनवरी 2024 में परीक्षा हुई। इसके बाद विपक्ष के विधायकों ने तीखा विरोध करते हुए जमकर हंगामा किया। उन्होंने कहा कि जनवरी 2024 में भाजपा सरकार थी। पूरी प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के दोषियों को बचाने की कोशिश की जा रही है। भूपेश ने विभागीय भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। इसी दौरान विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

बाक्स ... खाद संकट पर सदन में भारी हंगामा

शून्यकाल में नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राज्य में खाद-बीज संकट का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पूरे राज्य में खाद की भारी किल्लत से किसान परेशान है। इस विषय पर हमारा स्थगन स्वीकार कर इस पर चर्चा कराई जाए। उमेश पटेल ने कहा कि सरकार जानबूझकर किसानों को खाद उपलब्ध नहीं करा रही, ताकि धान का उत्पादन कम हो सके। भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खाद संकट से किसान हलाकान है। सरकार खाद उपलब्ध कराने में पूरी तरह नाकाम है। किसान मार्केट से दोगुने भाव में खाद खरीदने पर मजबूर हैं।

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने जवाब देते हुए कहा कि किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए जागरूक किया जा रहा है। वैकल्पिक खाद के उपयोग की जानकारी देने कृषि वैज्ञानिकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। युद्ध के कारण रासायनिक खाद की आपूर्ति प्रभावित हुई है। वैकल्पिक उर्वरक एनपीके के उपयोग की अनुशंसा के साथ ही बड़ी मात्रा में इसका भंडारण भी किया गया है। पोटाश का भी पर्याप्त भंडारण किया गया है। 28 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में बोनी हो चुकी है।

महेंद्र कर्मा विवि भर्ती में ...

नहीं की जा सकती है लेकिन 54, 48, 46, 42 साल के व्यक्ति को सलेक्ट किया गया है। उन्होंने इस मामले की जांच कराने की घोषणा करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर में भर्ती के संबंध में शिकायत मिली थी। जांच कमेटी का गठन किया गया है। जांच हो रही है। रिपोर्ट आने पर कार्यवाही की जाएगी।

शुभांशु की आईएसएस ...

अच्छा है, और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह और बेहतर हुआ है। उनके प्रयासों से यह मिशन सफल हुआ। शुभांशु की बहन शुचि मिश्रा ने कहा, हम उत्साहित और थोड़े नर्वस भी हैं। यह मिशन का आखिरी और महत्वपूर्ण चरण है। स्प्लैशडाउन के बाद हम राहत महसूस करेंगे। उन्होंने बताया कि परिवार ने सावन के पहले सोमवार को मंदिर में पूजा की और भगवान को अब तक की सफलता के लिए धन्यवाद दिया।

शुचि ने कहा, शुभांशु खुश थे कि उन्होंने मिशन के सभी लक्ष्य हासिल किए, लेकिन थोड़े उदास भी थे क्योंकि वे कुछ और समय अंतरिक्ष में बिताना चाहते थे।

उन्होंने गर्व से कहा, सारे जहां से अच्छा हमारा हिंदुस्तान है। शुभांशु ने अंतरिक्ष से भारत की एकता और सुंदरता को देखा, जो अपने आप में गर्व की बात है।

शुचि ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस मिशन को विजन के साथ शुरू किया और शुभांशु को प्रेरित किया।

उन्होंने कहा, 140 करोड़ भारतीयों का समर्थन शुभांशु के साथ है। यह अपने आप में प्रेरणादायक है। परिवार का विश्वास है कि भगवान शिव की कृपा और देश के समर्थन से शुभांशु की वापसी सफल होगी।

बिहार में वज्रपात से नौ ...

राजधानी पटना के मोकामा में बिजली की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। वहीं, पंडारक में बिजली गिरने से एक भैंस मर गई। इसके अलावा, वैशाली जिले के चकमसूद गांव में बिजली गिरने से एक लड़की की मौत हो गई।

बांका में जिलेबिया मोड़ के पास एक कांवडिया किशोर भी बिजली की चपेट में आने से घायल हो गया। ज्यादातर घटनाएं रविवार शाम 5 बजे से रात 9 बजे के बीच हुईं।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बिहार के लिए नया अलर्ट जारी किया है। गंगीय पश्चिम बंगाल और झारखंड के ऊपर चक्रवाती हवाओं के सक्रिय होने के कारण बिहार के मौसम में अस्थिरता बनी रहेगी।

आंध्र प्रदेश में लॉरी ...

खोने पर लॉरी तटबंध से टकराकर पलट गयी जिसमें काम करने वाले नौ मजदूरों की मौत हो गयी तथा अन्य 12 घायल हो गए। पुलिस ने बताया मृतकों की पहचान चित्तेम्मा (25), सुब्बा रत्नम (45), गज्जला दुर्गय्या (32), गज्जला श्रीनु (33), गज्जला लक्ष्मी देवी (36), राधा (39), गज्जला रमण (42) वेंकट सुब्बम्मा (37) और मुनिचंद्र (38) के रूप में की गई। घायलों को राजमपेट के जीजीएच में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि सभी मृतक और घायल रेलवे कोडुर मंडल के सेट्टीगुंटा गांव स्थित एसटी कॉलोनी के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय लॉरी में लगभग 30 टन आम था।

निमिषा को बचाने के लिए ...

रही थी, जिसमें विदेश मंत्रालय से निमिषा की फांसी रोकने के लिए कूटनीतिक प्रयास करने की मांग की गई थी।

याचिका में कहा गया कि शरिया कानून के तहत 'दिया' (खून का पैसा) देकर मौत की सजा को टाला जा सकता है। भारतीय नागरिक निमिषा प्रिया को एक यमनी नागरिक तलाल अब्दो मेहद की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई गई है। वे पिछले तीन साल से जेल में है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यमनी राष्ट्रपति राशद अल-अलीमी के आदेश के बाद उनकी फांसी बुधवार को हो सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने विदेशी देश में फांसी रोकने का आदेश देने में असमर्थता जताते हुए मामले में अगली सुनवाई के लिए 18 जुलाई तय की है। साथ ही कोर्ट ने केंद्र से उस तारीख को नई स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। इस बीच, केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि वे निमिषा प्रिया की जान बचाने के लिए संबंधित अधिकारियों के जरिए हस्तक्षेप करें।

निमिषा की मां, प्रेमा कुमारी (57) अपनी बेटी की सजा माफ कराने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं। उन्होंने पीड़ित परिवार को खून का पैसा देने के लिए सना की यात्रा भी की है। उनके प्रयासों को यमन में रहने वाले एनआरआई सामाजिक कार्यकर्ताओं के समूह 'सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल' का समर्थन प्राप्त है।

समाज में ऐसे लोग जरूरी...

उन्होंने ऐसे कई लोगों के उदाहरण भी दिए, जिन्होंने सरकार के खिलाफही किसी मामले में अर्जी दाखिल की थी। उन्होंने कहा कि प्रशासन में अनुशासन बनाए रखने के लिए यह जरूरी चीज है।

नितिन गडकरी ने कहा कि कई बार ऐसा हुआ है कि जब लोग अदालत गए तो सरकार को अपने किसी फैसले से पीछे हटना पड़ा।

■ न्यूज गैलरी

आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

कांकेर / नवप्रदेश। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नाला में बहने व डूबने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। तहसील सरोना के ग्राम मुड़पार निवासी 59 वर्षीय विमल राम मंडावी की नाला में बहने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी श्रीमती सगोबाई को चार लाख रुपये की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

स्वरोजगार स्थापना हेतु ऋण प्राप्त करने 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

कांकेर / नवप्रदेश। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर द्वारा जिले में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों से स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बैंक प्रवर्तित योजनांतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के लिए अंत्योदय स्वरोजगार योजना और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत् ऋण प्रदाय किया जाएगा।जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदक को संबंधित जाति वर्ग तथा जिले का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक की पारिवारिक वार्षिक आय शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में 01 लाख 50 हजार रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। साथ ही राजस्व अधिकारी द्वारा प्रमाण-पत्र जारी नहीं होने पर सरपंच एवं पटवारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र मान्य होगा। आवेदक की उम्र 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इच्छुक आवेदक को जन्मतिथि दर्शित पांचवी, आठवीं व दसवीं की अंकसूची, आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र, 02 पासपोर्ट साईज की फोटो, बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ 10 रूपए के स्टाम्प पर किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था से ऋण अनुदान का लाभ नहीं लेने का शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उपरोक्त पात्रता एवं शर्तें रखने वाले आवेदक जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर, कलेक्ट्रेट कम्पोजिट भवन के प्रथम तल, कक्ष क्रमांक 06 में कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

संकुल समन्वयकों का बैठक संपन्न

नारायणपुर/ नवप्रदेश। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं जिला मिशन समन्वयक जी. भवानी शंकर रेड्डी की अध्यक्षता में 14 जुलाई को जिला पंचायत के सभा कक्ष में विकास खण्ड स्तरीय, विकास खण्ड नारायणपुर के संकुल समन्वयकों का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए मुख्य रूप से शाला त्यागी एवं शाला अप्रवेशी, पाठ्यपुस्तक स्कैनिंग, गणवेश, नकपेम में विद्यार्थियों के प्रोग्रेशन, इको क्लब का गठन एवं नोटिफिकेशन अपलोड करने तथा समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग छात्र छात्राओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु संकुल समन्वयकों को स्कूलों की नियमित मॉनिटरिंग की जीपीएस कैमरे द्वारा फोटो लेकर व्हाट्सअप ग्रुप में शेयर करने निर्देशित किया। बैठक में सहायक कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती कविता हिरवानी, एडीपीओ महेंद्र कुमार देहरी, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी डी. बी. रावते, बीआरसी नंदरे एवं एबीपीओ उपस्थित थे।

ग्राम जुईली में हैंडपंप की मरम्मत और क्लोरीनेशन कार्य संपन्न

एमसीबी/नवप्रदेश। जिले के भरतपुर विकासखंड के ग्राम जुईली में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल स्त्रोतों की शुद्धता और मरम्मत को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल की गई। गांव में स्थित स्कूल परिसर के हैंडपंप में पिछले कुछ समय से गंदे पानी की शिकायतें मिल रही थीं, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विभागीय तकनीकी टीम ने मौके पर पहुंचकर हैंडपंप की मरम्मत एवं जल स्त्रोत का क्लोरीनेशन कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। मरम्मत कार्य के तहत तकनीकी खराबियों को दूर किया गया और जल को कीटाणु रहित बनाने के लिए क्लोरीन मिश्रण के माध्यम से शुद्धीकरण किया गया। इस पहल से न केवल विद्यालय परिसर में अध्ययनरत बच्चों को स्वच्छ जल सुलभ हुआ, बल्कि समस्त ग्रामीणों को भी शुद्ध और सुरक्षित पेयजल प्राप्त होने लगा है। कार्य के दौरान विभागीय कर्मचारियों के साथ स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति एवं सक्रिय सहयोग सराहनीय रहा। विभाग के अधिकारियों ने इस अवसर पर बच्चों और ग्रामीणों को स्वच्छ जल के महत्व, जल जनित बीमारियों से बचाव और व्यक्तिगत स्वच्छता के विषय में भी जानकारी दी।

दुधारू पशु वितरण योजना के तहत बड़गांव में 75 महिलाओं को वितरित की गई दुधारू गाय

❖ **पायलट प्रोजेक्ट के तहत कांकेर जिला चयनित**

कांकेर / नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा आदिवासी महिला किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ÷दुधारू गाय वितरण योजना संचालित की गई है, जिसका द्वितीय चरण कांकेर जिले के बड़गांव में संपन्न हुआ। जिले के बड़गांव (पखांजूर) में शनिवार 12 जुलाई को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कांकेर सांसद श्री भोजराज नाग ने कहा कि आदिवासी वर्ग की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए दुधारू गाय वितरण योजना राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई है। उन्हें दुग्ध उत्पादन से जोड़कर समावेशी विकास की ओर अग्रसर किया जाएगा, जिससे वे समृद्ध हो सके। सांसद श्री नाग ने बधाई देते हुए महिला कृषकों को अपनी शुभकामनाएं दीं। इस दौरान अंतागढ़ विधायक श्री नाग ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया।

इस योजना के तहत जिले की 75 आदिवासी महिला किसानों को दुधारू गायें प्रदान की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य आजीविका संवर्धन, पोषण सुधार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। उल्लेखनीय है कि योजना अंतर्गत चयनित आदिवासी महिला किसानों को सहीवाल नस्ल की 2-2 दुधारू गायें वितरित की जा रही हैं। यह पहल राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक संस्था एनडीडीबी डेयरी सर्विसेस के सहयोग से छत्तीसगढ़ राज्य दुग्ध महासंघ मर्यादित द्वारा संचालित की जा रही है। राज्य सरकार इस योजना में 50 प्रतिशत तक अनुदान दे रही है, जबकि 40 प्रतिशत राशि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के माध्यम से रियायती ब्याज दर पर ऋण स्वरूप प्रदान की जा रही है। शेष 10 प्रतिशत राशि लाभार्थियों द्वारा दी जाएगी। ऋण की वसूली किसानों के दूध विक्रय के माध्यम से की जाएगी।

जनदर्शन में मिली शिकायत और आवेदनों के निराकरण का कलेक्टर ने दिया निर्देश

❂ **दिलाया जल्द निराकरण करने का भरोसा**

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवो से पहुंचे लोगों से मुलाकात किया। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण कराने भरोसा दिलाया एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

आज जनदर्शन में कृष्णपाल दास तहसीलपारा द्वारा तहसीलदार द्वारा पारित आदेश के अनुपालन हेतु अतिक्रमण हटवाने, सुरमोतीन पद भृत्य बुनियादी गरांजी द्वारा स्थानांतरण को निरस्त करने, विश्वनाथ भोयर ग्राम बेलगांव द्वारा एनएच 130डी रोड के संबंध में, बसंत देवांगन बुधवारी बाजार द्वारा राजस्व प्रकरण वर्ष 2020-21 की सत्यापित प्रतिलिपि तहसील कार्यालय नारायणपुर से दिनांक 9 जनवरी 2025 को चाहने बाबत नकल आवेदन करने के बाद से आज दिनांक तक अप्राप्त होने के संबंध में, आयतीबाई नाग बखरूपारा द्वारा आने जाने के मार्ग के अवशेष को हटा कर हमें मुख्य मार्ग तक आने जाने हेतु मार्ग दिलाने, सरपंच ग्राम पंचायत कुढ़ागांव निर्माण कार्य की स्वीकृति अनुमोदन, समदेर दुग्गा ग्राम गोर्रा, इरको द्वारा आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य पूर्ण करने, सरपंच ग्राम पचांयत मातला द्वारा ग्राम सिरपुर में घोटूल निर्माण, ग्राम मातला से पानीगांव सड़क निर्माण एवं पंचायत भवन निर्माण, महेश पिता चमरा एवं अन्य ग्राम फरसगांव एवं अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत बगैर अनुमति एवं मुआवजा के जमीन अधिग्रहण कर तालाब निर्माण किए जाने के संबंध में न्याय दिलाने, निर्मला साहू द्वारा जिले में संचालित पुस्तकालय में कार्य करने, बिरेन्द्र ठाकुर ग्राम आमाडुला जिला बालोद द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में, गणेश सोढ़ी सरपंच नाऊमुजमेटा द्वारा सीसी रोड स्वीकृति करवाने, सरपंच एवं अन्य ग्रामवासी करलखा द्वारा गांव के शासकीय भूमि का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने, स्कूल मैदान में गोबर रखने एंव पुराने सीसी रोड को डामरीकरण करवाने, पिंकी उसेण्डी अध्यक्ष जनपद पंचायत नारायणपुर द्वारा निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदाय, सरपंच एवं अन्य ग्रामवासी ग्राम पंचायत ओरछा द्वारा ग्राम पचांयत झारावाही में स्थायी नर्स या डॉक्टर स्कूल में लाईट टॉवर एवं गांव की मूलभूत सुविधा हेतु तथा सड़क को बनवाने हेतु, बुधराम कोर्राम सरपंच ग्राम पंचायत तारागांव द्वारा नवीन प्राथमिक शाला भवन, नवीन आंगनबाड़ी भवन के मांग, आविद खान कुम्हारपारा द्वारा सहायता राशि प्रदाय करने, सरपंच एवं उपसरपंच ग्राम पंचायत महिमागवाड़ी द्वारा चार दिवारी निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदाय करने, लता कोर्राम एवं जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 7 द्वारा हास्पिटल में डॉक्टर की मांग एवं जनरेटर इन्सटाल एवं एसबीआई पुनः संचालित,के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया।

प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश काउंसिलिंग आज

कांकेर/ नवप्रदेश। प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की वर्गवार मेरिट एवं प्रतीक्षा सूची विभाग की वेबसाइट httpsÑ//eklavya.cg.nic.in में अपलोड की गई है। मेरिट के आधार पर विद्यार्थियों की काउंसिलिंग प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में 15 जुलाई से आयोजित की जाएगी। आदिवासी विकास विभाग की सहायक आयुक्त ने बताया कि प्रतीक्षा सूची में दर्शित विद्यार्थी निर्धारित तिथि व समय में अनिवार्य दस्तावेज सहित उपस्थित हो सकते हैं। कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग की तिथि निर्धारित की गई है, जिसमें अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालक के लिए काउंसिलिंग 15 जुलाई को प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक होगा। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालिका हेतु 16 जुलाई, अनुसूचित जाति बालक-बालिका हेतु 17 जुलाई तथा अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग बालक-बालिका एवं अल्पसंख्यक बालक-बालिका के लिए 18 जुलाई प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे निर्धारित की गई है।

सहायक आयुक्त ने बताया कि काउंसिलिंग में विद्यार्थी को अपना प्रवेश पत्र, सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र, वर्ष 2024-25 में कक्षा 8वीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। इसके अलावा यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित है तो इस आशय का संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र, शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र, मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा जांच प्रमाण पत्र, सिकल सेल जांच प्रमाण पत्र एवं स्वयं का 02 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो आदि आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

अंतागढ़ नगर में निकाली गई कांवड़ यात्रा, भगवान शिव का किया जलाअभिषेक

अंतागढ़। सावन के पहला सोमवार से ही पूरे प्रदेश भर में कावड़ यात्रा का सिलसिला चालू हो गया है लोग अपनी श्रद्धा के अनुरूप पूजा अर्चना कर बोले नाथ को प्रसन्न करने में लगे है ऐसे में अंतागढ़ में भी इस सावन के पहला सोमवार से ही कावड़ यात्रा प्रारंभ किया गया है जिसमें नगर के श्रद्धालुओ द्वारा आज सोमवार को सुबह छःबजे अंतागढ़ के बड़ी नदी से कावड़ में जल भर कर तीन किलोमीटर पैदल चल नयापारा शिव मंदिर में भोले नाथ को जल का अभिषेक किया, ऐसे ही कावड़ यात्रा सावन माह के पूरे चार सोमवार को किए जायेंगे जिसमे पहला सोमवार को आज नयापारा शिव मंदिर दूसरा सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय स्थित शिव मंदिर तीसरा सोमवार को राम मंदिर स्थित शिव मंदिर और चौथा एवं अंतिम सोमवार को देवनी डोकरी स्थित शिव मंदिर में जल अभिषेक किया जाएगा। आज पहला सोमवार को कांवड़ यात्रा में नगर के श्रद्धालु शामिल हुए

मंदिरों में भी सुबह से रही भक्तों की भीड़,गूंजा हर हर महादेव

हर हर महादेव की गूंज आज शिव मंदिरों सहित अन्य मंदिरों में भी गूंजा सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में पूजा अर्चना करते दिखे भक्त शिव जी को जल दूध से अभिषेक कर बेलपत्री दतुरा चावल पूजा की अन्य सामग्री चढ़ाते नजर आए कहते है कि सावन के महीने में अगर शिव जी की श्रद्धा से पूजा की जाए और उनसे कोई वरदान मांगा जाए तो शिव जी अपने भक्तों को नाराज नहीं करते और सभी की मनोकामना पूरी करते है।

सावन के पहले सोमवार पर शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव

■ **शिवालयों में जलाभिषेक करने सुबह से लगी रही श्रद्धालुओं की भीड़**

दंतेवाड़ा /नवप्रदेश। । पवित्र श्रावण माह की पहली सोमवार होने से आज नगर के सभी शिवालयों में हर हर महादेव की गूंज सुनाई पड़ रही है। भक्त अल सुबह से ही शिवालयों में पहुंच जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से सुख शांति व समृद्धि का आर्शीवाद मांग रहे हैं। जिला मुख्यालय समेत आसपास के सभी शिवालयों में भोलेनाथ के दर्शन पूजन करने भक्तों की काफी भीड़ देखी जा रही है।

गौरतलब है कि इस वर्ष सावन मास 11 जुलाई से प्रारंभ हुआ है, इस श्रावण मास में 4 सोमवार पड़ेंगे आज 14 जुलाई को श्रावण मास का पहला सोमवार पड़ा है। आज पहले सावन सोमवार होने से नगर के सभी शिवालयों में भोलेनाथ के दर्शन पूजन के लिए सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। दंतेश्वरी मंदिर रोड स्थित दोनों शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालु भोलेनाथ को जलाभिषेक करने पहुंचे थे। माईजी मंदिर के पीछे स्थित भैरमदेव बाबा मंदिर में भी भक्तों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। भक्त शिवालयों में पहुंच जलाभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा एवं कनेर के फूल व पुष्प शिवलिंग में अर्पित कर भोलेनाथ से सुख समृद्धि का आर्शीवाद मांगते रहे।

श्रावण मास को लेकर शिव भक्तों में उत्साह का वातावरण है। शास्त्रों में सावन मास को भगवान शंकर के पूजा अर्चना के लिए श्रेष्ठ माना गया है। वैसे तो सावन मास में पूरे दिन भक्त भोलेनाथ की पूजा करते हैं, लेकिन श्रावण मास में पडने़ वाले प्रत्येक सोमवार का दिन शिवभक्तों के लिए विशेष महत्व होता है।

आईटीआई में प्रवेश के लिए पुनः खुलेंगे प्रवेश पोर्टल

नारायणपुर/ नवप्रदेश। आई.टी.आई. में प्रवेश के द्वितीय चरण ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन हेतु दिनांक 16 जुलाई से 23 जुलाई 2025 तक पोर्टल खुला रहेगा। जिला नारायणपुर अंतर्गत संचालित शासकीय महिला आईटीआई नारायणपुर, आईटीआई (गरांजी) नारायणपुर, आईटीआई छोटेडोंगर, आईटीआई ओरछा, में विभिन्न व्यवसाय जैसे कोपा, स्टेनो हिन्दी, हॉस्पिटल हाउस कीपिंग, सिलाई तकनीक, मैकेनिक डीजल, विद्युतकार, फिटर, ड्रोन टेक्नीशियन, मेसन में प्रवेश के लिए प्रथम चरण में वंचित अथवा इच्छुक नये आवेदक cgiti.admissions.nic.in पोर्टल में स्वयं अथवा अपने नज़दीकी लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए आई.टी.आई में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

विद्यार्थियों को काउंसलिंग में उपस्थित होने की सूचना

नारायणपुर/नवप्रदेश। प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्कयन परीक्षा 20 अप्रैल 2025 का जिलेवार परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, तत्पश्चात वर्गवार चयनित प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियो की काउंसलिग तिथियां निर्धारित की गई है। अनुसूचित जनजाति तथा विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के बालकों के लिए 15 जूलाई को प्रातः 10 से सायं 05 बजे तक एवं बालिकाओं के लिए 16 जुलाई को प्रातः 10 से सायं 05 बजे तक, अनुसूचित जाति बालक एवं बालिकाओं के लिए 17 जुलाई को प्रातः 10 से सायं 05 बजे तक, अन्य पिछड़ा वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के लिए 18 जुलाई को प्रातः 10 से सायं 05 बजे तक और सामान्य वर्ग तथा अल्पसंख्यक बालक एवं बालिकाओं के लिए 18 जुलाई को प्रातः 10 से सायं 05 बजे तक प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी, रायपुर में काउंसलिंग का आयोजन किया जाएगा।

बीमारी का बहाना कभी भीख मांगने की एक्टिंग कर एक साल से सुने मकान से कर रही थी चोरी

■ **स्कूटी से पहले सूने मकानों की रेकी कर देती थी चोरी की घटना को अंजाम**

कांकेर /नवप्रदेश। जिले के पखांजूर में रहने वाली 45 वर्षीय महिला ने बीमारी का बहाना बनाकर कभी भीख मांगने जैसे क्रिया कलापों से पखांजूर के आसपास रहने वाले गांव में चोरी की घटना को अंजाम दिया करती थी। पखांजूर सहित आसपास गांव में बढ़ती चोरी की घटना से पुलिस भी समक्ष नहीं पा रही थी। बकायदा स्कूटी में गांव के सूने मकानों निशाना बनाने वाली महिला आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गई। पुलिस ने उक्त महिला से सोने चांदी के जेवर नगदी साढ़े चार लाख रुपए के साथ एक स्कूटी के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। पकड़ी गई आरोपी महिला श्रीमती साधना उर्फ सपना मण्डल पति स्व.सरजीत मण्डल उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम पीव्ही 41 पुरूषोत्तमगनर थाना पखांजूर जिला कांकेर बताया गया है।इस आरोपी महिला से चोरी में बरामद चोरी की गई सोने चांदी का जेवर किमती करीबन 06 लाख चोरी की गई नगदी रकम 4,47300 रूपये अपराध करने के लिए उपयोग मे लिए स्कूटी किमती 50,000 रूपये को पुलिस ने जब्त कर कार्यवाही में जुटी हुई है।

उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के एलिसेला के मार्गदर्शन में अति.पुलिस अधीक्षक राकेश कुर्रे तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पंखाजूर रविकुमार कुजूर के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी गोण्डाहूर रामचंद्र साहू के नेतृत्व में कि 11जुलाई 2025 को अज्ञात आरोपी के द्वारा उसके घर में रखे नगदी करीबन 1 लाख 40 हजार रूपये को चोरी कर ले गया हे जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिय गया है। मामले में आरोपी का पतासाजी कर आरोपी साधना उर्फसपना मण्डल पति स्व0 सरजीत मण्डल उम्र 45 वर्ष साकिन पीव्ही 41 पुरूषोत्तमनगर थाना पखांजूर को पकड कर पुछताछ की गई जो पिछले एक साल से परलकोट क्षेत्र के कई जगहो पर सोने के जेवरात एवं नगदी रकम का चोरी करना बतायी।आरोपिया से कई जगहो पर चोरी की गई करीबन 06 लाख के सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रकम करीबन चार लाख सैंतालीस हजार रूपये को बरामद की गई है। आरोपिया द्वारा भीख मांगने एवं बिमारी में सहयोग करने के बहाने गांव में सुन सान मकान की रेकी करती थी।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना से रूकमणी हो रही आर्थिक रूप से सशक्त

लालसुहनार के साधूराम की कहानी बनी मिसाल

नारायणपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और उद्यानिकी विभाग की योजनाओं का लाभ लेकर जिले के ग्राम लालसुहनार के कृषक श्री साधूराम करंगा ने खेती को लाभ का जरिया बना लिया है। कभी परंपरागत खेती करने वाले साधूराम आज आधुनिक तकनीक से खेती कर अपनी आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि कर रहे हैं। यह परिवर्तन न केवल उनके जीवन में आर्थिक सशक्तिकरण लेकर आया है, बल्कि गांव के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी बना है।

साधूराम पहले पारंपरिक खेती के भरोसे ही जीवन यापन कर रहे थे। लेकिन जब उन्हें उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की जानकारी मिली, तो उन्होंने ड्रिप सिंचाई पद्धति और मल्चिंग जैसी उन्नत तकनीकों को अपनाया। विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में उन्होंने टमाटर, बैगन और लौकी जैसी सब्जियों की खेती मल्चिंग विधि से शुरू की। इस नई तकनीक से उन्होंने न केवल पानी की बचत की, बल्कि फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में भी सुधार हुआ। साधूराम ने ओरछा, छोटेडोंगर और नारायणपुर के स्थानीय बाजारों में अपनी सब्जियों को बेचकर लगभग 1 लाख 50 हजार रूपये की वार्षिक आमदनी प्राप्त की है। यह आमदनी पहले की तुलना में काफी अधिक है और इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव आया है।साधूराम की यह सफलता आसपास के किसानों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गई है। अब गांव के अन्य किसान भी मल्चिंग और आधुनिक उद्यानिकी पद्धतियों को अपनाने की इच्छा जता रहे हैं। उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों द्वारा निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग से ग्रामीण क्षेत्र में किसानों की आय में वृद्धि हो रही है।

न्यूज गैलरी

जनपद अध्यक्ष अंगिरा ने किसानों को अरहर मिनीकिट का वितरण किया

धमतरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत अरौद (ली) में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत अरहर मिनीकिट का वितरण लखपति दीदी महिला समूह के सदस्यों को किया गया। इस अवसर पर, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमति अंगिरा ध्रुव जी, ने कहा कि अरहर वितरण कार्यक्रम में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाएगा , बल्कि आत्मनिर्भर और सशक्त भी बनाएगा । अरहर हमारे देश की दलहनी फसल है जो हमारे भोजन का अभिन्न अंग है , और किसानों के लिए आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं। सरपंच श्रीमती टिकेश्वरी दीपक साहू , वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री लखन लाल नागवंशी, एडीओ श्री प्रहलाद नागवंशी, ग्रा. कृ. वि. अधिकारी हरेंद्र साहू , कृषक मित्र टोकेश्वर सिन्हा, कृषक श्री दिलीप साहू , कन्हैया मरकाम, डोमारू सिन्हा , रामदुलारी सिन्हा, अहिल्या सिन्हा एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहें।

साख कृषि समिति का उद्देश्य किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है : दिलीप सेन

धमतरी/नवप्रदेश। जिला कृषि साख समिति भोथली का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ जिसमें सोनाराम साहू को अध्यक्ष मनोनित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिश्रीलाल पटेल भाजपा मंडल अध्यक्ष, अध्यक्षता दिलीप सेन जनपद सदस्य धमतरी व विशिष्ट अतिथि के रूप में यतीश भूषण श्रीवास्तव, घनश्याम साहू, गिरधर सेन सरपंच, तुलाराम साहू, सहित पंचगण उपस्थित थे। इस अवसर पर जनपद सदस्य दिलीप सेन ने कहा कि साख कृषि समिति का उद्देश्य किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। भारत एक कृषिप्रधान देश जिसकी अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। श्री सेन ने पूरजोर तरीके से आगे कहा कि जब किसान सशक्त होगा तो देश भी सशक्त होगा। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से ही किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में कार्य कर रही है। आज 31सौ रूपये प्रति क्विंटल धान खरीदने के मामले में छत्तीसगढ़ देश में पहले स्थान पर है जो प्रदेश सरकार की किसान हितैषी सोच को दर्शाता है। शपथग्रहण पश्चात एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण भी किया गया।

प्रेसक्लब की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई सार्थक चर्चा

धमतरी/नवप्रदेश। प्रेसक्लब की सदस्यता , पंजीयन नवीनीकरण सहित कुछ अन्य मुद्दों को लेकर रविवार को प्रेसक्लब सामान्य सभा की बैठक प्रेस क्लब भवन में रखी गई थी । बैठक में सभी मुद्दों पर काफी सार्थक चर्चा हुई । वरिष्ठों द्वारा प्रेस क्लब के हित में कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये । वहीं कुछ सदस्यों द्वारा कुछ आपत्तियां भी दर्ज करायी गई । प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने सभी की बातें ध्यान से सुनी और आश्वस्त किया कि जरूरी सुझावो को अमल में लाने का पूरा प्रयास किया जायेगा । पंजीयन नवीनीकरण के बारे में बताया गया कि इसमें कुछ बाधाएं आ रही है जिसे दूर कर इस काम को आगे बढ़ाया जायेगा । पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों से सहयोग बनाय रखने और आगे की बैठकों में अच्छी उपस्थिति की उम्मीद की है । इससे निश्चीत तौर पर क्लब के हित में सार्थक परिणाम सामने आएंगे । बैठक में पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद शाह , मेघराज ठाकुर , अध्यक्ष विशाल ठाकुर , महासचिव विक्रांत शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेश श्रोती , उपाध्यक्ष कमलेश पाण्डेय , सचिव राज सोनवानी , सत्येंद्र शर्मा, सुनील शर्मा , पवन तिवारी , पवन साहू जुनैद रिज़वी , माधवेन्द्र हिरवानी आदि मुख्यरूप से उपस्थित थे ।

प्रिज्म ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स, महकाखुर्द में पांच दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन

उतई/नवप्रदेश। प्रिज्म ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स, महकाखुर्द द्वारा 8 जुलाई से 12 जुलाई 2025 तक आयोजित उड़ान' रोजगार मेला (ओपन कैंपस प्लेसमेंट कैंप का भव्य और सफल आयोजन किया गया। यह इस प्रकार का तीसरा वर्ष था, जब संस्था ने युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से इस कैंप का आयोजन किया।

पांच दिवसीय इस आयोजन में पैतालीस से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थाओं ने नियोक्ता के रूप में भाग लिया, जिनमें फार्मा कंपनियाँ, आई.टी. एंड सॉफ्टवेयर कंपनियाँ, शैक्षणिक संस्थान , ऑटोमोलबाइल, औद्योगिक क्षेत्र, निर्माण क्षेत्र और बैंकिंग, फाइनेंस एवं इंश्योरेंस क्षेत्र के संस्थान शामिल थे। यह फेयर युवाओं और नियोक्ताओं के बीच सीधा संवाद और अवसर प्रदान करने का एक बेहतरीन मंच बनकर उभरा। नियोक्ताओं में एक्सिस बैंक, महिंद्रा आटॉमोबाइल, चौहान ग्रुप, स्टार हेल्थ, अन्नपूर्णा फाइनेंस, एग्रोटेक, मेडटेक, अपोलो फार्मेसी, टाटा मोटर्स, बालाजी हॉस्पिटल, महिमा हॉस्पिटल, संजीवनी हॉस्पिटल, बी एम शाह

हॉस्पिटल, नेक्स्जेन, डी पी एस राजनांदगांव, के पी एस उतई, भिलाई महिला महाविद्यालय, अपोलो कॉलेज आदि शामिल थे।

इस जॉब फेयर में छत्तीसगढ़ के विभिन्न सरकारी एवं प्राइवेट कॉलेजों से लगभग तीन हजार युवाओं ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया की शुरुआत एप्टीट्यूड टेस्ट से हुई, जिसके बाद करीब आठ सौ से अधिक योग्य उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। इस प्रक्रिया के अंतर्गत *करीब दो सौ अठ्यसी युवाओं का चयन नियोक्ताओं द्वारा विभिन्न पदों के लिए किया गया।

संस्था के अध्यक्ष श्री रूपेश कुमार गुप्ता ने इस अवसर पर चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम लगातार तीसरे वर्ष उड़ान' के नाम से आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य के दूर-दराज़ के जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों से भी युवा इस फेयर में शामिल होने के लिए आए, जिससे यह स्पष्ट होता है कि प्रदेश का युवा रोजगार को लेकर कितना जागरूक और उत्साही है।

इस फेयर से पहले प्रिज्म टीम द्वारा लगभग 40 सरकारी एवं प्राइवेट कॉलेजों में करियर काउंसलिंग के पश्चात् एप्टीट्यूड टेस्ट आयोजित किए गए थे, जिनमें से 841 युवाओं का चयन साक्षात्कार के लिए किया गया। इसके साथ ही लगभग 200 युवाओं ने स्पॉट रजिस्ट्रेशन के माध्यम से रोजगार मेला में हिस्सा लिया। इस पूर्व तैयारी और व्यापक पहुँच के कारण यह आयोजन अत्यंत सफल और प्रभावशाली रहा।

खंडहर में तब्दील-राजस्व और रोजगार दोनों का हो रहा नुकसान

छुरा बस स्टैंड का अटल व्यावसायिक परिसर 15 वर्षों से उपेक्षा का शिकार

छुरा /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के अंतर्गत आने वाले छुरा नगर में स्थित अटल व्यावसायिक परिसर आज से लगभग 15 वर्ष पूर्व नगर की व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लाखों रुपए की लागत से बस स्टैंड परिसर में निर्मित किया गया था। लेकिन नगर पंचायत की उदासीनता और नीतिगत लापरवाही के चलते यह महत्वाकांक्षी परियोजना आज खंडहर में तब्दील हो गई है।

वर्तमान में यह व्यावसायिक परिसर न केवल नगर पंचायत के राजस्व के लिए एक बड़ा घाटे का सौदा साबित हो रहा है, बल्कि स्थानीय बेरोजगारों के लिए संभावित रोजगार के अवसर भी इन 15 वर्षों में पूरी तरह व्यर्थ हो चुके हैं। परिसर में बनीं 15 दुकानों में से एक भी दुकान आबंटित नहीं हुई, जिससे परिसर जर्जर और अनुपयोगी होता जा रहा है। झोपड़ियों और ठेलों में कारोबार करने को मजबूर व्यापारी व्यवसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जाने वाले छुरा बस स्टैंड क्षेत्र में, नीलामी प्रक्रिया के अभाव में कई स्थानीय छोटे व्यापारी झोपड़ियों और ठेलों में दुकानें संचालित करने को मजबूर हैं। इनका कहना है कि वे वर्षों से इस बस स्टैंड में व्यापार कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। लेकिन ना तो उनके पास स्थायी दुकान है और ना ही सुरक्षा की कोई गारंटी। इन व्यापारियों का साफकहना है कि यदि नगर पंचायत इस पुराने व्यावसायिक परिसर की मरम्मत कराकर नीलामी अथवा किराये पर देने की पहल करे, तो उन्हें स्थायी और सुरक्षित व्यवसाय स्थल मिल सकता है। इससे जहां नगर पंचायत को नियमित राजस्व प्राप्त होगा, वहीं वे भी सम्मानजनक तरीके से अपने व्यवसाय को संचालित कर सकेंगे।

अटल योजना के तहत बनवाया गया यह व्यावसायिक परिसर एक समय पर नगर के लिए विकास का प्रतीक माना जाता था। लेकिन समय के साथ रखरखाव के अभाव में छतों से पानी टपकना, दीवारों में दरारें पड़ना और भवन की रंग-रोगन पूरी तरह उतर जाना इस बात का संकेत है कि जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। अब यह परिसर न केवल अपनी उपयोगिता खो चुका है, बल्कि आसपास के वातावरण को भी बदसूरत बना रहा है। कई जगह परिसर में झाड़ियाँ उग आई हैं, जिससे यह परिसर असामाजिक गतिविधियों का अड्डा बनने की आशंका भी बढ़ा रहा है। नगर के नागरिकों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर पंचायत से इन दुकानों की नीलामी और परिसर की मरम्मत को लेकर मांग की, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। न तो कोई ठोस निर्णय लिया गया और न ही कोई कार्रवाई। स्थानीय लोग और समाजसेवी संगठनों का कहना है कि यदि नगर पंचायत इस ओर गंभीरता से कदम उठाए, तो नगर को एक व्यवस्थित व्यावसायिक केंद्र मिल सकता है, जिससे नगर की छवि सुधरेगी, राजस्व प्राप्त होगा और युवाओं को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा।

जर्जर सड़कों पर शासन की खामोशी

छुरा /नवप्रदेश। गरियाबंद जिले का छुरा ब्लॉक मुख्यालय और उसके आस-पास के गांवों की सड़कें इन दिनों अपनी बदहाली की दर्दनाक कहानी खुद कह रही हैं। बारिश की हल्की बूंदों ने ही शासन-प्रशासन की सड़कों की मरम्मत व्यवस्था की पोल खोल दी है। छुरा से कोसमबूढ़ा मार्ग, खड़मा रोड, रसेला रोड ङ्क हर सड़क की हालत बद से बदतर हो चुकी है।

नगर पंचायत छुरा से कोसमबूढ़ा तक महज 2 किलोमीटर के इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। बरसात में इनमें पानी भर जाता है, जिससे राहगीरों का निकलना मुश्किल हो जाता है। यह मार्ग इतना महत्वपूर्ण है कि यहां से रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं।

शराब दुकानें बनीं राहगीरों की जान की दुश्मन

इस सड़क पर अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानें भी लगी हुई हैं। प्रतिदिन हजारों की संख्या में शराब प्रेमी यहां आते हैं। पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से शराबी अपनी गाड़ियाँ सड़क पर ही खड़ी कर देते हैं।

स्कूली बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग इस रास्ते से गुजरते हैं तो उन्हें हर कदम डर बना रहता है कि कहीं नशे में धुत कोई वाहन चालक उन्हें घायल न कर दे। कोसमबूढ़ा निवासी स्कूली छात्रा ने बताया, ÷शराब दुकान के पास से गुजरते डर लगता है। सड़क पर वाहन खड़े रहते हैं, जगह नहीं होती।

एक पेड़ मां के नाम एवं वन महोत्सव के तहत कोसमसरा ब में किया पौधा रोपण

कसडोल/नवप्रदेश। वन मंडलाधिकारी बलौदाबाजार द्वारा वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने,सुदूर वन क्षेत्रों में वन एवं वृक्षों के महत्व, सुरक्षा संरक्षण से लोगों को जोड़ने की अवधारणा के तहत छत्तीसगढ़ शासन की एक पेड़ मां के नाम 2.0 एवं वन महोत्सव 2025 के तहत वन परिक्षेत्र देवपुर में परिवृत्त स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम परिवृत्त देवपुर में दिनांक 14/07/2025 को ग्राम कोसमसरा के पंचायत भवन एवं खेल मैदान में परिवृत्त स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन कर वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुरुआत किया गया जिसमें रीठा,सीता अशोक, बाटलपाम,गुलमोहर प्रजाति के कुल 25 पौधे रोपे गए । रोपण कार्यक्रम में संतोष पैकरा परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर, चंद्रहास ठाकुर प्रशिक्षु ऋद्धेश, सरपंच श्रीमती रामकुमारी दीवान, वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष गिरधारी पटेल, ग्राम प्रमुख ओंकार दीवान, महेत्तर पटेल, समारु दीवान पंच,समिति सदस्य,वन कर्मचारीगण,शिक्षक सहित बड़ी संख्या में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला कोसमसरा के विद्यार्थी उपस्थित रहे। रोपित पौधों की सुरक्षा प्रबंधन हेतु सामूहिक शपथ/संकल्प लिया गया।

शासकीय आईटीआई बागबाहरा में प्रवेश के लिए पुन: आवेदन की प्रक्रिया शुरू

बागबाहरा/नवप्रदेश। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) बागबाहरा में प्रशिक्षण सत्र 2025-26 एवं 2025-27 के अंतर्गत संचालित व्यवसायों में प्रथम काउंसलिंग उपरांत रिक्त रह गई सीटों के लिए पुनः प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा 16 जुलाई से 23 जुलाई 2025 तक उपलब्ध कराई गई है। अभ्यर्थी cgiti.admission.nic.in पोर्टल पर जाकर स्वयं अथवा किसी भी लोक सेवा केंद्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। संस्था में वर्तमान में कोपा (कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट), वेल्डर, डीजल मैकेनिक, फिटर एवं विद्युतकार (इलेक्ट्रीशियन) जैसे व्यवसायों का संचालन किया जा रहा है। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित अधिक जानकारी शासकीय आईटीआई बागबाहरा के कार्यालय में कार्यदिवसों में प्राप्त की जा सकती है।

गायत्री शक्ति पीठ नवापारा में ट्रस्ट का हुआ पुनर्गठन, पवन यदु बने मुख्य प्रबंध ट्रस्टी

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। गायत्री शक्तिपीठ के प्रभावी संचालन के उद्देश्य से अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में रविवार को बैठक हुई और ट्रस्ट का ऐतिहासिक पुनर्गठन करने के पहले वेद माता गायत्री परम पूज्य गुरुदेव परम वंदनीय माता को साक्षी मानते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

यह आयोजन श्रद्धा, संकल्प और संगठन का अद्भुत संगम रहा, जिसमें गायत्री शक्ति पीठ नवापारा के सभी निष्ठावान कार्यकर्ता, सभी प्रज्ञा मंडल के सदस्य उपजोन संगठन प्रभारी एम. एल. साहू उपजोन समन्वयक, सी.पी.साहू, जिला समन्वयक, लच्छूराम निषाद, ब्लॉक समन्वयक आर.एस.चौरसिया सहित रायपुर जिले एवं ब्लॉक के समर्पित सैकड़ों कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शक्ति पीठ के पूर्व मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सुदर्शन वर्मा ने प्रस्ताव रखते हुए पवन कुमार यदु का नाम रखा और उन्हें मुख्य प्रबंध ट्रस्टी के पद पर सभी के सर्वसम्मति से चयन किया गया। सहायक-ट्रस्टी के लिए मोहनलाल मानिकपन और अन्य ट्रस्टी के रूप में रामनारायण यदु, दशरथ लाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, गजेंद्र कुमार साहू, नेमीचंद साहू जैसे युवाओं को ट्रस्टीयों में शामिल किया गया।

युग निर्माण मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प

जिला समन्वयक लच्छूराम निषाद ने कहा कि यह ट्रस्ट केवल संगठनात्मक संरचना नहीं, बल्कि युग निर्माण आंदोलन की एक नवीन ऊर्जा का केंद्र बनेगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से गुरुदेव के विचारों को आत्मसात कर जनसेवा में जीवन समर्पित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित गायत्री परिजनों ने हम बदलेंगे, युग बदलेगा के संकल्प के साथ युग निर्माण मिशन को आगे बढ़ाने की प्रतिज्ञा ली।

डबल लॉक में भण्डारित उर्वरक क़ो समितियों में शीघ्र पहुंचाएं : कलेक्टर

- कलेक्टर ने खाद - बीज़ भण्डारण एवं वितरण की समीक्षा की

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार क़ो कृषि,सहकारिता, विपणन सहित अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में खाद -बीज़ की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने डबल लॉक में भण्डारित उर्वरकों क़ो शीघ्र समितियों में पहुंचाकर किसानों क़ो वितरित करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि विकासखंड मुख्यालयों में स्थित डबल लॉक में भण्डारित उर्वरकों क़ो समितियों तक शीघ्र पहुंचाएं ताकि किसानों क़ो समय पर जरूरत के अनुसार उर्वरक उपलब्ध हो सके। उन्होंने किसानों क़ो गुणवत्तायुक्त खाद व बीज़ उपलब्ध हो सके इसके लिए समितियों एवं कृषि सेवा केंद्रों का सतत निगरानी के निर्देश दिये।

बताया गया कि यूरिया क़ी रेक लगी है जिसमें से लगभग 1750 मेट्रिक टन जिले क़ो आवंटन मिला है। इसके साथ ही जुलाई माह में लगभग 7000 मेट्रिक टन यूरिया मिलने क़ी संभावना है। डबल लॉक में यूरिया 1950 मे. टन, डीएपी 335 मे. टन एसएसपी 1581 मे.टन उपलब्ध है। डीएपी के विकल्प के रूप में आधा बोरी यूरिया, 3 बोरी सुपर एसएसपी एवं 20 किलोग्राम पोटाश का मिश्रण उपयोग करने किसानों क़ो सलाह दिया जा रहा है। सहकारी समितियों में यूरिया 20957 मेट्रिक टन, डीएपी 6075 में. टन,एमओपी 2652 मे. टन, एसएसपी 5850 एवं एनपीके 65777मे. टन कुल 42111 मेट्रिक टन उर्वरक का भण्डारण किया गया है।

गुरु पूर्णिमा | स्वयंसेवकों को दिया राष्ट्र निर्माण का संदेश

संघ का समर्पण राष्ट्र की रीढ़ है : डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नवापारा नगर का गुरुपूर्णिमा उत्सव संपन्न हुआ। इसके मुख्य वक्ता डॉक्टर पूर्णेन्दु सक्सेना क्षेत्र संघचालक मध्यक्षेत्र रहे। मंच पर गरियाबंद जिला संघचालक प्रेमलाल साहू एवं नगर संघचालक सनत चौधरी, सह संघचालक डॉ के आर सिन्हा, सह प्रांत कार्यवाह गोपाल यादव, प्रांत कुटुंब प्रबोधन प्रमुख रायपुर हरिओम शर्मा उपस्थित रहे।

नवापारा नगर द्वारा आयोजित श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव एवं समर्पण कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना (माननीय क्षेत्र संघचालक, मध्यक्षेत्र एवं संचालक, वी.वाय. हॉस्पिटल, रायपुर) ने संबोधित करते हुए

कहा कि गुरु पूजन का उत्सव संघ के लिए केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि अत्यंत भावनात्मक और संकल्पपूर्ण आयोजन होता है।

उन्होंने कहा, संघ का उद्देश्य है–'ये देश मेरा है, देश के लिए कुछ करना है।' तन-मन-धन राष्ट्र के कल्याण में लगाना ही संघ का मूल भाव है। यह संगठन स्वयंसेवकों की समर्पित राशि से चलता है, यही कारण है कि संघ हमेशा ऊपर रहता है।

समर्पण को बताया रीढ़ की हड्डी

उन्होंने कहा कि संघ अपने पैरों पर खड़े होकर कार्य करता है। समर्पण राष्ट्र के लिए रीढ़ की हड्डी की तरह है। आज संघ को केवल आर्थिक सहयोग ही नहीं, समय का भी योगदान चाहिए। समर्पण जीवन का स्थायी भाव बनना चाहिए।

संघ निर्माण का उद्देश्य सेवा, संस्कार और संगठन

डॉ. सक्सेना ने कहा कि संघ ÷मैं संघ में क्या कर सकता हूं÷– ऐसी सोच वाले स्वयंसेवकों का निर्माण करता है। 100 वर्षों की यात्रा पूर्ण करने की ओर अग्रसर संघ अब स्वयंसेवकों से अपने आचरण, व्यवहार और संस्कार के माध्यम से समाज में योग्य परिवर्तन लाने की अपेक्षा रखता है। उन्होंने कहा, परिवारों में अच्छे संस्कार बच्चों को दिए जाएं ताकि समृद्ध राष्ट्र का निर्माण हो। समाज में बिना किसी भेदभाव और छुआछूत के सभी वर्गों को संगठित करना संघ का दूसरा आग्रह है।

न्यूज गैलरी

गौ हत्या कर मांस खाने के जुर्म में 6 संदेही पकड़ाएं

लखनपुर/नवप्रदेश। पूरे भारत देश में गाय पूजनीय है तथा माता का दर्जा प्राप्त है। गौहत्या बंद किये जाने को लेकर अनेक कानून बनाये गये हैं लेकिन गौ हत्या बंद होने का नाम नहीं ले रहा। इसी तारतम्य में सरगुजा जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र के कुन्नी चौकी अंतर्गत वनांचल ग्राम तिरकेला में गौ हत्या कर मांस खाने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने 6 संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू किया है। वही एक संदेही फरार है जिसकी खोजबीन पुलिस ने शुरू कर दिया है । संदेहियों के पास से कत्ल किये गये गौ वंश के अवशेष बरामद किए गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक कुन्नी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम तिरकेला में रविवार की सुबह गौ हत्या कर मांस खाने की शिकायत पर पुलिस गांव पहुंची और गौ मांस खाने के मामले में जांच शुरू की मुआइना के दौरान गौ वंश के अवशेष बरामद कर गौ हत्या कर मांस खाने के मामले में छह संदेहियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू किये है साथ ही अन्य संदेही गांव से फरार बताये जा रहे है। घटना के बाद से आसपास के गांवों में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई है। गाय की निर्मम तरीके से हत्या किये जाने तथा मांस सेवन को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है ।

नगर पालिका की अनदेखी से बढ़ा अतिक्रमण

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत सडकों के किनारे सब्जी और फल मार्केट सहीत खाद्य पदार्थों के ठेले अव्यवस्थित रूप से सडकों के किनारे तथा पुल के उपर लगाए जा रहे है नगर पालिका के पास जगह नहीं होने के कारण इन्हे व्यवस्थित नही कर पा रही है जिसके चलते यातायात पर असर पड रहा है। कम चौडीं सडक पर ठेलों के संचालन से सडके और भी सकरी होती जा रही है। इन गुमटीयों के संचालन की व्यवस्था पर किसी का ध्यान आकर्षित नही हो रहा है जिससे यह समस्या बढते ही जा रही है। ज्ञात हो कि पूर्ववर्ती सरकारों के द्वारा चौपाटी निमार्ण की घोषणा की गई थी और राशि भी उपलब्ध कराई गई थी किन्तु उसपर अमल नही होने के कारण आज भी वहीं समस्या बरकरार है, पूर्व में तो गोलबाजार, बालानी चौंक, पडाव चौंक सहीत पंडरिया रोड पर सडकों के किनारे गुमटीयों का संचालन किया जा रहा है। पिछले कुछ माह से तो पुल के उपर भी गुमटी वालों ने पैर पसार लिया है। नगर में इन दिनों अतिक्रमण का मामला एक बार फिर गरमानें लगा है। नगर पालिका द्वारा कई बार निरीक्षण और नोटिस देने के बावजूद दुकानदार अपनी दुकानों के सामने सड़क पर सामान रखकर व्यवसाय कर रहे हैं। वही तथाकथित कुछ जुमलेबाज जनप्रतिनिधि महज फोटो शेसन तक सीमित नजर आ रहे है, जिन्हे न तो आम जनता की परेशानियों से कोई सरोकार है और न ही नगर के विकास से, बता दे कि पड़ाव चौक से पंडरिया रोड इस मार्ग पर ठेले, गुमचे और सब्जी की दुकानें लगाई जा रही हैं, जिससे आधी सड़क जाम हो जाती है।

धरती आबा अभियान अंतर्गत योजनाओं से जुड़ रहे आदिवासी परिवार

421 ग्रामों में आधार, आयुष्मान, राशन कार्ड, स्वास्थ्य परीक्षण से हो रहे लाभान्वित

बलरामपुर/नवप्रदेश। शासन द्वारा संचालित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले में 15 जून से 15 जुलाई तक जिले के 421 आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में शासन की योजनाओं का व्यापक क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान अंतर्गत जिले में जनजातीय समुदाय के लोगों को शासन की आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन, श्रम कार्ड, जॉब कार्ड, पक्का आवास, संपर्क सड़क, विद्युतिकरण, जल जीवन मिशन जैसे अन्य योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।

कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का सुचारू रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग अधिकारी ने जानकारी दी है कि इस अभियान अंतर्गत जिले में 421 आदिवासी बाहुल्य ग्राम शामिल है, जिसके अंतर्गत विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने शिविरों में आवेदन लिए जा रहे हैं और जो संभव है उनका तत्काल निराकरण भी किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 291 आधार कार्ड, 429 आयुष्मान कार्ड, 52 किसान क्रेडिट कार्ड, 346 राशन कार्ड, 269 मनरेगा कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य सेवाओं को भी ग्रामीणों तक पहुँचाया जा रहा है। टीबी, मलेरिया, मौसमी बीमारियां एवं सिकलसेल की जांच की जा रही है और निःशुल्क जांच एवं परामर्श कर दवाइयों का वितरण भी किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य दूरस्थ आदिवासी अंचलों के पात्र परिवारों को सीधे शासन की योजनाओं से जोड़ना है, ताकि वे सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

आयुष्मान कार्ड से 6 वर्षीय नैना को मिला मुफ्त इलाज

बलरामपुर। कभी-कभी जीवन में अचानक ऐसे मोड़ भी आते है, जो दुखद भी हो सकता है और उम्मीद से भरा भी। ऐसे ही घटना 6 वर्षीय बालिका नैना के जीवन में घटित हुई। विकासखंड बलरामपुर के ग्राम महाराजगंज निवासी कालिचरण सोनवानी की बेटी नैना सोनवानी 6 वर्ष की है वह प्राथमिक शाला महाराजगंज में अध्ययनरत है। एक दिन स्कूल वापसी के दौरान दुर्घटना में नैना के पैरों में गंभीर चोट लगी। नैना की तबियत बिगड़ती देख श्री कालिचरण ने तुरंत उपचार के लिए नैना को जिला अस्पताल

लेकर पहुंचे। जांच उपरांत पता चला की नैना के दाहिने पैर में अंदरूनी चोट लगी है, जिसके लिए रॉड लगाना आवश्यक है और तत्काल इलाज जरूरी है डॉक्टर ने बताया कि इसमें लगभग 15 हजार रूपये का खर्च होगा। श्री कालिचरण जो खेती-बाड़ी कर घर का खर्च चलाते है। खेती के इस मौसम में पहले से ही खाद-बीज और परिवार के खर्चों का बोझ था। ऐसे में इतनी बड़ी रकम जुटाना आसान नहीं था। तब इस दुःख के समय में आयुष्मान कार्ड सहारा बनी। जिला चिकित्सालय बलरामपुर में ही नैना का ईलाज शुरू हुआ और पूरे इलाज का खर्च आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क किया गया। चिकित्सकों की टीम के निष्ठा और संवेदनशीलता से सफल ऑपरेशन हुआ, अब नैना के पैर में लगी रॉड भी निकाली जा चुकी है। कुछ दिनों में नैना पहले की तरह चल-फिर सकती है, स्कूल में होने वाले खेल-कूद में अपनी पसंदीदा गतिविधियों में भाग ले सकती है।

कुछ स्थानों से आदान सामग्री के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा

उर्वरक-बीज दुकानों का औचक निरीक्षण अनियमित पाए गए 83 निजी संस्थान

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान सामग्री (उर्वरक, बीज, कीटनाशक) की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु संभाग स्तरीय निरीक्षण/उड़नदस्ता दल द्वारा सरगुजा संभाग के विभिन्न जिलों में स्थित निजी कृषि आदान विक्रय संस्थानों का औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण संचालक कृषि श्री राहुल देव (आईएएस), संभागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा (आईएएस) तथा संयुक्त संचालक कृषि यशवंत केराम के निर्देशन एवं संभाग के सभी उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में किया गया। बीते दिनों सरगुजा संभाग के अंतर्गत निरीक्षण के दौरान कुल 172 निजी कृषि संस्थानों में से 83 संस्थानों में अनियमितताएं पाई गईं। इनमें सरगुजा 13, सूरजपुर 22, बलरामपुर 38, कोरिया 3, मनेन्द्रगढ़ 1, जशपुर 6 संस्थान शामिल हैं। इन अनियमितताओं के मद्देनजर संबंधित प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस

जारी किया गया, वहीं बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ विकासखण्ड स्थित 'राजेश कृषि सेवा केंद्र, बचवार' का लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों के स्टॉक व वितरण पंजी, पॉश मशीन, बिल-वाउचर, गोदामों की स्थिति व अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। कुछ स्थानों से आदान सामग्री के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भी भेजे गए। इस अवसर पर कृषि अधिकारियों ने सभी निजी संस्थानों के संचालकों को निर्देश दिए कि किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दरों पर उर्वरक, बीज और कीटनाशक पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराएं, जिससे किसान हितों की रक्षा हो और रोष की स्थिति उत्पन्न न हो। निरीक्षण दल में उप संचालक कृषि, अनुविभागीय कृषि अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, निरीक्षक (बीज/उर्वरक/कीटनाशक) तथा स्थानीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी शामिल रहे।

पीड़िता की स्कूटी जलाने वाले दो आरोपी भाटापारा से गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। पीड़िता के स्कूटी वाहन को जलाने वाले आरोपियों को भाटापारा से 01 नग मोटर सायकल एवं 01 नग प्लास्टिक डिब्बा सहित गिरफ्तार किया गया। थाना सिटी कोतवाली में धारा 326(ळ), 324(1), 351(3), 329(4), 3(5) बीएनएस के तहत कार्यवाही किया गया। पीड़िता ने 11 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज करायी कि भाटापारा जिला बलौदाबाजार निवासी विकास माधवानी के साथ उनकी पूर्व में प्रेम संबंध था। आरोपी द्वारा अपना एटीएम कार्ड पीड़िता को दिया गया था जिसे मांगने की बात को लेकर 3 दिन पूर्व वाद-विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर आरोपी विकास माधवानी द्वारा अपने मित्र विशाल मंधान के साथ मिलकर पीड़िता के किराये के घर में अनाधिकृत रूप से लोहे के दरवाजा से कूदकर अंदर प्रवेश कर पीड़िता के मेन गेट के दरवाजा को लात से मारकर तोडफोड कर गाली गुप्तार एवं जान से मारने की धमकी दिया और पीड़िता द्वारा दरवाजा नहीं खोलने पर आरोपी विकास माधवानी द्वारा प्लास्टिक के बॉटल में रखे पेट्रोल को पीड़िता के इलेक्ट्रिक स्कूटी एवं एक्टिवा वाहन में पेट्रोल डालकर माचिस मारकर आग लगाकर अपने मित्र के साथ भाग गया।

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा प्रकरण की गंभीरता दृष्टिगत आरोपियों के पतासाजी हेतु साइबर सेल एवं थाना सिटी कोतवाली के संयुक्त टीम गठित कर आरोपियों के विरूद्ध शीघ्र कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। टीम द्वारा मुखबीर एवं साइबर सेल के तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपीगण विकास माधवानी पिता भागचंद माधवानी उम्र 37 वर्ष, विशाल मंधान पिता मोतीलाल मंधान उम्र 37 वर्ष दोनो निवासी बजरंग वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर जिला बलौदाबाजार को भाटापारा में घेराबंदी कर पकड़कर थाना लाकर तथ्यात्मक पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किये।

स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी का सराहनीय प्रयास, अब तक लगाए 5000 पौधे

मुंगेली/नवप्रदेश। स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी ने हरियर मुंगेली-सुघ्घर मुंगेली अभियान के 9वें वर्ष का शुभारंभ बीआर साव स्कूल मैदान में 30 पौधों के रोपण के साथ किया। नीम, बादाम, कदम और गुलमोहर जैसे छायादार और पर्यावरण हितैषी पौधों को ट्री गार्ड से सुरक्षित करते हुए एक बार फिर हरियाली की ओर सार्थक कदम बढ़ाया गया। संस्था के संयोजक रामपाल सिंह ने बताया कि पिछले आठ वर्षों से निरंतर चल रहे इस अभियान का उद्देश्य न केवल पौधरोपण करना है, बल्कि मुंगेली और इसके आसपास के क्षेत्रों में बढ़ते तापमान, गिरते जलस्तर और घटती हरियाली के प्रति जनजागरूकता लाना भी है। संस्था अध्यक्ष महावीर सिंह ने कहा हर व्यक्ति का दायित्व है कि वह अधिक से अधिक वृक्षारोपण करे और उनका पालन-पोषण भी उतनी ही जिम्मेदारी से करे। संस्था के सचिव विनोद यादव ने बताया कि अब तक संस्था द्वारा 2000 से अधिक पौधों को ट्री गार्ड सहित और 3000 से अधिक पौधों को

फेंसिंग युक्त स्थानों पर रोपित किया गया है। हेमंत वैष्णव ने संस्था को 5 बड़े पौधे भेंट किए, जो उनके प्रकृति प्रेम का परिचायक है। इस अवसर पर नगर के अनेक पर्यावरण प्रेमियों और समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिनमें प्रमुख रूप से राजेंद्र चंद्रवंशी, प्रभाकर सिंह, अरविंद रूपवानी, धनेश्वर साहू, प्रद्युम सिंह, आयुष केशरवानी, मयंक वैष्णव, स्टार्स ऑफ टुमॉरो के संयोजक रामपाल सिंह, सह संयोजक रामशरण यादव, अध्यक्ष महावीर सिंह, सचिव विनोद यादव, कोषाध्यक्ष धनराज परिहार, सतपाल मक्कड़, दिनेश गोयल, गोखलेश सिंह, विकास जैन, देवेंद्र परिहार, आशीष सोनी, रणवीर सिंह, नीलेश केशरवानी, सूरज मंगलानी, मुकेश पांडेय, कोमल चौबे, आशीष सिंह, सुनील वाधवानी, रघुराज सिंह, रॉकी सलूजा, पप्पू शर्मा, आर्या सिंह, श्रेयांश बैद, राहुल मल्लाह, संदीप सिंह, पवन यादव, वैभव ताम्रकार, चित्रकान्त सिंह, देवेंद्र सिंह, वासु पांडेय, रवि साहू, श्रीओम सिंह, अमित साहू, परमेश्वर देवांगन, संतोष जांगड़े, सुरेश यादव सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी व सदस्यगण उपस्थित रहे।

प्रतीक्षा सूची के छात्रों की काउंसलिंग 15 से 18 तक

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा नौवीं के प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों की सत्र 2025-26 के लिए काउंसलिंग 15 जुलाई से 18 जुलाई तक की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग महेंद्र खांडेकर ने बताया कि एसटी एवं पीवीटीजी बालकों के प्रवेश के लिए काउंसलिंग 15 जुलाई, एसटी एवं पीवीटीजी बालिकाओं के लिए काउंसलिंग 16 जुलाई को संपन्न होगी। इसी प्रकार अनुसूचित जाति बालक एवं बालिकाओं के प्रवेश हेतु काउंसलिंग 17 जुलाई को तथा अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग एवं अल्पसंख्यक बालक-बालिकाओं के प्रवेश हेतु काउंसलिंग 18 जुलाई को संपन्न होगी।

स्कूलों में स्टॉप डायरिया कैंपेन के तहत बच्चों को दी स्वच्छता की शिक्षा

सक्ती/नवप्रदेश। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जिला सक्ती द्वारा जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत ÷स्टॉप डायरिया कैंपेन चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ब्लॉक सक्ति के ग्राम नन्दौर खुर्द, असौंदा और बासीन स्थित प्राथमिक शालाओं में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों एवं जल जीवन मिशन टीम द्वारा स्कूली बच्चों को डायरिया से बचने के उपायों की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि दूषित जल और अस्वच्छ आदतें डायरिया का प्रमुख कारण हैं। इस दौरान बच्चों को हाथ धोने की महत्ता समझाई

गई और उन्हें साबुन से हाथ धोने की सही विधि का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया गया। ग्राम नन्दौर खुर्द की प्राथमिक शाला में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हाथ धोने की प्रक्रिया को अपनाया। असौंदा और बासीन में भी बच्चों ने टीम से सवाल पूछे और स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने की शपथ ली। कार्यक्रम के तहत बच्चों को यह भी बताया गया कि भोजन से पहले और शौच के बाद हाथ धोना, साफ पानी का उपयोग करना और खुले में शौच न करना जैसे छोटे-छोटे कदम उन्हें बीमारियों से बचा सकते हैं। जल जीवन मिशन के सहयोग से चलाया जा रहा यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

पुरानी रंजिश और जमीन विवाद में की गई हत्या, 4 आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। पुरानी रंजिश एवं जमीन विवाद को लेकर हत्या कर फरार होने वाले 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया व अपचारी बालक को न्यायालय पेश किया गया। थाना फास्टरपुर में आरोपियों के विरूद्ध धारा 103 (1), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया है।

दामापुर थाना फास्टरपुर-सेतगंगा निवासी प्रार्थी अश्वनी महिलांग 11 जुलाई को सुबह लगभग 06 से 07 बजे के बीच अपने पिता दरेश महिलांग (मृतक) के साथ अपने निजी खेत के पानी को देखने के लिये गये हुये थे। एक दिन पूर्व 10 जुलाई को गांव के शैलेन्द्र महिलांग, लाभो महिलांग, सूरज महिलांग, 01 अपचारी बालक के साथ दरेश महिलांग (मृतक) का पूरानी रंजिश को लेकर विवाद हुआ था। उसी बात को लेकर सभी पहले से अपने खेत के पास में थे और दरेश महिलांग को एक राय होकर विवाद करते हुये बोले कि तुम खेत के पानी को जाने नहीं देते हो, बांध देते हो, कहते हुये शैलेन्द्र महिलांग ने अपने पास रखे तब्बल से, लाभो महिलांग अपने पास रखे लाठी, सूरज एवं अपचारी बालक ने अपने पास रखे कुदरी से तथा किरण महिलांगे अपने हाथ में रखे लाठी से मारपीट किये। जिससे

शैलेन्द्र एवं लाभो के द्वारा कुदरी से प्राण घातक हमला कर मारपीट किया गया। प्रार्थी अश्वनी (पुत्र) के द्वारा बीच बचाव करने जाने पर उसे भी मारने के लिये दौड़ाये पर भागकर घर आया और घटना के बारे में अपने परिवार को बताया। घटना स्थल जाकर देखे तो दरेश महिलांग बेहोश व खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था व उक्त सभी व्यक्ति मारपीट कर वहां से भाग गये थे। दरेश महिलांग को बेहोशी हालात में परिवार के साथ खेत से ईलाज कराने जिला अस्पताल लेकर गये। डॉक्टर द्वारा जांच करने पर मृत होना बताया गया। मृतक के परिजनों एवं गवाहों का कथन लेकर मृतक का पीएम पंचनामा कर आरोपीगण के द्वारा पुरानी रंजिश एवं जमीन विवाद को लेकर मारपीट कर मृतक दरेश महिलांग का हत्या करना पाये जाने से धारा 103 (1), 3 (5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पहला सावन सोमवार

मुंगेली में सावन की भक्ति छाई, शिवालयों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, झूला उत्सव का आयोजन

शिवभक्ति में डूबा शहर, मंदिरों में आकर्षक श्रृंगार और जलाभिषेक का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। हिंदू धर्म के पावन महीना सावन की शुरूआत 11 जुलाई से हो गया है,सावन का पहला सोमवार आज 14 जुलाई को है।

मंदिरों में बोल बम के जयकारे गूंजते रहे, शिवालयों मे सावन उत्सव मनाया जा रहा है, मंदिरों मे विशेष सजावट की गयी है, मंदिर में 65वां वर्ष सावन झूला उत्सव का भी आयोजन किया गया हैं। शिव आराधना का पवित्र मास भक्तों को बेसब्री से इंतजार रहता है। सावन सोमवार को भगवान शिव का आकर्षक श्रृंगार किया गया है। इस बार सावन में 4 सोमवार पड़ेंगे। अलग-अलग सोमवार को फूलों, बेल पत्तों, केला पत्तों से शंकर भगवान का मनमोहक श्रृंगार किया गया है। इसके दर्शन करने मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। शिव आराधना का महीना शुरू होने के पूर्व शिवालयों में पूजा-अर्चना की तैयारी जोर-शोर से चली।

मंदिर को साफ-सफाई व रंग रोगन कर विशेष रूप से सजाया गया है। शहर के मल्हापारा स्थित शंकर मंदिर में सावन झूला उत्सव के साथ सावन सोमवार के प्रथम दिन श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए टेंट लगाया गया हैं। महामाया मंदिर, स्थित शंकर मंदिर सोनारपारा स्थित शंकर मंदिर

समेत अन्य शिवालयों में श्रद्धालु भक्तों को ध्यान में रखकर तैयारियां की गई है। सेतगंगा में शिव आराधना का पवित्र मास सावन के प्रथम दिवस से ही अद्वितीय, पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक, प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर सेतगंगा मे बड़ी संख्या में भक्त जलाभिषेक कर उनका आशीर्वाद लिए। सावन मास प्रारंभ होते ही शिव भक्त कावड़िये बोल बम, बम बम भोले का उद्घोष करते हुए सड़कों पर नजर आने लगे हैं। श्रद्धालु गंगा जल, भंग, भस्म, लाल चंदन, रुद्राक्ष, आंक के फूल, धतूरे के फल, बेल पत्र, शमी पत्र, दूध, चांवल, कनेर का फूल सहित अन्य सामग्री से पूजा कर भोले नाथ को प्रसन्न करने मनोवांछित फल की कामना करेंगे।

सड़क हादसे में एक की मौत दूसरा जिला अस्पताल रेफर

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के ग्राम बंधा बेदो पानी मुख्य मार्ग में सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई है तथा दूसरे को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक रोहित खाखा वल्द सुखनंदन ग्राम परवतीपुर थाना जयनगर जिला सूरजपुर निवासी अपने हमसफर संजय मिज वल्द बुद्धेश्वर मिंज साकिन ग्राम खाचा कूड़ा थाना लखनपुर के साथ बाइक में सवार होकर गोलेया घुटरा से खाचा कूड़ा जा रहे थे। दौराने सफ़र चालक युवक ने मोटरसाइकिल पर से अपना नियंत्रण खो दिया और बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। जिससे रोहित खाखा के नाक और सिर पर गंभीर चोटें लगने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं संजय मिंज के जिस्म पर हाथ पैर में चोट आई है। सूचना पर डायल 112 की टीम घटनास्थल पहुंच रोहित खाखा के शव और घायल युवक संजय मिंज को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुर लाया रोहित खाखा के पार्थिव शरीर को मर्चुरी में रखवाया तथा घायल युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव, ओम नमः शिवाय की गूंज

शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, घरों में भी किया गया रुद्राभिषेक, जगह-जगह भंडारे का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। हिन्दू धर्म के पावन महीने सावन का आज पहला सोमवार होने की वजह से शहर के शिवालयों में सुबह से ही जलाभिषेक करने भक्तों की भीड़ नजर आई। वहीं घरों में भी आज रुद्राभिषेक किया गया। सावन में इस बार चार सोमवार रहेंगे। भक्तगण पूरे सावनभर और विशेषकर सोमवार वाले दिन भगवान शिव की पूजा-अर्चना करेंगे।

आज सुबह से ही शिवालयों के बाहर भक्तों की भीड़ दिखाई दी जो शाम तक जारी रहा। शहर के अष्टमुखी शिवमंदिर, चांटीडीह मेलापार शिव मंदिर, पीतांबरा पीठ सरकंडा, तिफरा काली मंदिर, वेंकटेश मंदिर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु रतनपुर स्थित बुढ़ा महादेव जलाभिषेक करने के लिए पहुंचे। अष्टमुखी शिव मंदिर में प्रातःकाल चार बजे से पूजा शुरु हो गई। यहां 51 लीटर दूध से भगवान का अभिषेक किया गया। सुबह 8 बजे महाआरती के बाद पूरे दिन भक्त पूजा-अर्चना में लीन रहे। सावन के पहले सोमवार में मंदिर में 108 किलो दूध का खीर बनाकर वितरित किया गया। वहीं प्रसाद लगभग एक क्विंटल बनाकर बांटा गया। मंदिरों में रुद्राभिषेक सूर्योदय से लेकर देर शाम तक जारी रहा। भक्तगण अपनी इच्छानुरुप चीजों के साथ रुद्राभिषेक किए। रतनपुर स्थित भैरव बाबा मंदिर में पांच लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण शुरु किया गया है। भैरव बाबा मंदिर के पंडित जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि पांच लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण शुरु हो गया है। प्रतिदिन सुबह नौ बजे से रुद्राभिषेक किया जाएगा। 9 अगस्त तक रुद्राभिषेक निरंतर होगा। इसके बाद प्रतिदिन तीन बजे से शिवपुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर में भक्त आकर पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर रहे हैं। शहर से लगे मल्हार में स्थित पातलेश्वर महादेव के दर्शन के लिए आसपास के क्षेत्रों से सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर पुलिस भी उपस्थित रही। भीड़भाड़ में किसी तरह की घटना न हो इसका ध्यान रखा गया था। घरों में शिवलिंग बनाकर रुद्राभिषेक भी किया गया। आज पूरे शहर में ओम नमः शिवाय की गूंज सुनाई दे रही थी। विभिन्न संगठनों द्वारा सावन के पहले सोमवार में प्रसाद का वितरण किया गया। फूल चौक स्थित हनुमान मंदिर में सावन के पहले मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया है। इसके लिए समिति द्वारा तैयारी शुरु कर दी गई है। सुबह हनुमान की पूजा-अर्चना के बाद भंडारा शुरु किया जाएगा।

चातुर्मास में खानपान में करें त्याग

भैरव बाबा मंदिर के पंडित जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि सावन माह में सोमवार के दिन शिव जी का पूजा का विशेष महत्व रहता है। भक्तगण अपनी राशि अनुसार रुद्राभिषेक कर भगवान शिव से सुख-शांति की कामना करते हैं। इसके साथ ही चातुर्मास व्रत की शुरुआत हो चुकी है। इस दौरान भगवान विष्णु को खुश करने के लिए व्रत के साथ कुछ चीजों के त्याग की परंपरा भी है। 10 जुलाई से 8 अगस्त तक पत्तेदार सब्जियां, 9 अगस्त से 6 सितंबर तक दही, 7 सितंबर से 9 अक्टूबर तक दूध, 7 अक्टूबर से 5 नवंबर तक तेल युक्त वस्तुएं और उड़द दाल का त्याग करना शुभ माना जाता है। सरकंडा स्थित पीतांबरा पीठ मंदिर में पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक शुरु किया गया। सोमवार को महाकाल की तर्ज पर भगवान शिव का सिंगार किया गया। मंदिर में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रुद्राभिषेक प्रारंभ किया जा रहा है। पूरे सावन भर रुद्राभिषेक का क्रम जारी रहेगा।

न्यूज गैलरी

शासकीय कार्यालय परिसर में ही खुलेंगे आधार पंजीयन केंद्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय कार्यालय स्थलों पर ही अब आधार पंजीयन के कार्य होंगे। चिप्स के सीईओ कार्यालय, रायपुर से इस आशय के आदेश जारी किए गए हैं। लिहाजा, ई गवर्नेंस सोसाइटी बिलासपुर द्वारा आधार पंजीयन केंद्र खोलने के लिए 21 जुलाई तक आवेदन प्रस्ताव मंगाए गए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी चिप्स स्टेट डाटा सेण्टर सिविल लाइन्स रायपुर के 7 मई 2025 को जारी पत्र के अनुसार निम्न शासकीय स्थानों पर ही आधार पंजीयन केन्द्रों का संचालन किया जाना है, जिसमें अतः जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी बिलासपुर द्वारा जिला कलेक्ट्रेट, नगर निगम, जिला पंचायत, तहसील, एसडीएम ऑफिस, जनपद पंचायत और नगरपालिका तथा नगर पंचायत कार्यालय में कुल किट संख्या 34 हेतु आधार कार्य करने के लिए आवेदन कार्यालय, बंद लिफ़ाफ़े में कलेक्टर जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी बिलासपुर में कार्यालयीन समय में 21 जुलाई तक किया जा सकता है। चयन मापदंड पूर्ण होने उपरान्त चयनित आधार केंद्र संचालक को एक लाख पचास हज़ार रूपए की सुरक्षा निधि कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी बिलासपुर के नाम से डीडी के रूप में जमा करना होगा एवं जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी बिलासपुर के साथ हस्ताक्षरित अनुबंध करना होगा।

फूड पॉइजनिंग या जहर खाने की आशंका, पुलिस जांच में जुटी

निजी कंपनी की तीन युवतियों की तबीयत बिगड़ी, एक की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिरगिट्टी थाना क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक प्राइवेट मार्केटिंग कंपनी लीड विजन ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड में काम करने वाली तीन युवतियों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। इनमें से एक युवती की मौत हो गई, जबकि दो अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

जानकारी के मुताबिक तीनों युवतियां एक निजी मार्केटिंग कंपनी में कार्यरत थीं और साथ में रहती थीं। बीते दिन अचानक तीनों की तबीयत खराब होने लगी, जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही एक युवती की मौत हो चुकी थी, जबकि बाकी दो की हालत बिगड़ती देख उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले की सूचना मिलते ही सिरगिट्टी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने कमरे की तलाशी ली और युवतियों द्वारा खाए गए खाने के सैंपल को जांच के लिए भेजा है। प्रारंभिक तौर पर जहर खाने या फिर फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई जा रही है, हालांकि स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही सामने आएगा। घटना ने न केवल सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि मार्केटिंग कंपनियों के वर्किंग एनवायरमेंट को लेकर भी चर्चा छेड़ दी है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मेडिकल जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, मामले से जुड़ी सच्चाई सामने आएगी।

कंपनी के कर्मचारियों व मृतका के परिजनों से पूछताछ

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। कंपनी के अन्य कर्मचारियों और मृतका के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह मामला आत्महत्या, साजिश या सिर्फ एक दुर्घटनावश फूड पॉइजनिंग का है। इस घटना के बाद से क्षेत्र में भय का माहौल है। लोग यह जानने को बेचैन हैं कि आखिर एक साथ तीन युवतियों की तबीयत कैसे बिगड़ गई।

अश्लील वीडियो वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो वीडियो अपलोड करने वाले आरोपी को सरकण्डा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा महिला एवं बच्चों की अश्लील फोटो/वीडियो प्रसारित करने के संबंध में साइबर टीप लाईन पोर्टल में प्राप्त शिकायतों पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर शीघ्र निराकरण करने निर्देशित किये हैं, जिसके परिपालन में थाना सरकण्डा में साइबर टीप लाईन की प्राप्त शिकायत पर अप.क्र. 625/2025, धारा - 67बी आई.टी. एक्ट, 15 पॉक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान मोबाईल टावर लोकेशन आई.पी.एड्रेस एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपी मुकेश कुमार माधवानी द्वारा अपने मोबाईल से महिला एवं बच्चों से संबंधित अश्लील फोटो/वीडियो अपलोड/प्रसारित करना पाये जाने से आरोपी के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाकर, अति. पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र जायसवाल, सी.एस.पी. सरकण्डा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी सरकण्डा निरी. निलेश पाण्डेय के नेतृत्व में टीम तैयार कर आरोपी मुकेश कुमार माधवानी उर्फ मुक्कू को पकड़ा गया जिससे पूछताछ करने पर घटना कारित करना स्वीकार करते हुये घटना में प्रयुक्त मोबाइल पेश किया जिसे जप्त किया गया एवं आरोपी को 12 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

स्वदेशी-स्वालंबी कार्यशाला में युवाओं ने सीखा उद्यमिता और नवाचार के सूत्र

■ **320 युवक-युवतियों को स्टार्टअप की दी जानकारी**

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वदेशी जागरण मंच और स्वालंबी भारत अभियान के द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रांत स्तरीय कार्यशाला और विचार वर्ग में प्रदेश भर के तीन सौ बीस युवा प्रतिभागियों को स्वदेशी, स्वालंबन और उद्यमिता के क्षेत्र में कार्य करने के लिए मोटिवेट किया गया उन्हें आत्मनिर्भरता व स्व रोज़गार के अवसर उत्पन करने के विधाओं का विभिन्न सत्रों के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराई गई।

कार्यशाला में दूसरे दिन विषय विशेषज्ञों द्वारा नवाचार, उद्यमिता, सोशल मीडिया के प्रयोग, संगठन के कार्य और संरचना,स्टार्टअप के अवसर व देश में स्वालंबन के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य कर विभिन्न संस्थानों की जानकारी दी गई प्रथम सत्र में तन्मय बख़ूशी ने प्रतिभागियों को हैश टैग की थ्योरी बताते हुए सोशल मीडिया का उपयोग उद्यमिता के निमित्त कैसे किया जाए जरूरी टिप्स दिए हैं उन्होंने बताया कि अपने व्यवसाय को गति देने सोशल मीडिया का उपयोग किस तरह से कर सकते हैं फेसबुक फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप सोशल टॉपिक आपके स्टार्टअप को किस प्रकार से गति दे सकते हैं मेटा कंपनी का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे बिना किसी शुल्क लिए मेटा कंपनी अरबों डॉलर कमा रही है ऐसी कम्पनियां एक उद्धरण का काम करती है। दूसरे सत्र में क्षत्रिय संगठक केशव दुबौलिया ने संगठन के उद्देश्य, संरचना और आवश्यकता पर प्रकाश डाला उन्होंने संगठन में दायित्व और जिम्मेदारी के वर्गीकरण करने के तरीके बताए।

स्वदेशी अपनाने से पूरा होगा विकसित भारत का संकल्प: अमर अग्रवाल

कार्यशाला एवं विचार वर्ग में अंतिम सत्र को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच और स्वालंबी भारत अभियान एक व्यापक लक्ष्य बना कर कार्य कर रही हैं अभ्यास वर्ग के माध्यम से युवाओं को स्वालंबन और आत्मनिर्भरता के दिशा में प्रेरित कर उभरते हुए भारत की नींव रखने का काम कर रही है स्वदेशी जागरण और उद्यमिता को लक्ष्य कर देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी जय जवान जय किसान का नारा दिया।

रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक करवाना अनिवार्य

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बिलासपुर में रोजगार पंजीयन ऑनलाईन अथवा प्ले स्टोर पर उपलब्ध छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप के माध्यम से अथवा कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन दिवस में अपने समस्त दस्तावेज के साथ करवाया जा सकता है। वर्तमान में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक करवाना अनिवार्य है।

तिवरता कोलवाशरी बंद कराने नागरिक सुरक्षा मंच ने सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के समीप ग्राम लिंगा के पास स्थित तिवरता कोलवाशरी को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। नागरिक सुरक्षा मंच ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर वाशरी को तत्काल बंद कराने की मांग की है। मंच के संयोजक अमित तिवारी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में गंभीर पर्यावरणीय उल्लंघनों और किसानों को हो रहे नुकसान का उल्लेख किया गया है।

ज्ञापन में बताया गया है कि तिवरता कोल वाशरी विगत एक वर्ष से संचालित हो रही है, परंतु इसके संचालन में नियमानुसार स्वीकृति और प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया है। नियमानुसार कोल वाशरी को कोल माइंस से 25 किलोमीटर के दायरे में होना चाहिए, जबकि वर्तमान वाशरी की दूरी मात्र 10-12 किलोमीटर ही है। इसके बावजूद, स्थानीय राजस्व अधिकारियों और पर्यावरण विभाग की मिलीभगत से इसका संचालन किया जा रहा है, जो गंभीर अनियमितता का संकेत है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की अनुमति के बिना ही वाशरी को स्वीकृति प्रदान की गई, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है बल्कि आस-पास के खेतों की उपजाऊ भूमि भी बंजर होती जा रही है। मंच ने यह भी आरोप लगाया कि एनएचएआई के नियमों की अनदेखी कर वाशरी को राष्ट्रीय राजमार्ग से महज 10-20 मीटर की दूरी पर स्थापित किया गया है, जबकि नियमानुसार इसकी दूरी कम से कम 500 से 1000 मीटर होनी चाहिए। तिवरता कोल वाशरी को तत्काल बंद किया जाए। संचालन में शामिल अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराई जाए। किसानों को मुआवजा एवं पर्यावरणीय क्षति की भरपाई सुनिश्चित की जाए।

'बिलासपुर में 4सी एयरपोर्ट होना आवश्यक'

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने दिया धरना

बिलासपुर/नवप्रदेश। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति द्वारा चलाए जा रहे महा धरना के आंदोलन पर आज तयशुदा कार्यक्रम के तहत बिलासपुर के विधायक और पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल भाग लेने वाले थे। परंतु ऐन वक्त पर उनकी तबीयत खराब होने के कारण उनका यह कार्यक्रम निरस्त हुआ। विधायक अग्रवाल ने अपने प्रतिनिधि के रूप में जिला भाजपा के अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर को धरने में हवाई सुविधा विस्तार और 4सी एयरपोर्ट की मांग का समर्थन करने के लिए भेजा। स्वयं विधायक अग्रवाल आगामी तिथि पर इस महाधारने में शामिल होंगे।

गौरतलब है कि गत लगभग 6 साल से बिलासपुर में सर्व सुविधायुक्त फोर सी एयरपोर्ट का आंदोलन चल रहा है और बिलासपुर से सभी महानगरों तक सीधी उड़ान भी इस आंदोलन की प्रमुख भाग है। इस आंदोलन के चलते बिलासपुर में एक एयरपोर्ट मार्च 2021 को प्रारंभ हुआ है जो वर्तमान में 3सी श्रेणी का है । जहां दिन के समय 72 और 80 सीटर विमान उड़ान संचालित कर रहे हैं। फिलहाल एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग का कार्य भी चल रहा है परंतु रनवे की लंबाई मात्र 1500 मीटर होने के कारण यहां अभी भी बड़े विमान बोइंग और एयरबस संचालित नहीं हो सकते। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहां क्योंकि देश में अधिकांश एयरलाइंस कंपनियों के पास बोइंग और एयरबस श्रेणी के विमान ही है अतः बिना बोइंग और एअरबस के अनुकूल एयरपोर्ट बने, बिलासपुर को पर्याप्त हवाई सुविधा नहीं मिल सकती।

लायंस क्लब बिलासपुर गोल्ड के नए सदस्यों को दिलाई गई शपथ

बिलासपुर/नवप्रदेश। लायंस क्लब बिलासपुर गोल्ड के 2025-2026 के कार्यकाल का शपथ ग्रहण स्थानीय होटल में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी थी। शपथ अधिकारी रीजन चेयरपर्सन लायन दिनेश अग्रवाल थे, गेस्ट ऑफ ऑनर पीडी जी लायन प्रीतिपाल बाली एवं विशिष्ट अतिथि जोन चेयरपर्सन लायन इंदिरा त्रिपाठी थी। साथ ही जोन चेयरपर्सन लायन जीएल जैन एवं लायन एकता मलिक की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम मे एक नए सदस्य को भी शपथ दिलाई गई, इसमें क्लब से निवर्तमान अध्यक्ष ला. रीता बरसैंया, निर्वाचित अध्यक्ष ला. प्रियंका जैन, सचिव ला. चुन्नी मोर्या, कोषाध्यक्ष ला. बिन्नी गम्भीर, ला. जगदीश सलूजा, ला. नीरज अग्रवाल, ला. चंदा बंसल, ला. फरहीन चिश्ती, ला. संगीता बरसैंया, ला. बलजीत अजमानी, ला. डा. गीतिका शर्मा की उपस्थिति रही।

आयोजन

स्थित वसंत विहार डिस्पेंसरी शुरु, महिलाएं संभालेंगी कमान

एसईसीएल में पहली पूर्णतः डिस्पेंसरी महिलाएं करेंगी संचालित

बिलासपुर/नवप्रदेश। महिला सशक्तीकरण की दिशा में पहल करते हुए एसईसीएल मुख्यालय स्थित वसंत विहार डिस्पेंसरी का कोल इंडिया की पहली पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित डिस्पेंसरी के रूप में आज औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अभिनव पहल का शुभारंभ एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन के कर-कमलों से हुआ।

इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन एवं यो/परि) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त कदम मानी जा रही इस पहल के अंतर्गत अब वसंत विहार डिस्पेंसरी की संपूर्ण ज़िम्मेदारी महिलाएँ निभाएँगी। इसमें चिकित्सक, नर्स, फार्मासिस्ट से लेकर अन्य सभी स्टाफ शामिल हैं। डिस्पेंसरी की कमान संभालने वाली 14 सदस्यीय महिला टीम में 5 डॉक्टर, मैट्रन, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट आदि शामिल हैं। इस अवसर पर अपने संबोधन में सीएमडी हरीश दुहन ने कहा कि यह हमारे लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि कोल इंडिया की पहली पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित डिस्पेंसरी की शुरुआत एसईसीएल में हुई है। कोयला मंत्री का विजन है कि कोयला क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया जाए और उन्हें नेतृत्व के अवसर प्रदान किए जाएँ। यह पहल उसी दिशा में हमारा एक सार्थक प्रयास है, और हम आगे भी ऐसे प्रयास जारी रखेंगे। निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, महिलाओं को समान अवसर देने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

डिस्पेंसरी में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाएं

ओपीडी सेवाएं, आकस्मिक चिकित्सा सेवाएं, ड्रेसिंग एवं इंजेक्शन रूम, ईसीजी , पैथोलॉजी परीक्षण हेतु रक्त संग्रह केंद्र, ओपीडी फार्मेसी व आपातकालीन एवं रेफरल सेवाए। इस अवसर पर सीएमएस डॉ. प्रतिभा पाठक, सीएमएस डॉ. श्रुतिदेव मिश्रा, डिप्टी-सीएमएस डॉ. अरिहंत जैन, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघों के प्रतिनिधि एवं अनेक अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। यह पहल न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता और संवेदनशीलता बढ़ाने का कार्य करेगी, बल्कि कोयला उद्योग में महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को भी एक नया मंच प्रदान करेगी।

न्यूज गैलरी

बिटकॉइन की कीमत पहली बार 1.21 लाख डॉलर के पार

नई दिल्ली। प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत सोमवार को 2.75 प्रतिशत बढ़कर 1,21,097.94 डॉलर हो गई है। यह पहला मौका है जब दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी की कीमत 1,21,000 डॉलर से अधिक हो गई है। कॉइनमार्केटकैप के डेटा के मुताबिक, कीमत में तेजी आने से बिटकॉइन का बाजार पूंजीकरण बढ़कर 2.41 ट्रिलियन डॉलर हो है। अब तक के कारोबार में ट्रेडिंग वॉल्यूम 60 अरब डॉलर से अधिक रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस साल की शुरुआत से अब तक बिटकॉइन की कीमत में 29 प्रतिशत से अधिक का इजाफा हो चुका है।इसके साथ अन्य क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों में भी इजाफा देखा जा रहा है।कॉइनमार्केटकैप के डेटा के मुताबिक, दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी एथेरियम की कीमत 3.28 प्रतिशत बढ़कर 3,054.96 डॉलर हो गई है और मार्केटकैप 368.77 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इस दौरान ट्रेड वॉल्यूम 21.62 अरब डॉलर रही।बाजार के जानकारों के अनुसार, संस्थागत खरीदारों के कारण बिटकॉइन की कीमत अगले एक-दो महीनों में 1,25,000 डॉलर तक पहुंच सकती है।सीआईएफडीएक्यू के संस्थापक और अध्यक्ष हिमांशु मराडिया ने कहा, बिटकॉइन की तेजी में संस्थागत मांग एक प्रमुख चालक बनी हुई है और अमेरिकी बिटकॉइन ईटीएफ में अब तक 50 अरब डॉलर से अधिक का शुद्ध निवेश हुआ है। अकेले ब्लैकरॉक के पास 65 अरब डॉलर से अधिक का बिटकॉइन है, जबकि कॉर्पोरेट ट्रेजरी में लगातार वृद्धि हो रही है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के क्रिप्टो समर्थक रुख, रणनीतिक बिटकॉइन रिजर्व पर जोर देने और ईटीएफ अप्रूवल मानदंडों को आसान बनाने से भी आशावाद को बल मिल रहा है।उन्होंने आगे कहा, कमजोर डॉलर, बढ़ती ट्रेजरी मांग और सॉवरेन क्रेडिट डाउनग्रेड जैसे व्यापक आर्थिक बदलाव, बिटकॉइन को एक हेज के रूप में और मजबूत बना रहे हैं।

पीएफ धारकों के लिए अच्छी खबर, नियमों में किया ये बदलाव

नई दिल्ली। भारत सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि के नियमों में बदलाव किए हैं। पीएफ के नए नियम में पैसे निकालने की समयसीमा भी घटा दी गई है। पहली बार घर खरीदने वालों के लिए अब पीएफ का पैसा निकालना आसान हो जाएगा। पीएफ स्कीम के पैरा 68-अंतर्गत अब ईपीएफओ सदस्य अपने पीएफ अकाउंट से 90 प्रतिशत तक का पैसा निकाल सकेंगे। हालांकि, यह रकम सिर्फ नया घर खरीदने, निर्माण कार्य या घर की किश्तें चुकाने की शर्त पर ही निकाली जा सकती है। पहले पीएफ अकाउंट खुलने के 5 साल बाद ही इसका पैसा निकाला जा सकता था, लेकिन अब इसे घटाकर 3 साल कर दिया गया है। वहीं, पहले घर खरीदने के लिए सिर्फ 36 महीने तक का ही पीएफ निकाला जा सकता था, लेकिन अब इसे भी बदलकर 90 प्रतिशत कर दिया गया है। जून 2025 से किसी आपात स्थिति में यूपीआई और एटीएम के माध्यम से पीएफ अकाउंट से 1 लाख रुपये तक निकाला जा सकता है।

ट्रेनों में होने वाले अपराधों पर अंकुश लगेगा और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी

यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सभी कोचों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

नई दिल्ली/ए.। भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। सकारात्मक परीक्षण परिणामों के आधार पर, रेलवे ने सभी यात्री कोचों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला लिया है। इस पहल से ट्रेनों में होने वाले अपराधों पर अंकुश लगेगा और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

रेल मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि कैमरे यात्रियों की निजता को ध्यान में रखते हुए कोच के सामान्य आवागमन क्षेत्र, जैसे दरवाजों के पास लगाए जाएंगे। यह कदम उन असामाजिक तत्वों और संगठित गिरोहों पर लगाम कसने में मददगार होगा, जो भोले-भाले यात्रियों को निशाना बनाते हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने एक उच्चस्तरीय बैठक में इस योजना की समीक्षा की। बैठक में रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इसमें बताया गया कि उत्तरी रेलवे में किए गए सफल परीक्षणों के बाद अब देशभर के सभी कोचों और इंजनों में कैमरे लगाए जाएंगे। हर कोच में चार डोम-टाइप सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, दो-दो कैमरे दोनों दरवाजों के पास। वहीं, प्रत्येक इंजन में कुल छह कैमरे होंगे, आगे, पीछे और दोनों ओर एक-एक। इसके अलावा फ्रंट और रियर कैब में एक-एक डोम कैमरा और दो डेस्क माउंटेड माइक्रोफोन भी लगाए जाएंगे। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि सभी कैमरे नवीनतम तकनीक से लैस होंगे और एसटीक्यूसी प्रमाणित होंगे। रेल मंत्री ने निर्देश दिए कि ऐसे कैमरे लगाए जाएं, जो 100 किमी प्रति घंटे या उससे अधिक की रफ्तार से चल रही ट्रेनों में भी स्पष्ट रिकॉर्डिंग कर सकें, साथ ही कम रोशनी में भी बेहतर प्रदर्शन करें। उन्होंने अधिकारियों को इंडिया एआई मिशन के सहयोग से इन कैमरों द्वारा कैप्चर किए गए डेटा पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग की संभावनाएं तलाशने को भी कहा। रेलवे मंत्रालय ने यह सुनिश्चित किया है कि यात्रियों की निजता से कोई समझौता न हो।

कैमरे केवल सार्वजनिक आवागमन वाले क्षेत्रों में लगाए जाएंगे, जिससे सुरक्षा तो सुनिश्चित होगी ही, साथ ही किसी की गोपनीयता भी प्रभावित नहीं होगी। यह पहल भारतीय रेलवे की यात्रियों को सुरक्षित, आधुनिक और सुविधाजनक यात्रा अनुभव देने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। आने वाले समय में यह तकनीक रेल यात्रा को पहले से ज्यादा सुरक्षित और भरोसेमंद बनाएगी।

एक दिन में ?3,483 की तेजी, इस साल अब तक 28,000 बढ़े दाम

चांदी 1,13,773 के ऑल टाइम हाई पर, सोना भी हुआ महंगा

नई दिल्ली। सोमवार चांदी की कीमत में जबरदस्त उछाल देखा गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी 3,483 बढ़कर 1,13,773 पर पहुंच गई, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है।

इससे पहले शुक्रवार, 11 जुलाई को इसकी कीमत 1,10,290 प्रति किलो थी। इस साल अब तक चांदी की कीमतों में 28,000 की बढ़ोतरी हो चुकी है।सोने की बात करें तो उसमें भी आज तेजी देखी गई। 24 कैरेट सोना 586 महंगा होकर 98,097 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। शुक्रवार को यह 97,511 था। हालांकि, सोना 18 जून को 99,454 का ऑल टाइम हाई छू चुका है।

दिल्ली 24 कैरेट 1,00,030 7 22 कैरेट 91,700 मुंबई, कोलकाता, चेन्नई:- 24 कैरेट 99,880 7 22 कैरेट ?91,550 विशेषज्ञों की मानें तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती जियोपॉलिटिकल टेंशन और अमेरिका के टैरिफ्स के चलते सोने और चांदी को सपोर्ट मिल रहा है। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के अनुसार, इस साल सोना 1,03,000 प्रति 10 ग्राम और चांदी 1,30,000 प्रति किलो तक जा सकती है।

डिजिटल-व्यावसायिक कौशल से सशक्त हो रहा है छत्तीसगढ़ के ग्रामीण युवा

नई दिल्ली/ए.। भारत की सबसे बड़ी सीमेंट तथा रेडी-मिक्स कंक्रीट प्रोडक्शन कंपनी, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड ने विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर यह संकल्प दोहराया है कि वह ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के युवाओं को लाभकारी रोजगार, स्वरोजगार तथा आर्थिक सफ्लता के लिए आवश्यक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करता रहेगा।

आज के तीव्र गति से परिवर्तित हो रहे समय में, डिजिटल दक्षता और व्यावसायिक प्रशिक्षण युवाओं को विविध रोजगार संभावनाओं के द्वार खोलने में सहायता करते हैं।आदित्य बिड़ला समूह की पीढ़ियों से चली आ रही देन-दक्षिणा और देखभाल की परंपरा के अंतर्गत यह भावना विभिन्न स्थायी आजीविका योजनाओं के माध्यम से सक्रिय रूप से आगे बढ़ाई जा रही है। इन योजनाओं के अंतर्गत अब तक एक लाख से अधिक लोग कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भरता, सम्मानजनक जीवन और आत्म गौरव की भावना के साथ आगे बढ़ चुके हैं।

अल्ट्राटेक में यह दर्शन संगठनात्मक संस्कारों का मूल है, जो समूह की समावेशी विकास की दृष्टि के साथ पूर्णतः समन्वित है। अल्ट्राटेक अपने कार्य क्षेत्रीय बस्तियोंमें युवाओं की रोजगार अभिलाषा को ध्यान में रखते हुए व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करते हैं, जिससे उन्हें रोजगार योग्यता और स्थायी आजीविका के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। ये प्रशिक्षण स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किए जाते हैं और निरंतर सीखने वाले वातावरण को प्रोत्साहित करते हैं। कई ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं घरेलू जिम्मेदारियों और खेती-बाड़ी से जुड़ी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

खेल, मनोरंजन

जैनिक सिनर ने कार्लोस अल्काराज को हराकर जीता पहला विंबलडन खिताब

0-हासिल किया अपना चौथा ग्रैंड स्लैम

लंदन। जैनिक सिनर ने कार्लोस अल्काराज को विंबलडन 2025 मेंस सिंगल्स के फाइनल में हराकर अपना पहला विंबलडन खिताब जीत लिया है. इसके साथ ही ये जैनिक सिनर का चौथा ग्रैंड स्लैम है. सिनर से अल्काराज को फाइनल में 4-6,6-4,6-4,6-4 से हराया और लगातार तीन सेट जीतकर खिताब पर कब्जा किया। विंबलडन 2025 के फाइनल में इतालवी प्लेयर जैनिक सिनर को स्पेनिश प्लेयर कार्लोस अल्काराज के हाथों पहले सेट में 4-6 से हार का सामना करना पड़ा, इसके बाद सिनर ने धमाकेदार वापसी की और मैच में अल्काराज को वापस आने का मौका ही नहीं दिया. इस पूरे मैच में पहले सेट को छोड़ दें तो सिनर अल्काराज पर हावी रहे। सिनर ने दूसरे सेट को 6-4, तीसरे सेट को 6-4 और चौथे सेट 6-4 से जीतकर विंबलडन का खिताब अपने नाम कर लिया. इसके साथ ही फ्रेंच ओपन के फाइनल में अल्काराज से मिली हार का बदला भी सिनर ने विंबलडन में उन्हें हराकर चुका लिया है. इस मैच को जीतने के बाद सिनर सीधे स्टैंड में पहुंचे और अपने कोच व परिवार के लोगों से जाकर गले मिले. इस जीत के बाद ये इटालियन प्लेयर काफी भावुक भी नजर आया।

इसके साथ ही सिनर चैंपियनशिप में एकल ट्रॉफी जीतने वाले पहले इतालवी खिलाड़ी बन गए. 23 वर्षीय विश्व नंबर 1 खिलाड़ी ने सेंटर कोर्ट पर स्पेनिश खिलाड़ी के खिलाफ लगातार पांच मैचों की हार का सिलसिला भी तोड़ दिया. अब सिनर पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में 3,430 अंकों की शानदार बढ़त के साथ लंदन से विदा लेंगे।

राम चरण की फिल्म पेद्दी में शिव राजकुमार हुए शामिल

बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म पेद्दी के निर्माताओं ने कन्नड़ सुपरस्टार शिव राजकुमार को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी है। इसके साथ ही फिल्म में उनके किरदार के नाम और लुक का खुलासा किया है। आपको बताते चलें कि पेद्दी में मुख्य भूमिका में राम चरण नजर आएंगे। साउथ सुपरस्टार शिव राजकुमार के 63वां जन्मदिन के खास अवसर पर आगामी फिल्म पेद्दी के निर्माताओं ने अभिनेता को बर्थडे का खास तोहफा देते हुए उनके लुक को रिवील किया है। पेद्दी फिल्म के प्रोडक्शन हाउस वृद्धि सिनेमाज ने अपने एक्स अकाउंट पर अभिनेता के लुक को जारी करते हुए कैप्शन दिया, 'टीम 'पेद्दी' शिव राजकुमार को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती है। इसके साथ वह फिल्म में गौरनायडू के किरदार में बड़े पर्दे पर धमाकेदार वापसी करेंगे।' कुछ महीनों पहले निर्माताओं ने पेड्डी फर्स्ट शॉट शीर्षक से एक टीजर भी जारी किया था, जिसमें राम चरण दमदार लुक में दिखे थे। नेटिजंस उन्हें देख काफी रोमांचित हो उठे थे। एक मिनट के टीजर में अभिनेता को धूल भरे मैदान में चलते हुए दिखाया गया था।राम चरण अभिनीत 'पेद्दी' 27 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित 'पेद्दी' में राम चरण के अलावा जान्हवी कपूर, दिव्येंदु शर्मा, शिव राजकुमार और जगपति बाबू भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

महिला शतरंज विश्व कप में दिव्या-हम्पी अंतिम-16 में

नई दिल्ली। भारत की जहां दो खिलाड़ियों ने अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है वहीं तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी डी हरिका, वंतिका अग्रवाल और आर वैशाली भी अंतिम-16 में जगह बना सकती हैं, लेकिन यह सब टाईब्रेकर में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। महिला ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख और ग्रैंडमास्टर बनने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी कोनेरू हम्पी ने जॉर्जिया के बातुमी में जारी विपरीत अंदाज में फिडे महिला विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम-16 में जगह बनाई। दिव्या को अंतिम 16 में पहुंचने के लिए आधा अंक की जरूरत थी जो उन्होंने सर्बिया की टेओडोरा इंजाक के खिलाफ ड्रॉ खेल कर हासिल कर लिया लेकिन हम्पी को पोलैंड की कुलोन क्लॉडिया को हराने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। भारत की जहां दो खिलाड़ियों ने अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है वहीं तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी डी हरिका, वंतिका अग्रवाल और आर वैशाली भी अंतिम-16 में जगह बना सकती हैं, लेकिन यह सब टाईब्रेकर में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। ग्रैंडमास्टर हरिका ने यूनान की त्सोलाकिडोउ स्टावरौला के साथ लगातार ड्रॉ खेलकर खुद को प्री-क्वार्टर फाइनल की दौड़ में बनाए रखा, जबकि वंतिका रूस की कैटरीना लागनो पर पहले दौर की जीत के बाद दूसरे दौर में हार गई जिससे स्कोर बराबर हो गया। इस प्रतियोगिता में विजेता को 50,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि मिलेगी।

इटली को पहली बार टी20 वर्ल्ड कप में पहुंचाकर रचा इतिहास

नईदिल्ली। आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप 2026 के क्वालीफायर मैच में इटली ने शानदार प्रदर्शन से कई प्रतिष्ठित टीमों को चौंका दिया है. पूर्व ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाज जो बर्न्स के अगुवाई में इटली ने पहली बार टी 20 वर्ल्ड कप में एंट्री मारकर इतिहास रचा दिया है. हेग में अपने अंतिम क्वालीफायर मैच में नीदरलैंड से हारने के बावजूद, इटली वर्ल्ड कप का टिकट पाने में कामयाब रही, क्योंकि इसका नेट रन रेट जर्सी से बेहतर था। क्वालीफिकेशन में इटली का अभियान ग्वेर्नसे पर सात विकेट से जीत के साथ शुरू हुआ, और जर्सी के खिलाफ उनका मैच बारिश के कारण रद्द हो गया. हालांकि, यूरोपीय टीम के लिए सबसे महत्वपूर्ण परिणाम स्कॉटलैंड के खिलाफ रहा, जहां उन्होंने 12 रनों से जीत हासिल की. इटली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 167 का स्कोर बनाने के बाद स्कॉटलैंड को 155 पर ही रोक दिया. लेकिन उनको नीदरलैंड के खिलाफ 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

न्यायालय तहसीलदार सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

// उपस्थिति सूचना //

रा.प्र.क्र. 202504310600076/
अ-27/2024-25

निवासी ग्राम-पोरथा, तहसील सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.)
श्रीमती उषाबाई यादव पिता. स्व. रेशमलाल पति महेशराम यादव
निवासी-ग्राम सक्ती, तहसील सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.) .... आवेदिका

बनाम

1 अग्घनबाई पति स्व. रेशमलाल
2 प्रीतम लाल पिता स्व. रेशमलाल
3 दीपक कुमार पिता स्व. रेशमलाल
सभी जाति रावत निवासी ग्राम लवसरा तह. नयाबाराद्वार
4 उत्तरा पिता स्व. रेशमलाल पति मिथुन यादव निवासी यादव मोहल्ला ठुठी तह. भोथिया
5 लक्ष्मीन बाई पिता स्व. रेशमलाल पति अवधराम यदव निवासी करही (किकिरदा) तह. हसौद
6 चन्द्रकला पिता स्व. रेशमलाल पति चन्द्रकुमार यादव निवासी अरसिया रोड जैजैपुर तह. जैजैपुर, जिला सक्ती (छ.ग) .... अनावेदकगण

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम पोरथा तहसील सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती उषाबाई यादव पिता स्व. रेशमलाल पति महेशराम यादव निवासी वार्ड नं. 05 सक्ती, तहसील सक्ती के द्वारा ग्राम पोरथा स्थित उभयपक्षकार की पैतृक भूमि खाता क्रमांक 214 में खसरा नं. 27/2 रकबा 0.502 हे. खसरा नं.190/1 रकबा 0.012 एवं खसरा नं. 195/3 रकबा 0.024 हे. कुल खसरा नं. 03 कुल रकबा 0.538 हे. भूमि का उभयपक्षकार के मध्य बराबर-बराबर 1/7 हिस्सा कर खाता विभाजन किए जाने बाबत आवेदन पत्र पेश किया है।

उक्त संबंध में अनावेदकगण की उपस्थिति हेतु नियत है। इस उपस्थिति सूचना पत्र के माध्यम से अनावेदकगण अग्घन बाई एवं 05 अन्य को सूचित किया जाता है कि आप लोक प्रकरण की अगामी सुनवाई तिथि 16/07/2025 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। अनुपस्थिति की स्थिति में आप लोगों के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 02/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन शील मुहर से जारी।

सील

तहसीलदार
सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्र. 551/न.पा./लो.नि.वि./2025-26 मुंगेली, दिनांक 14/07/2025

-: प्रथम ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना :-

नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार आनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनु. व्यय राशि (लाख में)	अमानत राशि	कार्य अवधि	रिमार्क
171939	अधिकारी/कर्मचारी आवास निर्माण कार्य	80.63	60474.00	08 माह	सक्षम श्रेणी
171953	विभिन्न 05 स्थानों पर चौक सौंदर्यीकरण कार्य	25.94	19455.00	04 माह	सक्षम श्रेणी

टीप :- 1 निविदा प्रपत्र चिप्स के वेबसाईट Http://eproc.cgstate.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।
2. सिस्टम टेंडर नंबर 171953 ई-प्रोक्यूरमेंट बीड समिट करने की अंतिम तिथि 01.08.2025 को समय सुबह 5.30 बजे तक एवं फिजिकल डाक्यूमेंट सम्मिट करने की अंतिम तिथि 05.08.2025 समय शाम 4.00 बजे तक तथा निविदा खोलने की तिथि 05.08.2025 समय दोपहर 5.00 बजे निर्धारित की गई है।
3. सिस्टम टेंडर नंबर 171939 ई-प्रोक्यूरमेंट बीड समिट करने की अंतिम तिथि 04.08.2025 को समय सुबह 5.30 बजे तक एवं फिजिकल डाक्यूमेंट सम्मिट करने की अंतिम तिथि 06.08.2025 समय शाम 5.30 बजे तक तथा निविदा खोलने की तिथि 07.08.2025 समय दोपहर 12.00 बजे निर्धारित की गई है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड- कोरबा (छ.ग.)
I.T.I. Chowk, Rampur Korba (C.G.)
contact No. 07759-228663(O), Toll Free No. 18002330008, Email: eekor-phe-cg@nic.in

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कोरबा जिले के निम्नांकित कार्य हेतु एकल पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में श्रेणी ''डी'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत दर पर केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से निविदा आमंत्रित की जाती है

इस कार्य हेतु E-in-C, PHED, Raipur द्वारा USOR जो दिनांक 01.06.2020 से (समस्त संशोधन सहित) प्रभावशील है।

1. समय सारिणी -
1.1 निविदा हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 18.07.2025 समय सायं 5:30 बजे तक
1.2 कोरे निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि :- 24.07.2025 समय सायं 5:30 बजे तक
1.3 निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि/समय :- 28.07.2025 समय सायं 4:00 बजे तक
1.4 निविदा खोलने की तिथि/समय :- 28.07.2025 समय सायं 4:30 बजे से

निविदा क्र.	दिनांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	धरोहर राशि (रु.में)	कार्य पूर्ण करने अवधि
05	10.07.2025	विभिन्न विकासखण्डों में नलकूप खनन सबमर्सिबल पंप एवं हैण्डपंप स्थापना कार्य।	3.36	3400.00	01 माह
06			4.65	4700.00	
07			5.40	5000.00	

टीप :- यह निविदा सूचना मूल निविदा का एक अंश है। विस्तृत निविदा एवं पूर्ण जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

जी-252602177/2

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड- कोरबा (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा और बाइक को मारी टक्कर, चार घायल

राजिम/नवप्रदेश। राजिम में शनिवार रात करीब 8.20 बजे एक तेज रफ्तार कार ने एक एक्टिवा और तीन बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक्टिवा सवार दो लोग और बाइक में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पुल पर ट्रैफिक जाम लग गया। घटना की सूचना मिलते ही राजिम पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। परन्तु नवापारा थाना का पुलिस बल बहुत देरी से मौके पर पहुंचा तब तक राजिम पुलिस के जवान स्थिति नियंत्रित करने में जुट रहे। घटना नवापारा थाना क्षेत्र की है। नवापारा और राजिम को जोड़ने वाले महानदी पुल पर शनिवार रात भीषण हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार कार क्र. सीजी 13 एएक्स 1146 ने एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 पीएच 7625 और बाइक सीजी 06 जीपी 9452 को जोरदार टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि कार सवार महासमुंद क्षेत्र के रहने वाले हैं, जो पिकनिक मनाने बस्तर जा रहे थे। वहीं, एक्टिवा में सवार अंजली सिंह और सुनिता सिंह नवापारा से राजिम की ओर जा रहे थे।

3 वर्षों में अवैध रेत खनन, परिवहन एवं भंडारण के 8946 प्रकरण दर्ज

रायपुर/ नवप्रदेश। वर्ष 2023-24 व 2024-25 में प्रदेश के विभिन्न जिलों में अवैध रेत खनन, परिवहन एवं भंडारण के कुल 8946 प्रकरण दर्ज किया जाकर 8646 वाहन तथा 302 मशीन जब्त किया गया है। जिस पर कुल 22 करोड़ 72 लाख 89 हजार 099 रूपये समझौता राशि के रूप में वसूल किया गया है। उक्त जानकारी विधानसभा में विधायक ओंकार साहू के द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दिए। उन्होंने बताया कि पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन (ई.आई.ए.) अधिसूचना, 2006 (यथासंशोधित) के प्रावधानों के तहत् राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की जाती है तथा जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के प्रावधानों के तहत् छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जल एवं वायु सम्मति जारी की जाती है। उपरोक्त प्रावधानों के तहत् रेत का उत्खनन वर्षा ऋतु में नहीं करने, सस्टेनेबल सेण्ड माईनिंग मैनेजमेंट गाईडलाईन्स, 2016 एवं ईन्फोर्समेंट एण्ड मानिटरिंग गाईडलाईन्स फार सेण्ड माईनिंग, 2020 का पालन करने, रेत का परिवहन कव्हर्ड वाहन से किये जाने, नदी तट या पहुँच मार्ग में सघन वृक्षारोपण करने तथा स्थल विशेष के आधार पर विशिष्ट शर्ते अधिरोपित की जाती हैं।

रायपुर शहर में सभी डायवर्टेड प्लाटों मकानों को दर्ज कर दिया गया पटवारी के रिकार्ड में : राजस्व मंत्री

रायपुर/ नवप्रदेश। विधानसभा में रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील कुमार सोनी ने रायपुर शहर में सभी डायवर्टेड प्लाटों/मकानों को क्या पटवारी के रिकार्ड में भी दर्ज कर दिया गया है? अगर नहीं तो क्यों? इसके लिए कौन जवाबदेह है? यह कार्य कब तक पूरा किया जायेगा? का मामला उठाया। इस पर राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने सदन को बताया कि रायपुर शहर में सभी डायवर्टेड प्लाटों/मकानों को पटवारी के रिकार्ड में भी दर्ज कर दिया गया है। चूंकि यह सतत् प्रक्रिया है इसलिए नये भूमि स्वामी/मकान स्वामी द्वारा क्रय/अन्य माध्यम से अर्जन होने पर विधिवत न्यायालय में प्रकरण दर्ज कर आदेश उपरांत पटवारी द्वारा रिकार्ड में दर्ज किया जाता है। सोनी ने फिर पूछा कि कंडिका (क) के प्लाट एवं मकानों की खरीदी बिक्री में नागरिकों की सुविधा के लिए क्या किया जा रहा है ? क्या ऐसे प्रकरणों में पटवारी रिकार्ड में दर्ज करने के नाम पर तहसील एवं अनुभाग कार्यालय के चक्कर नागरिकों को लगाना पड़ रहा है ? शासन क्या कार्यवाही करेगा ? राजस्व मंत्री ने बताया कि कंडिका (क) के प्लाट एवं मकानों की खरीदी बिक्री में नागरिकों की सुविधा के लिए वर्तमान में रजिस्ट्री उपरांत स्वत: नामांतरण उपरांत ऑनलाईन डिजिटल बी1 खसरा पांचसाला स्वत: जनरेट होता है। सोनी ने फिर पूछा कि कंडिका (क) के प्रकरण भू-अभिलेख में अद्यतन नहीं हैं तो वही प्रकरण दोबारा दर्ज करने की कार्यवाही भू-राजस्व संहिता की किस धारा के तहत किया जा रहा है? क्या इसकी जांच कराई जायेगी? हाँ तो कब तक? राजस्व मंत्री ने बताया कि कंडिका (क) के प्रकरण यदि ऑनलाईन भू-अभिलेख में अद्धतन नहीं है तो ऐसे प्रकरण त्रुटि सुधार अंतर्गत भू-राजस्व संहित की धारा 115 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाती है।

गणेश स्वरूप में हुआ हटकेश्वर नाथ का श्रृंगार, पहले सोमवार उमड़े भक्त

- ज्वालेश्वर महादेव में बेलपत्र दूध और जल से रुद्राभिषेक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सावन महीने के पहले सोमवार को सुबह से ही शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, जल, दूध चढ़ाकर भगवान की पूजा-अर्चना की। रायपुर-बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा में भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया गया। वहीं रायपुर में बाबा हटकेश्वर नाथ का गणेश स्वरूप में श्रृंगार किया गया है। कबीरधाम जिले में भोरमदेव पदयात्रा निकाली गई। हर-हर महादेव और बोल बम की गूंज से शहर में शिवभक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। इस यात्रा में प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा और क्षेत्रीय विधायक भी शामिल हुए। उन्होंने पंचमुखी बूढ़ा महादेव में पूजा-अर्चना की। गरियाबंद जिले में स्थित स्वयंभू शिवलिंग भगवान भूतेश्वरनाथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बता दें कि भूतेश्वरनाथ की ऊंचाई हर वर्ष बढ़ती ही जा रही है। इसकी ऊंचाई 80 फीट और गोलाई 210 फीट है। भक्तों ने लंबी कतारों में खड़े होकर भगवान भूतेश्वरनाथ महादेव को जल चढ़ाया और मनोकामनाएं मांगी। पूरा वातावरण हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंज उठा, पवित्र सावन माह भगवान शिव की भक्ति और आराधना का खास महीना माना जाता है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित ज्वालेश्वर महादेव मंदिर में सावन के पहले सोमवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात

कांवड़िए नर्मदा उद्गम से जल भरकर 8 किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर ज्वालेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। यहां स्वयंभू शिवलिंग पर नर्मदा जल के साथ बेलपत्र, दूध और दही से अभिषेक किया गया। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और बंगाल से आए श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त से ही पूजा-अर्चना शुरू कर दी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले और छत्तीसगढ़ के गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले की पुलिस को तैनात किया गया है।

सुबह से ही उमड़ने लगी भक्तों की भीड़

राजिम में विश्व प्रसिद्ध बाबा कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर में सावन माह के पहले सोमवार को सुबह 4 बजे से ही भक्तों का बड़ा सैलाब उमड़ा हुआ है। यह मंदिर त्रिवेणी संगम पैरी, सोंढूर और महानदी में स्थित है। मान्यता है कि वन वास काल के समय माता सीता ने अपने हाथों से शिवलिंग का निर्माण किया था।

कोरबा के मंदिरों में सुबह से पहुंचे लोग

कोरबा के SECL शिव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ पहुंचने लगी। साडा कॉलोनी शिव मंदिर में भी कॉलोनी के लोग और आसपास के लोग पूजा करने पहुंचे, जहां शिवलिंग पर जल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया।

12 बच्चे 5 किमी की पैदल यात्रा कर पहुंचे

बलौदाबाजार जिले के पलारी स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार लग गई। श्रद्धालु विशेष पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। 12 बच्चे करीब 5 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर कांवड़ लेकर पहुंचे। उन्होंने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। बच्चे पूरे रास्ते 'बम बम भोले' और 'हर हर महादेव' के जयकारे लगाते रहे।

नवीन विधानसभा परिसर में स्पीकर, सीएम और महंत ने किया पौधारोपण

- एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रदेशभर में हो रहा पौधारोपण

रायपुर/ नवप्रदेश। आज ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान अंतर्गत नवीन विधान सभा परिसर नवा रायपुर में ''पौधारोपण'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस ''पौधारोपण'' कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मान. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय. नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, मान. उप मुख्यमंत्री अरूण साव, मान. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, मंत्रि-परिषद के सदस्य, विधायकों, मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, अमिताभ जैन एवं विधान सभा सचिव दिनेश शर्मा ने नवीन विधानसभा परिसर में ''पौधारोपण'' किया। नवीन विधानसभा परिसर में 'पौधारोपण' अभियान की शुरूआत में विधानसभा अध्यक्ष मान. डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत सभी ने 'गुलमोहर' का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष मान. डॉ. रमन सिंह ने कहा कि-छत्तीसगढ की विधानसभा पूरे देश भर में अपने विशिष्ट कार्यकलापों के लिये जानी जाती है। छत्तीसगढ सरकार की ''एक पेड़ माँ के नाम' योजना के तहत् पूरे प्रदेश भर में 'पौधारोपण' का महाअभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत् विधानसभा परिसर के समीप क्षेत्र को भी हरा-भरा रखने के उद्देश्य से मान. विधायकों द्वारा आज यहां पौधे लगाये गये हैं। उन्हांने कहा कि-वन है तो जल है, और जल है तो जीवन है, इसलिए आज यह आवश्यक है कि पर्यावरण को संतुलित करने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि-आज के इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में सभी विधायकों की भागीदारी रही, यही छत्तीसगढ विधानसभा की विशेषता है, प्रदेश हित में राजनैतिक प्रतिबद्धता से परे जनहित प्रमुख रहता है। मान. विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि-रोपित पौधों की देखभाल नवीन विधानसभा परिसर में नियमित रूप से की जायेगी और हमारा यह प्रयास होगा कि मान. विधायकों द्वारा रोपित पौधे शीघ्र ही वृक्षों का रूप धारण करें एवं विधानसभा परिसर को हरा भरा रखें। इस अवसर पर मान. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि-पूरे प्रदेश में 'पौधारोपण' का महाअभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नवीन विधानसभा परिसर के आसपास को भी हरा-भरा रखने के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा जो पौधे लगाये जा रहे हैं, वे जनप्रतिनिधि अपने द्वारा रोपित पौधों को नवीन विधानसभा में अपने प्रवास के दौरान देख सकेंगे एवं इसकी स्मृतियां उनके मन-मस्तिष्क में हमेशा अंकित रहेंगी।

करबला तालाब में राजेश मूणत ने किया वृक्षारोपण

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 7 के स्वामी आत्मानंद वार्ड क्रमांक 38 के अंतर्गत करबला तालाब चौबे कॉलोनी के पार में एक पेड़ माँ के नाम महाभियान के अंतर्गत नगर निगम उद्यानिकी और पर्यावरण विभाग के तत्त्वावधान में कार्यक्रम हुआ। नगर निगम जोन क्रमांक 7 के सहयोग से रखे गए संक्षिप्त आयोजन में पहुंचकर प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने रायपुर नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़, छत्तीसगढ़ राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के अध्यक्ष भोलाराम साहू,लोक कर्म विभाग के अध्यक्ष दीपक जायसवाल, स्वामी आत्मानंद वार्ड नम्बर 38 के पार्षद आनंद अग्रवाल, ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर के प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे, उपस्थित सभी पदाधिकारियों, नगर निगम जोन 7 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता ईश्वर लाल टावरे ,गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों,आमजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति के मध्य नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक 7 द्वारा स्थल पर एक पेड़ माँ के नाम महाभियान हेतु करवाई गयी गड्ढाँ, फेंसिंग व्यवस्था सहित एक पौधा माँ के नाम रोपित किया।

फैक्ट्री के विरोध में मिली शिकायते, कलेक्टर सौपेंगे ज्ञापन

मशरूम फैक्ट्री में बंधकों से मिले कांग्रेस जन

रायपुर/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने ग्रामीणों के शिकायतों पर अवलोकन किया बंधक बनाये गए मजदूरों की यातनाओं को सुना कांग्रेस पदाधिकारियों ने विज्ञाप्ति जारी कर बताया की कलेक्टर एवं पर्यवरण अधिकारियों को इस पूरे मामले की शिकायत करने का आश्वासन दिया। मोजो मशरूम फैक्ट्री से निकलने वाली बदबू और सार्वजिक जगहों पर डाले जा रहे अपशिष्ट से ग्रामीण परेशान ।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उद्योराम वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीणों की शिकायत सुन फैक्ट्री का मुआवना किया। जारी विज्ञप्ति मोजो मशरूम फैक्ट्री में मजदूरों को बंधक बनाए जाने और उन्हें दी गई यातनाओं के खिलाफ आज दिनांक 12 जुलाई को जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उद्योराम वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने फैक्ट्री का मुआवना कर मजदूरों से चर्चा की।

इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि फैक्ट्री से बहुत ज्यादा बदबू आती है जिससे आसपास के गांव प्रभावित हैं । ग्रामीणों ने फैक्ट्री के द्वारा गांव की सार्वजनिक जगहों पर फेंके जा रहे अपशिष्ट की समस्या से भी अवगत कराया परन्तु फैक्ट्री प्रबंधन ने इस बात को नकारते हुए कहा कि कोई भी अपशिष्ट फेंका नहीं जाता बल्कि पावर प्लांट में सप्लाई किया जाता है। नाराज ग्रामीणों ने प्रतिनिधिमंडल को पीकरीडीह स्थित गौठान भूमि और गांव के सार्वजनिक निस्तार की जगह को दिखाया । मौका मुआवना करने पर प्रतिनिधिमंल को फैक्ट्री द्वारा बड़े पैमाने पर फेंके गए बदबूदार अपशिष्ट मिले जो गैरकानूनी रूप से डंपिंग किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि अपशिष्ट में बड़े पैमाने पर पॉलीथिन भी मौजूद हैं जिसे खासकर गांव की कई गाय मर चुकी है। वहां आसपास रहने वाले लोगों को भी स्वास्थ संबंधी परेशानी हो रही हैं।

फैक्ट्री प्रबंधन की इस गंभीर लापरवाही और इस पर कार्यवाही हेतु सोमवार को जिला कलेक्टर और पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उद्योराम वर्मा , छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन के संयोजक आलोक शुक्ला, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा , भावेश बघेल, पेंड्रावन जलाशय बचाओ किसान संघर्ष समिति के सचिव घनश्याम वर्मा सहित पीकरीडीह, बंगाली सहित आसपास के ग्रामीण मौजूद रहे ।

लापरवाही : 86.32 लाख खर्च करने के बावजूद नहीं मिल रहा घरों में पानी

- अधिकारियों की उदासीनता और ठेकेदारों की लापरवाही से शासन को लग रहा करोड़ों का चूना

राजिम/नवप्रदेश। राजिम के ग्राम पंचायत देवरी में लाखों की लागत से बने पानी टंकी का पानी ग्रामीणों को नसीब नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि करीबन 3 वर्ष पूर्व पानी टंकी का निर्माण किया गया है किंतु पानी टंकी में जगह-जगह लिकेज है। बोर फिट नहीं किया गया है और ना ही वहां पर खोदे गए गड्ढों को पाटा गया है। ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन पानी टंकी का निर्माण कर दिया गया है जिसका खामियाजा समस्त ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।
रेट्रोफिटिंग जल प्रदाय योजना के अंतर्गत पाइप लाइन जोड़ने, बिछाने एवं घरों में नल कनेक्शन देने 86.32 लाख रुपए की लागत से बनने वाली टंकी का कार्यादेश 11 अप्रैल 2022 को ठेकेदार करण ट्रेडर्स को दिया गया था। जिसे 9 माह में पूर्ण करना था। परन्तु ठेकेदार ने उक्त राशि का दुरुपयोग करते हुए गुणवत्ताहीन कार्य किया और उसे भी आधा अधूरा करके छोड़ दिया। जिसके कारण ग्रामीण स्वच्छ जल पाने से वंचित रह गए।

क्या है ग्रामीणों की समस्या

ग्रामीणों ने बताया कि नल जल योजना के तहत घरों घर पाइप लाइन बिछाकर नल फिटिंग करना था किंतु ठेकेदार अपनी मनमानी करते हुए पुराने पाइप लाइन पर कनेक्शन कर दिया है परंतु टंकी अभी भी चालू नहीं किया है ग्रामीण काफी दूरी तय कर पानी लाने को मजबूर है और बारिश के दिनों में कीचड़ से होकर पानी ला रहे हैं ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द इस पानी टंकी को उपयोग में लाने योग्य बनाया जाए।

ग्राम पंचायत की सरपंच सरिता साहू ने कहा ठेकेदार की लापरवाही के कारण नल कनेक्शन का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। उपसरपंच सुरेंद्र साहू ने बताया कि टंकी लिकेज है करके इसको बंद कर दिया था परन्तु आज तक इसे सुधार नहीं गया है। इसके लिए ठेकेदार पूरी तरह से जिम्मेदार है।

क्या है ग्रामीणों की समस्या

क्या कहते हैं अधिकारी
इस संबंध में जब हमारे संवाददाता ने पीएचई के सहायक अभियंता नवीन साहू से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि ठेकेदार कार्य आधा अधूरा छोड़कर चला गया है। उक्त ठेके को निरस्तीकरण हेतु वरिष्ठ कार्यालय को पत्राचार किया जा चुका है। नए ठेकेदार के आने के पश्चात अधूरा कार्य प्रारंभ होगा।

झींगा पालन में नया अध्याय लिख रहा सुकमा

- ग्राम पंचायतों में चयनित तालाबों में होगा झींगा पालन,ग्रामीणों को मिलेगा आजीविका का नया स्रोत

सुकमा/नवप्रदेश। प्राकृतिक संसाधनों और जैव विविधता से समृद्ध छत्तीसगढ़ का सुकमा जिला अब कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति की ओर अग्रसर है। परंपरागत खेती से आगे बढ़ते हुए सुकमा के किसान अब मछली पालन के साथ-साथ झींगा पालन को भी अपनाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से कदम बढ़ा रहे हैं। कृषि विज्ञान केंद्र, सुकमा के सहयोग से जिले के किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे आधुनिक और लाभकारी कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

कलेक्टर के मार्गदर्शन में समन्वित कृषि प्रणाली को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा मछली पालन विशेषज्ञ डॉ. संजय सिंह राठौर एवं मत्स्य विभाग के अधिकारी श्री डी.एल. कश्यप के नेतृत्व में सुकमा विकासखंड की पांच ग्राम पंचायतों कृ भेलवापाल, झापरा, गोंगला, मूर्तोंडा एवं गादीरास कृ के तहत आने वाले 40 तालाबों का गहन निरीक्षण किया गया।

झींगा : पोषण और आमदनी का समृद्ध स्रोत

झींगा एक सर्वाहारी मीठे जल का जलीय जीव है, जो ब्रीडिंग के समय थोड़े खारे पानी की ओर प्रवास करता है। यह प्राकृतिक रूप से जल में मौजूद सूक्ष्म जीवों, कीटों और जैविक अवशेषों का सेवन करता है। झींगा प्रोटीन और आवश्यक वसा का उत्तम स्रोत है। इसके नियमित सेवन से न केवल मस्तिष्क का तीव्र विकास होता है, बल्कि यह हृदय स्वास्थ्य और कुपोषण निवारण में भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होता है।

किसानों को होगा व्यापक लाभ

झींगा पालन से किसानों को पारंपरिक फसलों की तुलना में तीव्र और अधिक आमदनी होने की संभावना है। इसके साथ ही यह स्व रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा, जिससे युवा वर्ग भी खेती से जुड़ने के लिए प्रेरित होगा। उल्लेखनीय है कि यह योजना सुकमा जिले में ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। जिला प्रशासन, कृषि विज्ञान केंद्र और मत्स्य विभाग के संयुक्त प्रयास से सुकमा अब झींगा पालन के क्षेत्र में राज्य का अग्रणी जिला बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

ट्रक से बस टकराई, चालक की मौत

जगदलपुर। जिले के बस्तर थाना क्षेत्र अंतर्गत माजीसा पेट्रोल पंप के पास सोमवार अल सुबह रायपुर से जगदलपुर आ रही मनीष ट्रेवल्स की बस खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में बस चालक सतेंद्र सिंह 35 वर्ष निवासी दुर्ग व महिला हेल्पर पुष्पा 20 वर्ष निवासी बीजापुर की मौत हो गई है।

नवप्रदेश
www.navpradesh.com
सकरी, गनियारी में
दैनिक नवप्रदेश की प्रति प्राप्त करने के लिए संपर्क करें -
रुद्र दत्त तिवारी
88899 69939
7747999724

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com